| 2006-07 | 197077 | 197077 | 44342 | 152735 | 0 | 100 |

### ठहराव का लक्ष्य :-

सर्वशिक्षा अभियान के अर्न्तगत जनपद में वर्ष 2007 तक प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर ठहराव का लक्ष्य रखा गया है। तदनुसार जनपद में प्राथमिक स्तर पर ''६ााला त्यागी '' दर कम करने का लक्ष्य निर्धारित कियागया है।

| वर्ष | प्राथमिक स्तर पर ड्राप आउट की दर |
|---|---|
| 2002-03 | 35.0 |
| 2003-04 | 23.0 |
| 2004-05 | 15.0 |
| 2005-06 | 8.0 |
| 2006-07 | 0 |

+उच्च प्राथमिक स्तर पर ड्राप आउट दर ज्ञात न होने के कारण लक्ष्य नही दर्शाया गया हैं अगले वर्ष ड्राप आउट दर ज्ञात होने पर ड्राप आउट दर कम करने का लक्ष्य कार्य योजना में द६ााया जायेगा। प्रत्येक तीन वर्ष ड्राप आउट पर ज्ञात करने हेतु प्राथमिक तथा उच्च स्तर पर कोहार्ट स्टडी करायी जायेगी।

**सम्प्राप्ति** - जनपद में डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत बेस लाइन सर्वेक्षण कराया गया था । वर्ष 1999 से डी0पी0ई0पी0 लागू होने के कारण अभी तक मध्यावधि मूल्यांकन नही कराया जा सका है । लेकिन सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सामाजिक, क्षेत्रीय तथा जेण्डर सम्बन्धी प्रत्येक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर सम्प्राप्ति हेतु लक्ष्य रखा गया है ।

**सन** 2001 की जनगणना के आधार पर गाववार विस्तृत आकडे प्राप्त नहीं हुए है। **आंकड़ें प्राप्त होने पर** आवश्यकता के अनुसार ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों (यथा वार्ड, टाउन **एरिया, नगर पालिका** एवं नगर महापालिकाओं ) में एवं जनसंख्या वृद्धि के कारण आगामी वर्षो **में प्राथमिक एवं उच्च** प्राथमिक विद्यालयों का प्राविधान वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में किया **जायेगा।**

# अध्याय 5

## समस्याएं एवं रणनीतियाँ

जनपद बहराइच उत्तर प्रदेश के ऐसे जनपदों में है जिसकी नेपाल राष्ट्र से सीमा मिलती है तथा इसके दो सबसे बड़े विकास खण्डों की लगभग 75 कि.मी. सीमा नेपाल राष्ट्र को जोड़ती है। नेपाल की पहाड़ियों से निकलने वाले कई नाले तथा कई बड़ी नदियां जैसे गेसुवा, कौड़ियाला मादा तथा राप्ती जनपद बहराइच से होकर बहती है। इन सभी नदियों में वर्षभर पानी बहता रहता है। लेकिन बरसात के मौसम में जब ये नदियां उग्र रूप धारण करती है तो इस जनपद के विकास खण्ड मिहीपुरवा, नवाबगंज, शिवपुर, बलहा, महसी, फखरपुर, कैसरगंज एवं जरवल की अनेकों बस्तियों का स्थान बदल जाता है। जिससे इस जनपद की शैक्षिक व्यवस्था वृहद रूप से प्रभावित होती है। लगभग 3-4 महीनों सामान्य वर्षा के दिनों में भी इस जनपद की शैक्षिक व्यवस्था अस्त व्यस्त हो जाती है, बाद प्रभावित लोगों के लिए सार्वजनिक भवन जैसे विघालय, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन लोगों की शरणस्थली बन जाते हैं। बाँ ध, बैराज, नहर आदि उपायों के बाद भी जनपद का अधिकांश क्षेत्र बाढ़ की विभीषिका से प्रभावित होता है । इस प्रकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 100 से 120 शिक्षण दिवस प्राकृतिक आपदाओं के कारण निरर्थक हो जाते हैं।

आबादी भी नदी द्वारा होने वाले कटान के कारण बिखरती रहती है । जिससे नये-2 असेवित क्षेत्रों का पुनः सृजन होता रहता है। भौगोलिक दुरूहताएं भी इस जनपद की प्रमुंख कठिनाइयों में से एक है। यह जनपद वनाच्छादित जनपदों में से एक है। इस जनपद का एक बहुत बड़ा भाग 'वन्य जीव अभयारण'' घोषित किया जा चुका है तथा भारत सरकार की सहायता से यहाँ पर प्रोजेक्ट टाइगर चलाया जा रहा है। वन्य क्षेत्र में निवास करने वाली छोटी-छोटी आबादियों के लिए शैक्षिक सुविधा उपलब्ध कराना यहाँ की प्रमुख आवश्यकताओं मे से एक है, क्यों कि आरक्षित क्षेत्र में विघालय भवन का निर्माण नही कराया जा सकता क्यों कि इन क्षेत्रों में स्थानीय निर्माण कार्य प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस जनपद की प्रमुख समस्याएं निम्नवत् हैं। जिनके निराकरण के लिए विशिष्ट रणनीतिया ही कारगर होंगी ।

| समस्यायें | रणनीतियॉ |
|---|---|
| **पहुँच एवं नामांकन** | |
| 1. जनपद के कुछ विकास खण्डों में असेवित क्षेत्रों में विधालयों की अनुपलब्धता। | प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विधालयों की असेवित आबादी में मानक के अनुसार विधालय की स्थापना। |
| 2. नदी, नाले, जंगल तथा खतरनाक जानवरों के कारण विधालयों में बच्चों की पहुँच प्रभावित होना। | विधालयों स्थापना के मानक के परे आबादियों में विधा केन्द्र एवं ज्ञानशाला की स्थापना । |
| 3. बाढ़ आदि दैवीय आपदाओं के कारण छोटी-2 आबादियों के पहुँच में विधालय की अनुपलब्धता। | विधालयों में शिक्षामित्रों की नियुक्ति करके शिक्षकों की कमी पूरी करना । |
| 4. 300 से कम आबादी वाले बस्तियों में शिक्षण सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित न होना। | |
| 5. 800 से अधिक एवं 3 कि.मी. दूरी पर उच्च प्राथमिक विधालयों की सुविधा न उपलब्ध होना। | |
| 6. शिक्षकों की कमी । | |

**धारण**

1. विघालयों मं बच्चों का ठहराव न होना।
2. मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में अधिकांश मुस्लिम बच्चे मकतब/ मदरसों में पढते है। वे समय से पूर्व विघालय छोड़कर चले जाते हैं।
3. बालिकाएं घरेलू कार्यो में सहयोग करती है। अतः समय से पूर्व विघालय छोड़कर चली जाती हैं।
4. जंगल एरिया के पास रहने वाले गरीब परिवारों के बच्चे जलाने वाली लकड़ी काटकर बेचने का कार्य करते है । अतः वे भी विघालय में पूरे समय नही रहते हैं।
5. कक्षा-1 व 2 के बच्चे विघालयों की समयावधि अधिक होने के कारण पूरे समय तक नहीं रुकते अथवा ऊबकर विघालय से चले जाते हैं।

1. अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी।
2. समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विघालयों में शौचालय की स्थापना की जायेगी।
3. बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पाककला, फैशन डिजाइनिंग, नर्तन कला तकनीक, कम्पयूटर शिक्षण की व्यवस्था की जायेगी।
4. विघालयों में छात्र संख्या के अनुपात में अतिरिक्त कक्षा कक्षाओं की व्यवस्था की जायेगी।
5. कक्षा 1 व 2 तथा इससे उच्च कक्षाओं के लिए विघालयों के समय निर्धारण तथा समय सारिणी में सुधार किया जायेगा ।
6. कम शिक्षकों वाले समय सारिणी विशेष प्रकार की बनायी जायेगी।
7. आवश्यकतानुसार विघालयों में चहार दीवारी की व्यवस्था की जायेगी।
8. विघालयों में आवश्यकतानुसार उर्दू शिक्षकों की व्यवस्था सुनिचित की जायेगी।

| | |
|---|---|
| 6. ग्रामीण परिवेश में बालिकाएं अधिक आयु में विघालयों में प्रवेश लेती हैं। शौच आदि की असुविधा के कारण भी विघालयी ठहराव प्रभावित होता है।<br>7. शिक्षकों की कमी व चहार दीवारी न होने के कारण भी शिक्षको की नज़र बचाकर बच्चे विघालयों से चले जाते हैं।<br>8. दूरस्थ विकास खण्डों के 90 प्रतिशत से अधिक विघालय एकल शिक्षकीय है जबकि छात्र संख्या अधिक है जिससे विघालयों में छात्रों का ठहराव प्रभावित हो रहा है।<br>9. अधिकांश प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विघालयों में अंग्रेजी , उर्दू विषय शिक्षक उपलब्ध नही हैं।<br>10. मुस्लिम तथा गरीब बच्चे बालश्रम/ धनार्जन की वृत्तियों में लगे हैं। यह भी ठहराव को प्रभावित करता है।<br>11. विघालयों में शिक्षकों की संख्या के अनुरूप समय सारिणी न होना।<br>12. विघालयों में छात्र संख्या के अनुपात में बैठने की व्यवस्था न होना। | 9. गरीब तथा मुस्लिम बच्चो के लिए रोजगार परक शिक्षण व्यस्था जैसे मोम बत्ती बनाना। लिफाफा बनाना तथा अन्य आवश्यकतानुसार स्थानीय सुविधाओं को देखते हुए कार्यक्रम बनाये जायेगें। |

## गुणवत्ता

1. जनपद के 50 प्रतिशत से अधिक प्राथमिक विद्यालय एक शिक्षकीय हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भी विषय अध्यापकों की कमी है।
2. विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण समय सारिणी के अनुसार शिक्षण व्यवस्था नहीं हो पा रही है।
3. शिक्षकों में टी.एल.एम. बनाने के लिए कौशल की कमी हे जिससे शिक्षण सामग्री का निर्माण व प्रयोग नहीं हो पाता।
4. प्राथमिक स्तर पर कार्यरत लगभग 11 प्रतिशत शिक्षण का स्तर अत्यन्त न्यून है जिससे नवीन पाठयक्रम के अनुसार शिक्षण कार्यप्रभावी नहीं हो पा रहा है।
5. सतत् मूल्यांकन प्रक्रिया प्रभावी नहीं हो पा रही है।
6. विद्यालयों में मानक के अनुसार शिक्षण दिवसों की संख्या कम है। जिससे गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।
7. ब्लैक बोर्ड शिक्षण प्रक्रिया का प्रयोग न किया जाना।

# क्षमता संवर्द्धन

1. ब्लाक तथा न्यायपंचायत स्तर पर डी0 पी0 ई0 पी0 योजना के अन्तर्गत बी0 आर0 सी0 एवं एन0 पी0 आर0 सी0 भवन पूर्ण हो चुके हैं।
2. सूचनाओं के जंजाल के कारण पर्यवेक्षण प्रक्रिया प्रभावी नहीं हो पा रही है।
3. ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के पास संसाधनों का अभाव है।
4. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में स्टाफ की कमी है।
5. परियोजना कार्यालय में स्टाफ की कमी के कारण शैक्षिक विकास कार्यों का प्रभावित होना।
6. समेकित एवं बालिका शिक्षण को प्रभावी बनाने हेतु ब्लाक संसाधन केन्द्र पर विशेष व्यस्था का अभाव
7. ग्राम शिक्षा समितियों का साधनहीन होना।

1. ब्लैकबोर्ड शिक्षण प्रक्रिया को प्रभाव बनाने के लिए एक विशेष पर्यवेक्षण अभियान चलाये जायेंगे। ब्लाव स्तरीय कार्यालय पर दूरभाष ए कम्प्यूटर युक्त किया जायेगा। इ कार्यालयों हेतु आवश्यक मात्रा  कन्टीजेन्स आदि की सुविधा उपलब्ध कराकर केन्द्रों को पूरे समय त कार्य करने के लिए आवश्यकतानुसा मानव संसाधन की व्यवस्था व जायेगी।
2. ब्लाक स्तरीय अधिकारियों व आवश्यकतानुसार पी.ओ.एल. उपलब्ध कराया जायेगा।
3. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों  कार्यों को ब्लाक/न्यायपंचायत स्त तक विकेन्द्रित करके उसक कार्यक्षमता को बढ़ाया जायेगा।
4. जिला परियोजना कार्यालय व सुदृढ़ीकरण कराने हेतु आवश्य संसाधन उपलब्ध कराये जायेंगे जिला परियोजना समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष महोदय से विशे सहयोग प्राप्त करने के लिए जिल परियोजना कार्यालय में ही उनक लिए अतिरिक्त कक्षा केबिन बना  जायेगी जिससे परियोजना  सम्बन्धित कार्यों हेतु उन अधिकारियों से अतिरिक्त समय व उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।
5. ग्राम शिक्षा समितियों के सुदृढ़ीकरण तथा उनके सदस्यों का अधिकाधिक सहयोग प्राप्त करने के लिए उनक द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों के गुणवत्त के आधार पर संचालित करने  लिए विशेष सहायता प्रदान क जायेगी।
6. ब्लाक स्तर पर समेकित एवं बालिक शिक्षण हेतु एक विशेष प्रकोष्ठ बनाया जायेगा जिसका उत्तरदायित्व कि एक सह समन्वयक को दे दिया जायेगा।

# शिक्षा की पहुंच का विस्तार (1)

## प्राथमिक स्तर पर नवीन प्राथमिक विद्यालयों की आवद्दयकता –

जनपद बहराइच के शैक्षिक सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि जनपद में १.५ कि०मी० से दूर ३०० से से अधिक आवादी वाले ग्रामों/बस्तियों की संख्या ३०० है। इन ३०० असेवित बस्तियों में कुल २८५ नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना करके शिक्षा के सार्वजनीकरण लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से पहुँच का विस्तार किया जायेगा । इनमें से १२० नवीन प्राथमिक विद्यालयों के स्थापना जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत की जा चुकी है तथा ६० प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत की जायेगी । जिसमें वर्ष २००३–०४ में ६० विद्यालयों की स्थापना की जा रही है।

उच्च प्राथमिक स्तर पर नवीन विद्यालय :–

सर्व शिक्षा अभियान के मानक के तहत उच्च प्राथमिक स्तर विद्यालयों की आवश्यकता प्रति दो प्राथमिक विद्यालयों पर एक ही उपलब्धता सुनिश्चित करके पूरी की जायेगी । इस तरह पूरे जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालय के सापेक्ष ७३ उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं नगर क्षेत्र में ०१ उच्च प्राथमिक विद्यालयों की आवश्यकता है।इस तरह पूरे जनपद में कक्षा ८ तक की शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कुल ७४ उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापकों का प्रस्ताव किया जा रहा है। इस तरह ७४ के सापेक्ष कुल ३७० शिक्षकों की अतिरिक्त आवश्यकता होगी। जिन्हें २००३–०४ में पूरा कर लिया जायेगा ।

| क्र०सं० | वर्ष | उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना |
|---|---|---|
| १ | २००२–०३ | २१ |
| २ | २००३–०४ | ५३ |

**पेयजल/शौचालय :–**

पूर्व में निर्मित सभी उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों को विभाग द्वारा संतृप्त बना दिया गया है। केवल नवीन स्थापित होने वाले विद्यालय पेयजल सुविधाओं से जोड़ने की आवश्यकता है। परन्तु नवीन स्थापित होने वाले प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को एक ही कैम्पस में स्थापित करके शौचालय की आवश्यकताओं को सीमित किया जा सकता है। अतः नवीन स्थापित होने वाले विद्यालयों को विशेष प्रयास करके प्राथमिक अथवा उच्च प्राथमिक के साथ ही स्थापित किया जायेगा।

<u>निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था एवं पर्यवेक्षण :–</u> इन विद्यालयों का निर्माण पूर्व व्यवस्था के अनुसार ग्राम शिक्षा समितियों के माध्यम से कराया जायेगा तथा उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण

अभियन्त्रण सेवा के अभियन्ताओं के सहयोग किया जायेगा। क्षेत्रीय अधिकारी की गुणवत्ता तथा समय से विद्यालय पूर्ण करने के लिए निरन्तर पर्यवेक्षण करते रहेंगे।

**साज सज्जा** :– सभी प्राथमिक विद्यालयों में आवश्यकतानुसार साज सज्जा उपलब्ध कराई जायेगी जिसमें मुख्यालय से सभी विद्यालयों के लिए आवश्यकतानुसार टाट पट्टी कुर्सी मेज अलमारी, खेलकूद, सामग्री, बाल्टी, कोटा , घण्टा शैक्षिक चार्ट, ग्लोब आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। उच्च प्राथमिक स्तर पर विद्यालयों को साधन सम्पन्न बनाने के लिए विद्यालयों में कुर्सी, मेज, गणित व विज्ञान किट मानचित्र खेलकूद सामग्री हरमोनिमय मजीरा तथा अन्य आवश्यकता नुसार वाद्य उपकरण एवं शैक्षिक उपकरण को उपलब्ध करना सुनिश्चित किया जायेगा।

**विद्यालय की निर्माण लागत कम करने की व्यवस्था** :– निर्माण लागत कम करने के लिए उच्च प्राथमिक तथा प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण एक साथ कराया जायेगा, जिससे शौचालय/पेयजल/चहारदीवारी सुविधाओं को कम करके निर्माण लागत कम की ७ जा सकेगी। निर्माण कार्य जनपद की भौगोलिक कठिनाइयों को दृष्टिगत करते हुए प्रत्येक वर्ष के माह अक्टूबर / नवम्बर से प्रारंभ करके मई जून तक पूर्ण करने का प्रयत्न किया जायेगा जिससे वर्ष काल में बाढ़/जल आदि अवरोधो से बचा जा सके । और आवश्यकतानुसार ईट / बालू आदि की उपलब्ध और दर के कारण विद्यालय निर्माण कार्य प्रभावित न होने पाये।

**विद्यालयों मे शिक्षको की नियुक्ति प्रक्रिया** – प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया दो चरणो पूरी की जाती है। प्रथम चरण में बी० टी० सी० हेतु जनपद स्तर पर एक प्रदेश परीक्षा आयोजित की जाती है इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने तथा चयन सूची में स्थान पाने के उपरान्त सम्बन्धित अभ्यर्थी को दो वर्षीय बी० टी० सी० प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरा करके उसकी परीक्षा उत्तीर्ण करनी पडती है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को जिला स्तरीय चयन समिति के माध्यम से प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त किया जाता है। शिक्षकों का नियुक्त उस जन पद का प्राधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी होता है। चूंकि प्रत्येक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्रशिक्षण क्षमता १०० प्रशिक्षणार्थी है अतः जनपदवार के बजाय प्रति संस्थान कर १०० अभ्यर्थियों का चयन होता है। इससे जनपद श्रावस्ती एवं बहराइच दोनों ही जनपदों को दो वर्ष में १०० स्थान पर ५० शिक्षक प्राप्त हो पाये है। विगत दो वर्षो का प्रशिक्षण प्रभावित होने के कारण प्राप्त होने वाले शिक्षकों की संख्या और भी कम हो गई। इसके अतिरिक्त इस जनपद में शिक्षकों की कमी पूरी करने के लिए बी० एड० /एल० टी० /बी० पी० एड०/ सी० पी० एड०/ आदि की नियुक्ति भी प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के रूप में को जा रही है। उक्त प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को एक विशेष प्रकार का प्रशिक्षण जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कराया जाता है। इसे विशिप्ट बी०टी०सी० /प्रशिक्षण डायट्स तथा इसकी अवधि ३ की होती है। जिसमें एक माह का सैद्धान्तिक प्रशिक्षण डायट्स में तथा २

माह का क्रियात्मक प्रशिक्षण विद्यालयों में कराया जाता है। उसक उपरान्त एक प्रशिक्षण उपरोक्त परीक्षा आयोजित की जाती ळे उक्त परीक्षा उर्तीण करने के उपरान्त प्रशिक्षार्थीयों को विद्यालयो में जिलास्तरीय चयन समिति के माध्यम से नियुक्ति अधिकारी जनपदीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नियुक्त किया जाता है।

## शिक्षार्थियों / स्थानीय शिक्षकों की नियुक्ति :-

शिक्षार्थियों का चयन सम्बन्धित ग्राम पंचायत की शिक्षा समिति द्वारा किया जाता है। जिसके लिए प्रावधानित है कि उसकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं आयु १८ – ३० वय वर्ग है। शिक्षा मित्रों की नियुक्ति हेतु आयु एवं शैक्षिक योग्यता की आयु वर्ग के लिए कोई दूर नहीं है। का नियम ग्राम पंचायत कर आरक्षेय के अनुसार सुनिश्चित किया गया हैं शिक्षा समिति द्वारा चयनित शिक्षको हेतु वित्तीय अनुमोदन जिला स्तर पर गठित जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता वाली चयन समिति द्वारा दिया गया है जिसका आदेश जनपदीय बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्बन्धित शिक्षा समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान / सचिव या प्रधानाध्यापक वरिष्ठतम विद्यालय को भेजा जाता है। शिक्षार्थियों की विद्यालय में नियुक्ति के पूर्व ही उन्हे एक माह का आवासीय प्रशिक्षण किया जाता है तथा नवाचार हेतु न्याय पंचायत स्तर पर प्रत्येक माह में एक दिवसीय अवसर पर प्रशिक्षण उनके पूरे कार्य काल के दौरान किया जाता है।

## उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति :-

प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों में से ही पदोन्नति करके उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी पूरी की जाती है। उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक / विषय अध्यापक पर नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता, विषय के अनुसार स्नातक उत्तीर्ण तथा प्रशिक्षित अध्यापक के रूप में अनुभव होनो आवश्यक है। आर० आ० वर्गवार पदोन्नति में अनुभव में छूट दिये जाने का भी प्राविधान है।

जनपद बहराइच में इस समय १७८२ प्राथमिक विद्यालयों के सापेक्ष मात्र २४०८ अध्यापक कार्यरत हैं । इसी प्रकार उच्च प्राथमिक स्तर से कुल ३२२ विद्यालयों के सापेक्ष मात्र ६५३ अध्यापक हैं ।

उपरोक्त शिक्षकों में से १३६ शिक्षक न्याय पंचायत समन्वयक १४ शिक्षक ब्लाक समन्वयक, १४ शिक्षक सह समन्वयक एवं ६५ शिक्षक टी०ओ०टी० के रूप में कार्यरत है इस तरह डी०पी०ई०पी० कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए २२६ शिक्षक लगाये गये हैं जिसमें प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्तर दोनों के शिक्षक है । सर्व शिक्षा अभियान में १४ अतिरिक्त सह समन्वयकों का पद रिक्त

है उन्हें भी शिक्षकों में से ही बनाया जाना है । इससे इस जनपद में शिक्षकों की अभूतपूर्व कमी आ जायेगी जिससे दूर किया जाना प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से सम्भव नहीं है ।

अतः इस कमी को दूर करने के लिए जनपद की भौगौलिक कठिनाईयॉ/सामाजिक परिवेश /शैक्षिक एवं आर्थिक पिछ्डेपन /बेरोजगारी/जीवनयापन के संसाधनों की कमी का विषलेष्ण करते हुए ग्राम शिक्षक योजना का प्रस्ताव किया जाना समयचीन हो गया है । जिसमें शिक्षा मित्र की चयन प्रक्रिया की दूरूहताओं को कम करके तत्तकाल विद्यालयों में शैक्षिक मानव संसाधन उपलब्ध कराने का विचार प्रस्तावित किया जा रहा है ।

## ग्राम शिक्षक योजना :–

जनपद बहराइच में शिक्षकों की अत्यधिक कमी है । विभिन्न स्तरों पर की गयी बैठकों एवं कार्यशालाओ एवं गोष्ठियों से जो समस्या बिन्दु उभरकर सामने आये हैं उनमें शिक्षक की कमी की समस्या प्रमुख थी उक्त को दृष्टिगत करते हुए तथा जनपद बहराइच के शैक्षिक परिदृश्य के परिपेक्ष्य में ग्राम शिक्षक के चयन की नवीन अवधारणा उत्पन्न हुई । डी०पी०ई०पी० तथा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए "शिक्षा मित्र योजना" प्रस्तावित की गयी है । जिसमें चयन के मानदण्ड के अन्तर्गत ग्राम शिक्षा समिति के स्तर पर चयनित किया जाना था जिसमें आयु, योग्यता क्रमशः १८ . ३० वर्ष तथा इण्टर मीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण है तथा यह भी निर्देशित किया गया था कि ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष/ग्राम प्रधान तथा सचिव/प्रधानाध्यपक के निकट सम्बन्धी इस पद के लिए पात्र नहीं होगें। जिसके कारण समिति के मुख्य सदस्यो की इनके चयन के प्रति रूचि नहीं रही जिससे चयन प्रक्रिया विलम्बित एवं बाधित होती रही तथा विविध प्रकार से विभाग पर भी दबाव तथा मुकद्में होने लगे ।

अनौपचारिक शिक्षा समाप्त होने के उपरान्त इसके अनुदेशक / परिवेक्षक प्रत्येक ग्राम स्तर पर चयनित होने के लिए विभिन्न प्रकार से राजनैतिक दबाव तथा न्यायालीय विवाद उत्पन्न करने लगे । इससे चयन बाधित हुआ और शिक्षा की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले शिक्षकों की पूर्ति नहीं की जा सकी ।

उपरोक्त समस्याओं के परिपेक्ष्य में ग्राम शिक्षक की तैनाती के माध्यम से प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने का नवीनतम् प्रस्ताव की परिकल्पना सर्व शिक्षा अभियान में की गयी । इसके अन्तर्गत आयु चयन वर्ष की एक जूलाई को १८ . ४० के मध्यम तथा न्यूनतम योग्यता इण्टर मीडिएट से कम रखी जाये चयन प्रक्रिया में ग्राम शिक्षा समिति को प्रथक कर सीधे ग्राम पचांयत स्तर के समस्त आवेदन पत्रों को पंजीकृत डाक से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रेषित किया जाये । जिससे मैरिट के आधार पर ग्राम पंचायत स्तरीय सूची बनाकर बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपदीय समिति द्वारा चयनित / अनुमोदित कराये गें । ग्राम पंचायत के सभी पद हेतु उसी ग्राम

पंचायत का निवासी आवेदक के रूप में पात्र होगे । ग्राम पंचायत में अध्यर्थी उपलब्ध न होने पर न्याय पंचायत की सभी ग्राम ग्राम पंचायतों के आवेदन पत्रों से मैरिट बनायी जायेगी । मैरिट हाई स्कूल , इण्टरमीडिएट, बी०ए० परीक्षा के प्राप्तांकों के प्रतिशत के औसत के आधार पर बनायी जायेगी । ग्राम शिक्षक का कार्यकाल जूलाई से मई तक का होगा । उक्त अवधि के लिए अनुबन्धित ग्राम शिक्षक को प्रतिमाह रू० ३ए१५०ू०० रू० मानदेय दिया जायेगा । ग्राम शिक्षको का आरक्षण ग्राम पंचायत के आरक्षण के आधार पर लागू किया जायेगा । इस प्रकार से सर्व शिक्षा अभियान/योजना में शिक्षकों की कमि को समाप्त करने का प्रयास किया जायेगा । प्राथमिक विद्यालयें में शिक्षक छात्र अनुपात के मानक के आधार पर परिषद- द्वारा कम से कम एक शिक्षक विद्यालय में अवश्य रहेगा । इसके बाद आवश्यकतानुसार ग्राम शिक्षाकों की तैनाती की जायेगी ।परिषद के शिक्षकों की संख्या बढ़ने के आधार पर ग्राम शिक्षकों की संख्या घटती जायेगी शिक्षा मित्र योजना में शिक्षक एवं शिक्षा मित्र की तैनाती का अनुपात ३रू२ था जिसे इस योजना में पूर्णतः शिथिल करने का प्रस्ताव किया गया है इस प्रकार शिक्षकों की कमी को दूर कर क्रान्तिकारी परिवर्तन किया जा सकता है ।

# .अध्याय-7
# शिक्षा की पहुँच का विस्तार-2
# शिक्षा गारंटी योजना (EGS)/वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा

भारत सरकार द्वारा वर्तमान में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के वर्तमान स्वरूप को पुनरीक्षित कर इस योजना के स्थान पर शिक्षा गारंटी योजना (EGS) तथा वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा (AIE) योजना के रूप में संचालित किया जा रहा है।

**जनपद का परिचय :-**

जनपद बहराइच का क्षेत्रफल 4343 वर्ग किमी0 इसका छठवां भाग वनो से आच्छादित है इसके उत्तर में लगभग 70 किमी0 सीमा नेपाल राज्य से लगी है। सीमा पर स्थित विकास खण्ड नवाबगंज मुस्लिम बहुल भावादी वाला विकास खण्ड है इसके पूर्व में गोण्डा दक्षिण में बाराबंकी तथा पश्चिम में सीतापुर एवं लखीमपुर जनपद स्थित है। जनपद के तीन विकास खण्ड मिहीपुरवा, नवाबगंज एवं बलहा वनाच्छादित है। इसी जनपद में घाघरा नदी एवं सरयू नदी का स्रोत है जो कि मिहींपुरवा, बलहा, शिवपुर महसी, तजवापुर, फखरपुर कैसरगंज तथा जरवल के विकास खण्डो में बाढ़ के द्वारा तबाही मचाती हैं।

जनपद बहराइच में 4 तहसील तथा 14 विकास खण्ड हैं।

1. बहराइच-चित्तौरा, पयागपुर, विशेश्वरगंज एवं सदर
2. नानपारा-बलहा, शिवपुर रिसिया, नवाबगंज मिहींपुरवा
3. कैसरगंज-कैसरगंज, हुजूरपुर, फखरपुर, जरवल
4. महसी-महसी, तजवापुर

जनपद में कुल 136 न्याय पंचायते हैं जनपद में कुल 901 ग्राम पंचायते है।

| क्रम0स0 | .विकास खण्ड | न्याय पंचायत की सं0 | सक्षरता दर 91) |
|---|---|---|---|
| 1 | .चित्तौरा | 09 | 21.0% |
| 2 | .हुजूरपुर | 10 | 20.2 % |
| 3 | .फखरपुर | 13 | 22.1% |
| 4 | .कैसरगंज | 10 | 24.5% |
| 5 | .जरवल | 10 | 22.9% |
| 6 | .तजवापुर | 09 | 21.8% |
| 7 | .महसी | 09 | 25.2% |
| 8 | .ि ावपुर | 10 | 16.7% |
| 9 | .बलहा | 10 | 18.2% |
| 10 | .नवाबगंज | 08 | 23.4% |
| 11 | .मिहींपुरवा | 10 | 19.8% |
| 12 | .रिसिया | 10 | 21.6% |
| 13 | पयागपुर | 09 | 27.32% |
| 14 | विशेश्वरगंज | 09 | 26.43% |

<u>क्रमशः -2</u>

जनपद बहराइच की साक्षरता दर 2001 के अनुसार)

कुल साक्षरता दर - 35.75 प्रतिशत

पुरूश साक्षरता दर - 46.32 प्रतिशत

महिला साक्षरता दर - 23.27 प्रतिशत

जबकि विकास खण्ड मिहींपुरवा में महिला साक्षरता दर न्यूनतम है इसकी दर 7.5 प्रतिशत

.कुल जनसंख्या - 208578

पुरूश जनसंख्या - 112602

महिला जनसंख्या - 95976

**अनौपचारिक षिक्षा योजना :–** संविधान के अन्तर्गत 6–14 वय वर्ग के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प किया गया है। अतः लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से सरकार ने वर्ष 1979–80 से अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम संचालित किया गया था इसके अन्तर्गत 6–11 आयु वर्ग के ऐसे बच्चे जो विद्यालय नहीं जाते हैं अथवा विद्यालय अधिक दूरी पर है अलावा शाला त्याग देते तथा ऐसी छात्रायें जो रूढ़िवादिता घर में कार्य में सलंग्न होने के कारण अथवा छोटे–छोटे बच्चों की देक्षीााल के कारण विद्यालय नहीं जा पाती है। ऐसे बच्चों के लिए अनौपचारिक केन्द्र खोले गये थे। जनपद बहराइच के 12 विकास खण्डों में कुल 900 केन्द्र संचालित किये गये थे जनपद के 07 विकास खण्डों फखरपुर, कैसरगंज, जरवल, हुजूरपुर महसी, शिवपुर, नवाबगंज में 100–100 केन्द्र संचालित किये गये थे तथा मिहींपुरवा एवं बलहा में संयुक्त रूप से 100 केन्द्र चलाये गये। तथा तीन विकास खण्डों चित्तौरा, तजवापुर एवं रिसिया में परियोजना क्रियान्वित नहीं की गयी। इन केन्द्रों में 24000 बच्चे नामांकित किये गये इसमे से लगभग 18000 बच्चों को कक्षा 5 उत्तीर्ण कराकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा गया था। इन केन्द्रों को 4 घंटे चलाया जाता था इन केन्द्र में द्विवर्षीय पाठ्यक्रम चलाया जाता था। इन दो वर्षो में कक्षा 5 तक पढ़ाई की जाती थी। इस कार्यक्रम में उन विकास खण्डों में बलिकाओं की साक्षरता दर की प्राथमिकता दी गयी है। इस जनपद के महिला साक्षरता दर उ0प्र0 में सबसे कम है। अतः कुल अनौपचारिक केन्द्रों के 30 प्रतिशत केन्द्र (240 केन्द्र) बालिकाओं के लिए खोले गये थे। तथा मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्रों में 10 प्रतिशत (80 केन्द्र) अल्पसंख्यकों के लिए मकतब/मदरसों के लिए आरक्षित किये गये थे। इन केन्द्रों में अनुदेशक रखें जाने थे इनका मानदेय प्रतिमाह 200 रू0 था। इन केन्दों में अनुदेशक रखे जाते थे इनका मानदेय प्रतिमाह 200 रू0 था। कम मानदेय होने के कारण अनुदेशक शिक्षण कार्य में रूचि नहीं लेते थे कारण अनुदेशक शिक्षण कार्य मे रूचि नहीं लेते थे तथा ग्राम शिक्षा समिति द्वारा पर्याप्त सहयोग न मिलने के कारण यह कार्यक्रम असफल हो गया था।

अतः इस कार्यक्रम की कमियों को दूर करते हुए तथा लक्ष्य को पूरा करने के लिय नयी योजनाए संचालित की जा रही है।

**षिक्षा गांरटी योजना :–** अनौपचारिक षिक्षा कार्यक्रम के उपरांत राज्य सरकार षिक्षा गारटीं योजना (Education Gurantee Scheme) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिला प्राथमिक षिक्षा कार्यक्रम अन्तर्गत वर्ष 2000–2001 से 2003–2004 तक 70 विद्या केन्द्र संचालित किये जा रहे है। ये विद्या केन्द्र उस असेवित वस्ती। मजरे में खोजे गये जहां से एक किमी की परिधि में कोई प्रा0 वि0 स्थिति नहीं है। इस प्रकार 14 विकास खण्डों में 70 असेवित वस्ती। मजरे को संतृप्त किया गया है। इन केन्द्रों को विद्या केन्द्रों के नाम से जाना जाता है। ऐसे मजरे जहां कम से कम 30 बच्चे उपलब्ध हो जो किसी भी प्राथमिक विद्यालय में नामाकिंत न हो अथवा ऐसे बच्चे जिन्होंने विद्यालय छोड़ दिया हो ऐसे बच्चों को प्राथमिक शिक्षा की मूल धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में विद्या केन्द्र संचालित किये गये हैं।

| क्रंम सं0 | .विकास खण्ड | ग्राम पंचायत | .विद्यालय |
|---|---|---|---|
| 1 | .चित्तौरा | .लौकना | .पठानन पुरवा |
| 2 | .फखरपुर | .खपरखा | .सादुल्ला पुरवा |
| 3 | .फखरपुर | .नन्दवल | .केसरवा |
| 4 | .फखरपुर | .घर्मापुर | .अहिरनपुरवा |
| 5 | .कैसरगंज | .कन्दैला | .सरकुट्टी |
| 6 | .कैसरगंज | .कुण्डासर | .लोनियन पुरवा |
| 7 | .जरवल | .परसोहर | .बदलूपुरवा |
| 8 | .रेतीहाता | .रेतीहाता | .हाजीपुरवा |
| 9 | .जरवल | .मुस्तफावाद | .धौकलपुरवा |
| 10 | .तजवापुर | .सरपतहा | .हुसैनपुर |
| 11 | .तजवापुर | .नरहगौड़ा | .मेटरिया |
| 12 | .तजवापुर | .उदवापुर | .ललईबाग |
| 13 | .महसी | .पूरे गंगाप्रसाद | .कल्सन पुरवा |
| 14 | .महसी | .वैकुण्ठा | .माधवपुरवा |
| 15 | .महसी | .गदामार कला | .लोधनपुरवा |
| 16 | .शिवपुर | .असवा मो0पुर | .ऋषीनगर |
| 17 | .बलहा | .पतरहिया | .जंगलपुरवा |
| 18 | .बलहा | .गुलरिहा जगतापुर | .चिड़ीमारनपुरवा |
| 19 | .बलहा | .बेलवा भोपतपुर | .भोपतपुर |
| 20 | .मिहींपुरवा | .गोपिया | .लोधनपुरवा |
| 21 | .मिहींपुरवा | .रमपुरवा मटेही | .कोहली थारूपुरवा |
| 22 | .मिहींपुरवा | .सुजौली | .भैसाहीं |
| 23 | .मिहींपुरवा | .कैलाशपुर झूनगांव | .गंगापुर |
| 24 | .नवाबगंज | .दौलतपुर | .साईगांव |
| 25 | .रिसिया | .एलाशापुर अजैया | .किशुनपुर |
| 26 | .रिसिया | .करौदां | .परागीपुरवा |
| 27 | .रिसिया | .भौखारा | .अहिरन पुरवा |

जनपद बहराइच में संचालित मकतब

| क्र0सं0 | .विकास खण्ड | .ग्राम पंचायत |
|---|---|---|
| 1 | .जरवल | .जमापुर चौराहा |
| 2 | .जरवल | .गण्डारा |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | .कैसरगंज | .हिसामपुर |
| 4 | .कैसरगंज | .कन्दैला |
| 5 | .कैसरगंज | .मरौठी |
| 6 | .कैसरगंज | .ऐनी |
| 7 | .बलहा | .नानपारा |
| 8 | .बलहा | .मधुवन |
| 9 | .नवागंज | .बनकुरी |
| 10 | .नवाबगंज | .लक्ष्मनपुर शकंरपुर |
| 11 | .रिसिया | .नरसिंह डीहा |
| 12 | .रिसिया | .बगंला चक |
| 13 | .तजवापुर | .विटगांही |
| 14 | .तजवापुर | .रानीपुरवा |
| 15 | .हुजूरपुर | .ज्ञानपुर खेनपुरवा |
| 16 | .शिवपुर | .झाला कला |

.वर्ष 2001–2002 के शैक्षिक सत्र हेतु जनपद के लिए 26 विद्या केन्द्र तथा 14 मकतब/मदरसों तथा 2002–2003 में 34 विद्याकेन्द्रों एवं 16 मकतब/मदरसों की स्वीकृति प्राप्त हुई थी जिन्हें संचालित किया जा रहा है। विकासखण्ड पयागपुर व विषेष्वरगंज जनपद बहराइच में सम्मिलित होने के कारण 10 विद्या केन्द्र जुड़ गये.। फलस्वरूप कुल 70 विद्याकेन्द्रों का लक्ष्य हो गया। ब्लाक वार सूचना इस प्रकार है।

| विकास खण्ड | drop out rate |
|---|---|
| हुजूरपुर | 61.50 प्रतिशत |
| नवाबगंज | 60.55 प्रतिशत |
| शिवपुर | 60.20 प्रतिशत |
| जरवल | 58.95 प्रतिशत |
| रिसिया | 54.65 प्रतिशत |
| बलहा | 51.05 प्रतिशत |

स्रोत – E.M.I.S. डाटा बहराइच

drop out rate के आधार पर केन्द्र खोले जाने का प्राविधान किया गया जा रहा है। सर्व शिक्षा अभियान में इन विकास खण्डों के **drop out rate** कम करने हेतु विशेष प्राविधान किया जा रहा है। इनमें ब्रिज कोर्स कैम्प तथा **E.G.S. & AIE** केन्द्रों के माध्यम से शिक्षा की मूल धारा से जोड़ा जायेगा साथ जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम अन्तर्गत दो वित्तीय वर्षो में केवल 70 विद्या केन्द्र तथा 30 मकतब/मदरसो की ही स्वीकृत प्राप्त हो पायी है। जबकि आवश्यकता अधिक है अतः लक्ष्यों को संप्राप्ति हेतु शेष लक्ष्य सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत रखे गये हैं।

जनपद में माइक्रोप्लानिंग के आधार पर स्कूल न जाने वाले अथवा शाला त्यागी **(drop out )** बच्चों को शिक्षा गारन्टी योजना, वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा योजना आवासीय ब्रिज कोर्स कैम्प। ग्रीष्म कालीन शिविर, गैर आवासीय शिविरों, बालिका केन्द्र, शिशु केन्द्र, मकतब, मदरसों तथा स्वंय सेवी संस्था **(N.G.O.)** जो शिक्षा के क्षे में अग्रणी हो तथा ऐसे **N.G.O.** जो कार्य के प्रति ईमानदार तथा सामंजस्य सीपित करके लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग स्थापित करें के द्वारा नामांकन तथा **drop out rate** कम करने का प्रयास प्राइमरी स्तर के प्रत्येक बच्चे को मुख्य धारा में लाने के लिए दृढ़ संकल्प व्यक्त करतें हैं। जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम अर्न्तगत अधिकतम लक्ष्य पूरा किया जायेगा। शेष लक्ष्य सर्व शिक्षा अभियान में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा हैं।

जनपद–बहराइच में सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत विकास खण्ड वार **(E.G.S./A.I.E.)** तथा <u>मकतब/मदरसों</u> के लक्ष्य

| क्र0सं0 | विकास खण्ड | E.G.S. | A.I.E. | Dropout 6-11 B | Dropout 6-11 G |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चित्तौरा | 15 | 05 | 3581 | 3410 |
| 2. | हुजूरपुर | 18 | 20 | 2749 | 2629 |
| 3. | फखरपुर | 23 | 20 | 1590 | 1403 |
| 4. | कैसरगंज | 28 | 39 | 2424 | 2371 |
| 5. | जरवल | 36 | 36 | 2416 | 2174 |
| 6. | तजवापुर | 21 | 24 | 3490 | 3080 |
| 7. | महसी | 11 | 07 | 3950 | 2906 |
| 8. | श्शवपुर | 18 | 14 | 5583 | 4646 |
| 9. | बलहा | 29 | 32 | 3328 | 3085 |
| 10. | नवाबगंज | 35 | 30 | 1629 | 1428 |
| 11. | मिहींपुरवा | 29 | 15 | 6575 | 6405 |
| 12. | रिसिया | 29 | 28 | 2638 | 3483 |
| 13. | नगर क्षेत्र | 10 | 10 | 1021 | 960 |
| 14. | पयागपुर | 13 | 03 | 2475 | 2495 |
| 15. | विशेश्वरगंज | 10 | 02 | 483 | 604 |
| सर्वयोग | | 325 | 285 | | |

वर्ष 2004-2005 (E.G.S./A.I.E.) 180/140

वर्ष 2005-2006 (E.G.S./A.I.E.) 90/75

वर्ष 2006-2007 (E.G.S./A.I.E.) 55/70

विशेष परिस्थितियों, आवष्यकताओं एवं सरकारी निर्देशों के कारण लक्ष्यों के स्थान अथवा संख्या में बदलाव किया जा सकता हैं।

इन केन्द्रो के सीान पर नवीन प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत हो जाने तथा मकतब/मदरसों में बेसिक शिक्षा पिरषद से वित्त विहीन/वित्तीय मान्यता प्राप्त हो जाने के अपरान्त केन्द्र/मकतब स्वतः समाप्त हो जायेगें। इन बच्चों को इन प्राथमिक विद्यालय में नामांकित कराकर मुख्य धारा में जोड़ दिया जायेगा।जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम में आवासीय कैंम्प/गैर आवासीय कैम्पस का नियोजन के उपरान्त स्वीकृत नहीं हो सकता हैं अतः इन कैम्पस को सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत नियोजन किया जा रहा हैं जिसका ब्यौरा निम्नवत् हैं। जनपद बहराइच में आवासीय/गैर आवासीय ब्रिक कोर्स, **(N.G.O.)** द्वारा प्रस्तावित ग्रीष्मकालीन कैम्पसं

| क्र0सं0 | विकास खण्ड | आवासीय | गैर आवासीय | Dropout 11-14 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | B | G |
| 1. | चित्तौरा | - | 02 | 1420 | 1159 |
| 2. | हुजूरपुर | - | 06 | 1129 | 1109 |
| 3. | फखरपुर | - | 03 | 752 | 689 |
| 4. | कैसरगंज | - | 03 | 935 | 1140 |
| 5. | जरवल | 01 | 04 | 1415 | 1063 |
| 6. | तजवापुर | - | - | 1479 | 1199 |
| 7. | महसी | 02 | 06 | 1405 | 1182 |
| 8. | शिवपुर | 04 | 08 | 1765 | 1326 |
| 9. | बलहा | 03 | 06 | 1783 | 1305 |
| 10. | नवाबगंज | 02 | 06 | 886 | 687 |
| 11. | मिहींपुरवा | 01 | 05 | 3150 | 3082 |
| 12. | रिसिया | 09 | 04 | 1001 | 935 |
| 13. | नगर क्षेत्र | 02 | 04 | 594 | 571 |
| 14 | पयागपुर | 01 | 03 | 1223 | 1228 |
| 15. | थ्वशेश्वरगंजं | 01 | | 343 | 397 |

*सर्वयोग*

*वर्ष* 2004-2005 *में* *आवासीय ब्रिजकोर्स* 10 *गैर आवासीय* 30

*वर्ष* 2005-2006 *में* *आवासीय ब्रिजकोर्स* 6 *गैर आवासीय* 20

*वर्ष* 2006-2007 *में* *आवासीय ब्रिजकोर्स* 4 *गैर आवासीय* 10

*गैर आवासीय/आवासीय कैम्प* N.G.O./

बेसिंक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा संचालित किया जाना प्रस्तावित हैं। ये कैम्पस उन विकास खण्डों में प्रस्तावित हैं जहां घाघरा, सरयू नदी के कटान के कारण अधिकांश आबादी कुछ समय के लिए विस्थापित हो जाते हैं।

अपर प्राइमरी स्तर में विकास खण्डवार A.I.E. केन्द्र खोले जाने प्रस्तावित हैं। प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम अन्तर्गत प्राइमरी स्तर तक केन्द्र खोले जाने का प्राविधान था अतः अपर प्राइमरी स्तर पर कुछ केन्द्र सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत खोले जाने के लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं।

<u>जनपद बहराइच में अपर प्राइमरी स्तर पर खोले जाने वाले विकास खण्डवार लक्ष्य :-</u>

| क्र0सं0 | विकास खण्ड | (A.I.E.) |
|---|---|---|
| 1. | चित्तौरा | 11 |
| 2. | हुजूरपुर | 18 |
| 3. | फखरपुर | 29 |
| 4. | कैसरगंज | 23 |
| 5. | जरवल | 23 |
| 6. | तजवापुर | 24 |
| 7. | महसी | 21 |
| 8. | शिवपुर | 30 |
| 9. | बलहा | 30 |
| 10. | नवाबगंज | 32 |
| 11. | मिहींपुरवा | 30 |
| 12. | रिसिया | 27 |
| 13. | नगर क्षेत्र | 06 |
| 14. | पयागपुर | 08 |
| 15. | विशेश्वरगंज | 12 |
| सर्वयोग | | 322 |

वर्ष 2003-2004 में 28 केन्द्र खोला जाना प्रस्तावित हैं।

वर्ष 2004-2005 में 150 केन्द्र खोला जाना प्रस्तावित हैं।

वर्ष 2005-2006 में 80 केन्द्र खोला जाना प्रस्तावित हैं।

वर्ष 2006-2007 में 62 केन्द्र खोला जाना प्रस्तावित हैं।

अपर प्राइमरी केन्द्र के स्थान पर उच्च प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत होने के उपरान्त स्वतः समाप्त हो जायेगें। तथा इन केन्द्रो के छात्र छात्रों को उच्च प्राथमिक विद्यालय में नामांकित करा दिया जायेगा।

<u>बालिकाओं हेतु विशेष केन्द्र :–</u> ऐसे <u>बस्ती/मजरा</u> या ग्राम जहां पर बालिकाओं की **Drop out rate** सार्वाधिक हैं तथा अशिक्षा के कारण रूढ़िवादी परम्परा के कारण अभिभावक छात्राओं को विद्यालय नहीं भेजते हैं। अथवा उच्च प्राथमिक विद्यालय अधिक दूरी पर स्थित होने के कारण असुरक्षा के कारण विद्यालय नहीं भेजेत हैं उन सीनों पर केवल बालिकाओं हेतु महिला ज्ञानशाला केन्द्र खोले जाने का प्रयास किया जा रहा हैं इस केन्द्र में अनुदेशिका (महिला) का चयन किया जायो तथा छात्रों का नामांकन नहीं किया जायेगा। चूंकि जनपद बहराइच में अधिकांश परिवारों से बातचीत के दौरान यह बिन्दु उभरकर आया कि लड़की सयानी हो गयी हैं अतः लड़को के साथ नहीं पढ़ायेगें। उदाहरण के तौर पर विकास खण्ड फखरपुर जो किक लखनऊ रोड पर स्थित हैं के गांव बिदौरा की 6–9 आयु वर्ग की छात्रायें निरक्षर हैं उनके अभिभावकों द्वारा सम्पर्क के उपरान्त बताया लड़किया बड़ी होने के कारण स्कूल नहीं भेजेत हैं अतः बालिकाओं की शिक्षा हेतु विशेष प्रयास की जरूरत हैं। साथ ही जनपद बहराइच की महिला साक्षरता दर सबसे कम हैं।

<u>विकलांग केन्द्र :–</u> ऐसे छात्र–छात्रायें जो मानसिक, शारीरिक तौर पर विकलांग हैं तथा इनको अधिकतम आयु 18 वर्ष हैं शिक्षा की मूल धारा से जोड़ने का लक्ष्य हैं। 9–14 वय वर्ग के अतिरिक्त 9–18 वय वर्ग के छात्र छात्राओं की सुविधा के अनुसार विशेष केन्द्र खोले जायेगें। इनके अनुदेशकों का विशेष प्रशिक्षण देकर इन केन्द्रो को संचालित किया जायेगा तथा समेकित शिक्षा के समन्वित प्रयास से छात्रों को उपकरण भी दिलाये जायेगे।

<u>तकनीकि एवं रोजगार परक केन्द्र :–</u> कुछ ऐसे केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव किया गया है जियमें 9–14 वय वर्ग के छात्रायें अधिक आयु के फलस्वरूप झेप/मनोवैज्ञानिक दबाव के कारण <u>प्राथमिक/उच्च</u> प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं इनको <u>प्राथमिक/उच्च</u> प्राथमिक शिक्षा के साथ–साथ स्थानीय मांग के अनुरूप कौशल विकास हेतु <u>शिल्प/कलात्मक</u> शिक्षा (सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, संगीत, डलिया बनाना, मोमबत्ती बनाना, कालीन बुनना आदि) प्रदान करने की व्यवस्था का प्रस्ताव हेतु तथा अन्य शिल्प/कौशल विकास हेतु आमन्त्रित किये जायेगें।

जनपद बहराइच में विकास खण्डों का स्थानीय परिवेश के आधार पर सामान्य परिचय एवं लक्ष्य प्राइमरी एवं उच्च प्राइमरी स्तर पर केन्द्रो के लक्ष्य–

विकास खण्ड–चित्तौरा यह विकास खण्ड जनपद मुख्यालय से लगा होने के कारण विकसित हैं इस विकास खण्ड में सबसे अधिक विद्यालय के साथ–साथ सर्वाधिक अध्यापक हैं। इस विकास खण्ड में 8 न्याय पंचायत हैं इस विकास खण्ड के एक मात्र ग्राम पंचायत लौकना में कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं हैं। अतः यहां एक विद्या केन्द्र संचालित हैं। इसके अतिरिक्त 02 अन्य विद्या केन्द्र संचालित हैं। डी0पी0ई0पी0 के अतिरिक्त यहां 15 विद्या केन्द्र प्रस्तावित हैं तथा 05 मकतब प्रस्तावित हैं। जनपद के आस–पास ईट भट्टे के कारखाने हैं अतः अधिकांश परिवारों के साथ इनके बच्चें भी इसमें कार्यरत् हैं अतः इन बच्चों के लिए 4 माह अवधि के 02 गैर आवासीय शिविर चलाने का लक्ष्य हैं जिन्हें जागरूक करने के उपरान्त प्राथमिक विद्यालय में नामांकित कर दिया जायेगा।

<u>विकास खण्ड–हुजूरपुर :–</u> इस विकास खण्ड का एक सिरा मुख्यालय के पास हैं। इस विकास खण्ड में 10 न्याय पंचायत हैं। इस विकास खण्ड में सवर्ण जातियों में क्षत्रियों की संख्या अधिक हैं

इनमें रूढ़िवादिता के कारण बच्चियों को विद्यालय नहीं भेजते हैं। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम अर्न्तगत E.M.I.S. डाटा के आधार पर जनपद में सबसे अधिक Drop Out rate 61.50 प्रतिशत हैं।रिकार्ड किया गया हैं साथ ही साक्षरता दर (91) के आधार पर 20.2 प्रतिशत हैं इस विकास में मात्र 3 विद्या केन्द्र संचालित हैं। परन्तु वर्तमान में सबसे अधिक जोर दिया जायेगा तथा Drop Out rate कम करने के प्रयासों तहत इस विकास खण्ड में 18 (E.G.S./A.I.E.) तथा 20 मकतब/मदरसे प्रस्तावित किये गये हैं जबकि अपर प्राइमरी स्तर पर सबसे अधिक केन्द्र प्रस्तावित है इनमें बालिकाओं के लिए विशेष केन्द्र खोल जायेगें। इस विकास खण्ड में 4 गैर आवासीय शिविर भी प्रस्तावित हैं।

विकास खण्ड फखरपुर :– इस विकास खण्ड में सबसे अधिक 13 न्याय पंचायतें हैं साक्षरता की दृष्टि से इसकी साक्षरता दर (91 जनगणना के आधार पर) 22.1 प्रतिशात हैं यह लखनऊ बहराइच मुख्य सड़क पर स्थित हैं। इसका कुिछ भाग डूब क्षेत्र में आता हैं अतः उस पिछड़ें क्षेत्र के बच्चों के लिए विशेष प्रयास करके लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता हैं। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत 03 विद्या केन्द्र संचालित हैं। अधिकांश लक्ष्य को S.S.A. से पूरा किया जायेगा शेष लक्ष्य के लिए सर्व शिक्षा अभियान में 23 (E.G.S./A.I.E.) तथा 20 मकतब प्रस्तावित किये गये हैं तथा बाढ़ प्रभावित हैं। अपर प्राइमरी स्तर पर भी कुछ केन्द्र खाले जाने का प्रस्ताव किया गया हैं। अपर प्राइमरी स्तर पर बालिकाओं के लिए अलग से केन्द्रें खोल जायेगें।

विकास खण्ड–कैसरगंज :– इस विकास खण्ड में 10 न्याय पंचायत हैं। यह मुस्लिम आबादी वाला विकास खण्ड हैं इस विकास खण्ड की साक्षरता दर (91 के आधार पर ) 24.5 प्रतिशत हैं। अस विकास खण्ड में मुस्लिम आबादी वाले ग्रामों/क्षेत्रों में दीनी तालीम/धार्मिक शिक्षा हेतु बहुतायत मकतब चल रहें हैं। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत अधिकांश मकतबों को सुदृढ़ीकरण हेतु चुना जायेगा वर्तमान में इस विकास खण्ड में 03 विद्या केन्द्र तथा 04 मकतब सुचालित हैं। मुस्लिम धर्म के लोग बालिकाओं को पर्दा प्रथा के कारण विद्यालयों में नामांकित नहीं करातें हैं। इन बालिकाओं को दीनी तालीम पर विशेष ध्यान दिया जाता हैं अतः दीनी तालीम के अलावा इन छात्र–छात्राओं को औपचारिक शिक्षा से जोड़ने के लक्ष्य को ध्यान में रखतें हुए 28 (E.G.S./A.I.E.) तथा 39 मकतब मदरसों का प्रस्ताव किया जा रहा हैं। साथ ही घाघरा नदी के कारण इसका कुछ क्षेत्र प्रभावित होता हैं इस क्षेत्र में 3 गैर आवासीय शिविर भी प्रस्तावित हैं।

अपर प्राइमरी स्तर पर इस क्षेत्र में अधिक ध्यानाकृष्ट की आवश्यकता परिलक्षित होती हैं क्योंकि 9–14 वय वर्ग के छात्रायें विद्यालय में नहीं जाती हैं। क्योंकि विद्यालय अधिक दूर स्थित हैं। अतः इस विकास खण्ड में बालिकाओं के लिए अलग से केन्द्र तथा उच्च स्तर पर मकतबों पर जोर दिया जा रहा हैं।

विकास खण्ड–जरवल :– इस विकास खण्ड की एक सीमा जनपद गोण्डा, दूसरा घाघरा नदी तथा एक ओर बाराबंकी से जुड़ा हैं। इस विकास खण्ड में 10 न्याय पंचायतें हैं इसकी साक्षरता दर (91 के आधार पर) 22.9 प्रतिशत हैं। यह मुख्यालय के अन्तिम छोर पर हैं। यह विकास खण्ड भी मुस्लिम बहुल आबादी वाला क्षेत्र हैं। ग्राम पंचायत हरचंद तथा गण्डारा सबसे विशाल मुस्लिम वाली ग्राम पंचायते हैं। कुछ क्षेत्र अनुसूचित जाति बहुल भी हैं। कुछ जातियों चूहें पकड़ने का काम करती हैं। उन परिवारों

के बच्चें भी चूहें पकड़तें हैं ये परिवार इसी कार्य से धनोपार्जन करतें हैं। इन जातियों के बच्चों को इन केन्द्रों के माध्यम से शिक्षा की मूल धारा से जोड़ने का प्रयास हैं। अधिकांश बच्चें (छात्र+छात्रायें) मकतबों मे दीनी तालीम ग्रहण करतें हैं। 9–14 वय वर्ग की अधिकतर छात्रायें दिन में मकतबों में धार्मिक शिक्षा लेती हैं। ई0एम0आई0एस0 आकंड़ो से निष्कर्श निकला कि इस विकास खण्ड का Dopt out rate जनपद में तीसरे स्थान पर 58.95 प्रतिशत हैं। अतः नामांकन तथा Dopt out rate कम करने के लिए वर्तमान में 3 विद्या केन्द्र तथा 02 मकतब संचालित हैं। वर्तमान सत्र में 02 विद्या केन्द्र तथा 01 मकतब प्रस्तावित जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम में कम लक्ष्य की स्वीकृति के कारण सर्व शिक्षा अभियान में 36 (E.G.S./A.I.E.) तथा 36 मकतब प्रस्तावित किये जा रहें हैं बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 4 गैर आवासीय तथा 1 आवासीय कैम्प भी प्रस्तावित हैं। इस विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जरवल कस्बा में एक सहकारी चीनी मिल सीापित हैं। इन चीनी मिलों में पेराई सत्र में अधिकांश श्रमिक अपने परिवार सहित 4–5 माह के लिए आतें हैं अतः इन बच्चों को शिक्षा से जोड़े रहनें के लिए ही 1 अवासीय शिवर कैम्प प्रस्तावित किया गया हैं।

अपर प्राइमरी स्तर के लिए इस विकास खण्ड में ज्ञानशाला प्रस्तावित किये गये हैं। इस विकास खण्ड में ग्राम अधिक दूर–दूर होने के कारण अधिकांश बच्चें अपर प्राइमरी स्तर पर विद्यालय छोड़ देते हैं। अतः यहां भी केन्द्र खोले जाने प्रस्तावित हैं।

विकास खण्ड–तजवापुर :– यह विकासखण्ड मुख्यालय की सीमा से लगा होने के कारण अध्यापक हैं इस विकास खण्ड में 9 न्याय पंचायत हैं। इसकी साक्षरता (91 के आधार पर) दर 21.8 प्रतिशत हैं। इसका कुछ क्षेत्र में मुस्लिम आबादी निवास करती हैं वर्तमान में इस विकास खण्ड में 06 विद्या केन्द्र संचालित हैं। तथा 05 मकतब भी चल रहें हैं। वर्तमान क्षेत्र में 02 विद्या केन्द्र तथा 01 मकतब स्वीकृत हैं। अतः शेष लक्ष्य को सर्व शिक्षा अभियान में प्रस्तावित किया गया हैं। 21 (E.G.E./A.,I.E.) तथा मकतबों तथा 1 गैर अवासीय कैम्पस प्रस्तावित किया गया हैं।

अपर प्राइमरी स्तर पर भी कुछ केन्द्र प्रस्तावित किये जा रहें हैं।

विकास खण्ड–महसी :– इस विकास खण्ड में 09 न्याय पंचायते हैं। इनकी साक्षरता दर (91 के आधार पर) जनपद की सर्वाधिक 25.2 प्रतिशत हैं। यह विकास खण्ड घाघरा नदी से प्रभावित हैं। अतः 4 माह के लिए अधिकांश परिवार विस्थापित हो जातें हैं आर्थिक विपन्ना के कारण बच्चे बाल श्रमिक बन जातें हैं। अधिकांश परिवार के मुखिया अपना घर छोड़ देते हैं। अतः कुछ वापस आकर जीवन यापन करने वापस आ जातें हैं। अतः इन विस्थापित परिवारों के बच्चों के लिए आवासीय तथा गैर आवासीय कैम्पस के माध्यम से शिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया हैं। वर्तमान में इस विकास खण्ड में 03 विद्या केन्द्र संचालित हैं तथा वर्तमान वर्ष में 02 विद्या केन्द्र प्रस्तावित हैं। केवल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 11 विद्या केन्द्र/वैकल्पिक एवं नवाचार केन्द्र तथा 07 मकतब प्रस्तावित हैं। तथा बाड प्रभावित क्षेत्रों में 02 आवासीय तथा 06 गैर आवासीय केन्द्र प्रस्तावित हैं।

अपर प्राइमरी स्तर पर भी कुछ केन्द्र खोला जाना प्रस्तावित हैं जिला प्रथमिक शिक्षा कार्यक्रम केवल प्राथमिक स्तर तक क्रियान्वित किया जा रहा हैं अतः 15 केन्द्र प्रस्तावित किये जा रहें हैं।

विकास खण्ड–शिवपुर :– इस विकास खण्ड की साक्षरता दर जनपद में सबसे कम 16.71 (91 के आधार पर) हैं तथा यह विकास खण्ड घाघरा तथा सरयू नदी के कटान के कारण प्रत्येक वर्ष हजारों एकड़ फसल तथा कई हजार परिवार विस्थापित हो जातें हैं। बाढ़ की विभाषिका के कारण शिक्षा के क्षेत्र में सर्वाधिक पिछड़ा क्षेत्र हैं। क्तवच व्नज तंजम उ0प्र0 में 30 वें सीन पर हैं। यहां पर Drop Out rate 60.20 जनपद में तीसरा हैं। यह केवल बाढ़ के कारण हैं। परिस्थितियों के अनुसार यहां शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य को तथा Drop out rate कम करने के लिए आवासीय तथा गैर आवासीय कैम्पस सर्वाधिक उपयुक्त हैं। वर्तमान में 04 विद्या केन्द्र तथा 03 मकतब संचालित हैं। तथा 02 विद्या केन्द्र एवं 01 मकतब खोला जा रहा हैं। शेष लक्ष्य को सर्वशिक्षा अभियान के अर्न्तगत 42 विद्या केन्द्र/बैकल्पिक एवं नवाचार केन्द्र तथा 14 मकतब प्रस्तावित किये गये हैं तथा 4 आवासीय एवं 8 गैर आवासीय केन्द्र प्रस्तावित किये गये हैं।

अपर प्रामइरी स्रत पर भी ज्ञान केन्द्र खोल जाने का प्रस्ताव है अपर प्राइमरी स्तर पर कुछ कैम्पस आयोजित किये जानें हैं अतः 28 केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव किया जा रहा हैं।

विकास खण्ड–बलहा :– इस विकास खण्ड में 10 न्याय पंचायत हैं। इस विकास खण्ड की साक्षरता दर (91 के आधार पर) 18.2 प्रतिशत हैं। जो जनपद में एक स्थान पर ऊपर हैं। ये विकास जंगलों, वनों एवं नदियों से आच्छादित है। इन वनों में जंगली जानवर भी निवास करतें हैं बाढ़ आने के कारण कुछ भाग में आवागमन रूक जाता हैं। तथा अधिकांष परिवार विस्थापित हो जाता हैं। इस विकास खण्ड की Drop out rate जनपद में 5वें स्थान पर 51.05 प्रतिशत हैं अतः असेंवित बस्तियों एवं मजरे को संतृप्त करने के लिए केन्द्र लक्ष्य प्राप्त करने में सहायक सिद्व होगें यह विकास खण्ड मुस्लिम आबादी वाला क्षेत्र हैं अतः अधिकांश बच्चें धार्मिक कट्टरता के कारण विद्यालय न जाकर दीनी तालीम देने वाले मकतबों में जातें हैं। अभी तक इस विकास खण्ड में 06 विद्या केन्द्र तथा 04 मकतब संचालित हैं। इस वित्तीय वर्ष में 02 विद्या केन्द्र तथा 02 मकतब खोल जा रहें हैं। शेष बचें लक्ष्य को सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत 29 (E.G.S./A.I.E.) केन्द्र तथा 32 मकतबों को प्रस्तावित किया हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 03 आवासीय तथा 06 गैर आवासीय केन्द्र प्रस्तावित किये गये हैं।

अपर प्राइमरी स्तर पर इस विकास खण्ड में वर्तमान में बहुत कम 12 विद्यालय हैं। जबकि यह बहुत अधिक क्षेत्रफल में फेला हुआ हैं। विद्यालयों की कमी के कारण अधिकांश 9–14 वय वर्ग के बच्चें विद्यालय में नहीं जातें हैं। अतः इस कमी को पूरा करने के लिए 32 ज्ञानकेन्द्र प्रस्तावित किये गये हैं। साथ ही बालिकाओं के लिए विशेष केन्द्र खोले जायेगें। मुस्लिम बहुल आबादी के लिए विशेषकर अल्पसंख्यक बालिका केन्द्र खोल जायेगं। इनमें अनुदेशिका अल्पसंख्यक वर्ग की होगी।

विकास खण्ड–नवाबगंज :– यह विकास खण्ड नेपाल राष्ट्र की सीमा से लगा हैं। नेपाल सीमा में वनों से आच्छादित क्षेत्र होने के कारण अधिकांश जनता तसकरी में लिपत रहतें हैं तथा कुछ निर्धन परिवार लकड़ी काटकर अपनी जीविका चलातें हैं। इस विकास खण्ड में अधिकांश आबादी अल्पसंख्यक समुदाय की होनें के कारण शिक्षा से दूर हैं। साथ ही नेपाल सीमा के आसपास सैकड़ों मकतब/मदरसें चल रहें हैं इन मकतबों में केवल दीनी तालीम दी जाती हैं। तथा कटटरवादी परम्परा को भी जन्म दिया जा रहा हैं। इन अधिकांश परिवारों के बच्चों को शिक्षा की मूल धारा से जोड़ने के लिए विद्या केन्द्र

संचालित किये जा रहें हैं इस विकास खण्ड की न्याय पंचायत जमदान तथा रामनगर सेमरा का अधिकांश क्षेत्र जंगलों से आच्छादित होने के कारण अविकसित हैं। साथ ही दुर्गम, कटीलें, वनों के कारण मुख्य सड़क से विरत होने के कारण लोगो का ध्यान नहीं जाता हैं। अतः इस न्याय पंचायत में विशेष ध्यान आकष्ट किया जा रहा हैं। इस विकास खण्ड में 06 विद्या केन्द्र तथा 04 मकतब/मदरसें संचालित हैं तथा 02 विद्या केन्द्र तथा 01 मकतब खोला जा रहा हैं। सर्व शिक्षा अभियान में 35 (विद्या केन्द्र) वैकल्पिक एवं नवाचार केन्द्र) तथा 30 मकतब प्रस्तावित हैं। साथ ही वन क्षेत्र में 2 आवासीय तथा 06 गैर आवासीय केन्द्र प्रस्तावित हैं। जो कि जमदान न्याय पंचायत के लिए प्रस्तावित हैं।

अपर प्राइमरी स्तर पर वन क्षेत्र होने के कारण उच्च प्रा0वि0 दूरस्थ क्षेत्र में हैं। इस विकास खण्ड में मात्र 15 उ0प्र0वि0 संचालित हैं अतः Drop out rate की दर जनपद में दूसरे सीान पर 60.55 प्रतिशत हैं। अतः Drop out rate कम करने तथा सार्वजनीकरण के लक्ष्य हेतु 34 अपर प्राइमरी स्तर के केन्द्र प्रस्तावित हैं।

विकास खण्ड–मिहींपुरवा :– यह विकास खण्ड जनपद मुख्यालय से दूरस्थ विकास खण्ड हैं। जनपद मुख्यालय से दूरी 60 किमी0 से प्रारम्भ होकर 115 कि0मी0 तक पूरब में स्थित हैं। यह विकास खण्ड वनोंजंगलो नदियों, नहरों नालों से पूर्णतया आच्छादित हैं इसकी सीमा नेपाल राज्य सटी हैं। एक सिरा सीतापुर एवं लखीमपुर जनपद से मिला हैं घाघरा नदी का उद्‌गम स्थान इसी विकास ख़ण्ड में स्थित हैं। इस विकास में 10 न्याय पंचायत हैं इनमें से आम्बा, कारीकोट लौकाही तथा सेमरी घटही में अनुसूचित जाति बाहुल्य न्याय पंचायत हैं। इन न्याय पंचायतों को शैक्षिक दृष्टि से विशेष प्रयास करने की आवश्यकता हैं। यहॉ 125 प्रा0वि0 के अनुपात में 135 अध्यापक कार्यरत हैं। इस विकास खण्ड में स्थानीय अध्यापकों के साथ न्याय पंचायतों में स्थित केन्द्रों के लिए अनुसूचित जाति का अनुदेशक या अनुदेशिका होनी चाहिए जबकि शासनादेश के अनुसार अनुदेशक का चयन हाईस्कूल के मेरिट के आधार पर होता हैं। अतः थारू जनजाति की बस्तियों के लिए शासनादेश में शिथिलता अनिवार्य हैं। खण्ड में 9 विद्या केन्द्र संचालित हैं तथा 04 केन्द्र खोले जा रहें हैं सर्व शिक्ष अभियान के अर्न्तगत 29 (E.G.S./A.I.E.) तथा 15 मकतब एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में 1 गैर आवासीय तथा 5 गैर आवासीय कैम्पस प्रस्तावित किये जा रहें हैं।

अपर प्राइमरी स्तर पर 20 उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं। अतः वनों नदियों जंगलों आदि के कारण बस्तिया विस्तृत क्षेत्रों में फेली हैं अतः दूरी के कारण 9–14 वय वर्गो के नामांकन के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए 42 केन्द्र प्रस्तावित किये जातें हैं।

विकास खण्ड–रिसिया :– यह विकास खण्ड नगर पालिका परिषद के अधीन हैं। 10 न्याय पंचायत हैं। इसकी साक्षरता दर (91 की जनगणना के आधार पर) 21.6 प्रतिशत हैं। यह विकास खण्ड में Drop out rate 54.65 प्रतिशत हैं। यह जनपद मुख्खलय से लगभग 17 कि0मी0 दूरी पर हैं। इस विकास खण्ड में 03 विद्या केन्द्र तथा 02 मकतब संचालित हैं वर्ष 2001–2002 में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम अर्न्तगत 02 विद्या केन्द्र तथा 01 मकतब की स्वीकृति प्राप्ति हुयी हैं। अतः शेष लक्ष्यों की पूर्ति सर्व शिक्षा अभियाान के अर्न्तगत 29 विद्या केन्द्र 1 नवाचार केन्द्र तथा 28 मकतब प्रस्तावित हैं। साथ ही 4 गैर आवासीय कैम्पस भीह प्रस्तावित किये गये हैं।

अपर प्राइमरी स्तर पर यहां विशेष ध्यान देर्मे की आवश्यकता हैं। इस विकास खण्ड में 15 उच्च प्रा0वि0 संचालित हैं जो सभी 9–14 वय वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मूल धारा से संतृप्त नहीं कर पातें हैं। अतः अधिक दूरी पर विद्यालय होने के कारण अधिकतर छात्रायें विद्यालय की पहुंच से काफी दूर हैं। अतः लक्ष्य की प्राप्ति हेतु 36 अपर प्राइमरी स्तर के केन्द्र प्रस्तावित किये जा रहें हैं।

<u>नगर क्षेत्र :–</u> सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत नगर क्षेत्र में यह योजना क्रियान्वित की जायेगी। ऐसे बच्चें जो बाल श्रमिक, मलिन बस्तियों, घूमन्तु परिवारों के साथ रहतें हैं इन बच्चों को कैम्पस के माध्यम से तथा केन्द्रो के माध्यम से जोड़ा जायेगा। अतः सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत 10 (E.G.S./A.I.E.) तथा मुस्लिम बहुत आबादी होने के कारण 10 मकतब प्रस्तावित हैं। साथ ही 4 गैर आवासीय कैम्पस भी प्रस्तावित किये जा रहें हैं। अपर प्राइमरी स्तर पर मात्र 4 केन्द्र प्रस्तावित किये जा रहें हैं। शिक्षा गारन्टी योजना (E.G.S.) इस योजना के अर्न्तगत 6–11 आयु वर्ग के ऐसे बच्चें जो प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं ऐसे बच्चों को इन केन्द्रों में शिक्षा उपलब्ध करायी जायेगी। उ0प्र0 के ऐसे ग्राम अथव मंजरे में जहां 1 किमी0 की परिधि के अर्न्तगत कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं हैं। एवं 6–11 वय वर्ग के 30 बच्चें शिक्षा ग्रहण कराने के लिए उपलब्ध हों। ऐसे केन्द्रो हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत प्रस्ताव करेगी एवं ग्राम पंचायत के प्रस्ताव करने पर उस ग्राम अथवा मंजरे को शिक्षा गारन्टी योजना के अर्न्तगत शिक्षा की व्यवस्था कराये जाने हेतु स्वीकार किया जायेगा। इन केन्द्रों में कक्षा 01 तथा 02 तक की पढ़ाई होगी। इन केन्द्रों का संचालन ''सर्वशिक्षा अभियान'' के तहत ''स्टेट सोसाइटी'' उ0प्र0 सभी के शिक्षा परियोजना परिषद निशातगंज लखनऊ द्वारा किया जायेगा इन केन्द्रों में शैक्षिक सामग्री हेतु 2350 रू0 तथा केन्द्र में शिक्षा ग्रहण कर रहें बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करायी जाती हैं। इन केन्द्रों पर 01 अनुदेशक प्रति केन्द्र प्रस्तावित हैं। यदि 46 बच्चों से अधिक हो जातें है तो अतिरिक्त अनुदेश की व्यवस्था भी प्रस्तावित हैं।

पयागपुर – सर्वषिक्षा अभियान के अन्तर्गत विकासखण्ड पयागपुर में 13 ई.जी.एस. एक आवासीय तथा तीन गैर आवासीय ब्रिज कोर्स कैम्प प्रस्तावित हैं।

विषेष्वरगंज – हाउसहोल्ड सर्वे के अनुसार विकासखण्ड में ड्रापआउटरेट सबसे कम हैं। अतः 10 ई.जी. एस. दो मदरसा एक आवासीय ब्रिज कोर्स तथा दो गैर आवासीय ब्रिज कोर्स प्रस्तावित हैं।

<u>वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा (A.I.E.) कार्यक्रमः–</u> ड्राप आउट होने के फलस्वरूप तथा अधिक आयु हो जाने के कारण कैमप/मनोवैज्ञानिक दबाव के कारण प्राथमिक शिक्षा से वंचित बच्चें, विशेषकर, बाकलकायें, कामकाजी तथा बाल श्रमिक बच्चें एवं मलिन बस्तियों, घूमन्तू बच्चों को प्राथमिक शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वैकल्पिक एवं नवाचार षिक्षा केन्द्रों, अल्पकालीन त्रिवमकालीन शिविरों तथा दीर्घ कालीन शिविरों ब्रिज कोर्स षिविरों का क्रियान्वयन वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त मुस्लिम समुदाय द्वारा चलाये जा रहें <u>मकतबों/मदरसों</u> में <u>बालक/बालिकाओं</u> में गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किये जानेके उददेश्य से भी वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा कार्य(म में नियोजन किया जायेगा। ऐसे <u>ग्राम/बस्ती/मजरें</u> झुग्गी झोपड़ी एवं बाल श्रमिकों से आच्छादित सीलों में जहां कम से कम 20 बच्चें उपलब्ध होगे वहां वैकल्पिक एवं नवाचार (A.I.E.) केन्द्र

संचालित किये जायेगं। ये केन्द्र प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक दोनो स्तरों पर चलायें जायेगें। प्राथमिक स्तर के केन्द्र में 01 अनुदेशक तथा उच्च प्रा0वि0 स्तर पर 02 अनुदेशका की व्यवस्था की जायेगी।

माइक्रोप्लानिंब के आधार पर नियोजन की प्राथमिकता :— अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति क्षेत्र ऐसे क्षेत्र जहा बालिकाओं के नामांकन का प्रतिशत कम हो ऐसे क्षेत्र जहां ड्राप आउट के कारण विद्यालय न जाने वालें बच्चों की संख्या अत्यधिक हों।

ऐसे क्षेत्र जहां स्ट्रीट चिल्ड्रेन, बाल श्रमिक, घूमन्तुं खतरनाक/गैर खतरनाक उद्योगो में संलग्न बच्चों की संख्या अधिक हों।

संचालन :— स्थल — केन्द्रों का संचालन सलि ग्राम शिक्षा समिति की संस्तुतियों पर पंचायत भवन, चौपाल किसी विवाद रहित सथान पर किया जायेगा। जहां पहुंच की दृष्टि से पूर्व सन्दर्भित वंचित वर्ग के बच्चों के लिए उपयुक्त हों।

समय :— शिक्षा गारन्टी योजना तथा वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रों का संचालन विशेष परिस्थितियों को छोड़कर केन्द्रो का संचालन समय देर शाम एवं रात्रि में नहीं रखा जायेगा। ये केन्द्र प्रतिदिन 04 घंन्टे संचालित किये जायेगें।

अनुदेशक चयन — अनुदेशक यथा सम्थव उसी स्थान एवं समुदाय का होना जहां पर शिक्षा गारन्टी योजना केन्द्र/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र स्थापित किया जाना हैं। उसी ग्राम का अर्ह व्यक्ति न मिलने पर न्याय पंचायत से लिया जा सकता हैं।

ग्रामीण — मिलने पर बिल्कुल निकट के गांव का व्यक्ति आवेदन कर सकता हैं।

योग्यता :— अनुदेशक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल होगी। इस हेतु महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। अनुदेशक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी। अनुदेशक का चयन ग्राम शिक्षा समिति द्वारा आवेदप प्रापत करके हाईस्कूल परीक्षा के अंको के पतिशत को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठता के आधार पर किया जायेगा। तत्पश्चात् अनुदेशक को आमंण प्त्र आदेश ग्राम शिक्षा समिति द्वारा निर्गत किया जायेगा। किसी अनुदेशक का कार्य संतोषजनक न होने की स्थिति में ग्राम शिक्षा समिति की 2/3 बहुमत से प्रस्ताव करके अनुदेशक को हटाया जा सकता हैं। ग्राम शिक्षा समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा अनुसूचित जनजाति बस्तियों में अनुसूचित जाति का ही अनुदोक/अनुदेशिका होनी चाहिए।

अनुदेशक चयन नगर क्षेत्र — नगर क्षेत्र में खोल जाने वाले वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में अनुदेशक का चयन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शिक्षा अधीक्षक नगर क्षेत्र, सभासद सम्बन्धित वार्ड नगर क्षेत्र का प्रधानाध्यापक/शिक्षक की संयुक्त समिति द्वारा किया जायेगा।

अनुदेशक चयन मकतब/मदरसा — आवश्यकतानुसार मकतबों/मदरसों में शिक्षण कार्य करने वाले मौलवी अथवा हाफिज जी द्वारा अनुदेशक हेतु शैक्षिक अर्हता रखने वाले तथा शिक्षण कार्य करने के इच्छुक होने की स्थिति में मकतबों/मदरसों में संचालित होने वाले केन्द्रों को प्रथमिकता प्रदान की जायेगी अन्यथा संबंधित मकतब/मदरसा की प्रबध समिति द्वारा अर्ह व्यक्ति जिसकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम न हों, को मकतबों में संचालित होने

वाले केन्द्रों में अनुदेशक के रूप में चयनित करके शिक्षण कार्य हेतु आमन्त्रित किया जायेगा।

ग्राम शिक्षा समितियों को यह प्रचारित करना होगा कि स्थानीय जन समुदाय को अनुदेशक की आवश्यकता एवं उसके चयन के संबंध में जानकारी हो गयी हैं, ग्राम शिक्षा समिति संबंधित अनुदेशक हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विश्लेषण कर उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची बनायेगी। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार को भी यदि आवश्यक हुआ तो सम्मिलित किया जायेगा।

**उ0प्रा0वि0 के लिए आयु योग्यता**

उच्च प्राथमिक स्तर के केन्द्रों के लिए अनुदेशकों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक तथा न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। जहॉ पर स्नातक अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर इन्टरमीडिएट उत्तीर्ण महिला अभ्यर्थियों का चयन किया जा सकता हैं।

अनुदेशक के चयन के सम्बन्ध में अनुदेशक एवं ग्राम शिक्षा समिति के मध्य एक संविदा प्रपत्र भरा जायेगा जो निर्धारित प्रारूप पर एनेक्सर के साथ संलग्न किया जायेगा।

**अनुदेशक का प्रशिक्षण**

अनुदेशकों का तीस दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अथवा ब्लाक संसाधन केन्द्र पर आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक चयनित अनुदेशक का एक माह का प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा डायट के प्रवक्ताओं, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रति उप विद्यालय निरीक्षक/ब्लाक प्रोग्राम आफीसर ब्लाक रिसोर्स पर्सन तथा योग्य अध्यापक, सन्दर्भ व्यक्तियों के माध्यम से कराया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा रू0 1500/– प्रति अनुदेशक की दर से धनराशि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण को उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि में अनुदेशक को मानदेय के रूप में कोई धनराशि देय नहीं होगी।

**अनुदेशक मानदेय वितरण**

वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो के प्रारम्भ होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुदेशक की दर से सम्बन्धित ग्राम शिक्षा समिति के सुयक्त खाते में स्थानान्तरित की जायेगी जिसे अध्यक्ष एवं सचिव ग्राम शिक्षा समिति द्वारा अनुदेशक को चेक के माध्यम से माह के प्रथम सप्ताह में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जायेगा। मानदेय की एक बार में 06 माह की अग्रिम धनराशि ग्राम शिक्षा समिति के खातों में स्थानान्तरित कर दी जायेगी।

**नगर क्षेत्रः–**

नगर क्षेत्र में संचालित वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो के अनुदेशकों के मानदेय का भुगतान शिक्षा अधीक्षक नगर/जिला प्रोग्राम आफीसर/प्रोग्राम पर्सन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से अनुदेशक के संतोषजनक कार्य किये जाने पर किया जायेगा। इस प्रकार की धनराशि कार्यक्रम से सम्बन्धित सभासद/प्रधानाध्यापक के संयुक्त खाते में स्थानान्तरित की जायेगी। तत्पश्चात् चेक द्वारा अनुदेशक को भुगतान किया जायेगा।

**पर्यवेक्षण :–** शिक्षा गारन्टी एवं वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो के सफल संचालन हेतु अकादमिक सहयोग एवं नियमित पर्यवेक्षण का कार्य सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/एस0डी0आई0/ब्लाक रिसोर्स पर्सन/ब्लाक रिसोर्स सेक्टर/न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रो के प्रभारियों द्वारा किया जायेगा।

नगर क्षेत्र में यह कार्य शिक्षा अधीक्षक/नगर प्रोग्राम आफीसर/नगर अधिकारियो द्वारा किया जायेगा। न्याय पचांयत संसाधान केन्द्र प्रभारी/वी0आर0सी0 प्रभारी द्वारा अनुदेशकों की वार्षिक बैठके भी ली जायेगी। जिसमें ब्लाक आफीसर/रिसोर्स पसर्न/स0वे0 शिक्षा अधिकारी/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/उप बेसिक शिक्षा अधिकारी भी समय–समय पर इन बैठकों में अनुश्रवण करेगं। निकटस्थ प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं अध्यापकों को भी यह कर्तव्य होगा कि वे लगातार इन केन्द्रो का र्प्यवेक्षण करते रहेगे न केवल ग्राम शिक्षा समिति अपितु विकास खण्ड स्तरीय समिति के पदाधिकारियों को अपनी आख्याओं से अवगत करातें रहेगें।

ग्राम शिक्षा समिति भी नियमित रूप से इन केन्द्रो के संचालन पर नजर रखेगी और समय–समय पर अपने सुझाव अनुदेक/अनुदेकिा को दगी। डायट भी डी0आर0यू0 प्रभारी एवं उनके अधीनस्थ सभी अभिकर्मी भी इन केन्द्रों का निसमित पर्यवेक्षण करेगें। पर्यवेक्षण का कार्य उपरोक्त सभी अधिकारियों द्वारा एक रोस्टर प्रणाली के द्वारा किया जायेगा। ताकि सार्वभौमिक पर्यवेक्षण सुनिश्चित हो सकें।

**निःशुल्क :– शिक्षण** प्रत्येक शिक्षा केन्द्र को साज–सज्जा एवं शिक्षण सामग्री हेतु आवश्यक धनराशि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा ग्राम शिक्षा समिति के खातें में सीधे सीनान्तरित की जायेगी। ग्राम शिक्षा समिति निर्धारित सामग्री बाजार मूल्य पर नियमानुसार क्रय करके सीधे केन्द्र अनुदेश को उपलब्ध करायी जायेगी। शिक्षा केन्द्रो पर नामांकित सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/ग्राम शिक्षा समिति द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी तथा इस धनराशि का समायोजन शिक्षण सामग्री मद (रू0 845/– प्राथमिक तथा रू0 1200/– उच्च प्राथमिक) से किया जायेगा। शिक्षण सामग्री मद का 5 प्रतिशत राज्य/जनपदीय प्रबन्धक हेतु क्रय किया जायेगा।

शिक्षा गारन्टी/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो में राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित औपचारिक शिक्षा की पाठ्य पुस्तकें ही सम्प्रति उपयोग में लाई जायेगी।

**छात्र–छात्राओं का मूल्यांकनः–** अनुदेशक द्वारा वैकल्पिक एवं शिक्षा गारन्टी केन्द्रो में पढ़ने वाले बच्चों का सतत् एवं नियमित मूल्यांकन किया जायेगा। इसके लिए अनुदेशक द्वारा दैनिक डायरी तैयार की जायेगी। बच्चों का तिमाही छमाही तथा वार्षिक मूल्यांकन मौखिक तथा लिखित परीक्षा के आधार पर किया जायेगा तथा यह प्रयास किया जायेगी कि वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो में पढ़ने वाला प्रत्येक बच्चा शीघ्र औपचारिक शिक्षा (विद्यालय) की मुख्य धारा की उपयुक्त कक्षा में जिसके लिए वह योग्य हो, किसी भी समय प्रवेश पा सकता

है। अनुदेशक का यह दायित्व होगा कि उनके केन्द्र पर पढ़ने वाले बच्चे शीघ्र अति शीघ्र एवं अधिक से अधिक संख्या में शिक्षा की मुख्य धारा की उपयुक्त कक्षा में प्रवेश पाते रहें। इसी परिप्रेक्ष्य में अनुदेशक का तूल्यांकन भी ग्राम शिक्षा समिति/विकास खण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा। अनुदेशकों द्वारा बच्चों के अध्ययन अवधि में उनके व्यवहारिक स्तर में आये सुधार से अभिभावकों एवं ग्राम शिक्षा समिति को लगातार अवगत कराया जायेगा। केन्द्रो में अध्ययनरत बच्चें जो कक्षा–5 हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण कर लेगें, उनकी वार्षिक परीक्षा बेसिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित परीक्षा प्रणाली के आधार पर निकट के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा करायी जायेगी।

**केन्द्र की लगत** प्रत्येक केन्द्र की लागत उसमें अध्यनरत बच्चों की संख्या पर निर्भर करेगी। प्रामइरी स्तर के केन्द्रों के लिए रू0 845.00 प्रति छा/छात्रा प्रति वर्ष और अपर प्रामइरी स्तर के लिए 1200.00 रू0 प्रति छात्र/छात्रा प्रति वर्ष अधिकतम धनराशि की व्यवस्था इस योजना में की गई हैं। इस व्यवस्था में 5 प्रतिशत राज्य एवं जिला स्तर का प्रशासनिक व्यय तथा विकास खण्ड के प्रबन्धक की अधिकतम धनराशि रू0 2.50 लाख सम्मिलित होगी।

| क्र0सं0 | मद | प्राइमरी स्तर | अपर प्राइमरी स्तर |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुदेशक का मानदेय | रू0 1000.00 प्रति माह प्रति अनुदेशक | रू0 2000.00 प्रति माह 02 अनुदेशकों के लिए (रू0 1000.00 प्रति अनुदेशक) |
| 2. | अनुदेशक प्रशिक्षण | रू0 1500.00 प्रति वर्ष 30 दिनों के लिए रू0 50.00 प्रतिदिन की दर से | रू0 4000.00 प्रति वर्ष 02 अनुदेशकों के लिए 50 रू0 प्रतिदिन 40 दिनों के लिए |
| 3. | शैक्षिक सामग्री (बच्चो हेतु) | रू0 100.00 प्रति छात्र/छात्रा | रू0 150.00 प्रति छात्र/छात्रा |
| 4. | शैक्षिक सामग्री केन्द्र हेतु | रू0 1100.00 प्रति केन्द्र | रू0 1200.00 प्रति केन्द्र |
| 5. | आकस्मिक व्यय | रू0 468.75 प्रति केन्द्र | रू0 500.00 प्रति केन्द्र |

उक्त केन्द्रो की अधिकतम लागत में 5 प्रतिशत राज्य एवं जिला स्तर पर व्यय होने वाला प्रशासनिक व्यय तथा विकास खण्ड स्तर के प्रबन्धन पर व्यय सम्मिलित हैं।

**प्रबन्धन लागतः–** विकास खण्ड स्तर पर प्रबन्धन की अधिकतम लागत निम्नवत् रखी गयी हैं।

80–100 केन्द्रो के मध्य – 2.50 लाख रू0 प्रतिवर्ष

50–80 केन्द्रो के मध्य – 2 लाख रू0 प्रतिवर्ष

25–50 केन्द्रो के मध्य – 1.5 लाख रू0 प्रतिवर्ष

25 केन्द्र से कम – 100 प्रति छात्र/छात्रा प्रतिवर्ष

**ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन शिविर :–** सड़क/प्लेटफार्म, मलिन बस्तियों, दुकानों, घुमन्तू, बच्चों, नौकरी पेशा, कुली गिरी करने वाले बच्चों तथा ऐसे बच्चों जिनके अभिभावक जेल में हैं। अथवा बाल

श्रमिक/खतरनाक उद्योगो में लगे बच्चों जिनका वय वर्ग सामान्यतः 9–14 हैं, के लिए ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन शिविर संचालित किये जायेगें।

इन ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन शिविरों का मुख्य उद्‌देश्य औपचारिक विद्यालय से वंचित रहें इन बच्चों का वय वर्ग सामान्यतः 9–14 वर्ष होना चाहिए।

**शिविर की अवधि**

कोर्स/शिविरों की अवधि आवश्यकतानुसार 4 माह से 18 माह तक की हो सकती हैं।

**आवासीय शिविरों में न्यूनतम की संख्या**

भारत सरकार के निर्देशों में यद्यपि इन शिविरों में न्यूनतम बच्चों की संख्या निर्धारित नहीं हैं फिर भी उ0प्र0 सरकार के संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक ब्रिज कोर्स एवं ग्रीष्म कालीन शिविर में न्यूनतम 50 बच्चें सम्मिलित किये जायेगे तथा ये शिविर आवासीय होगें।

**सुविधा :-** इन शिविरों में बच्चों के रहने खाने पीने एवं शिक्षण आदि की व्यवस्था निःशुल्क होगी।

**स्टाफ :-** निर्धारित मानकों के अन्तर्गत ब्रिज कोर्स/शिविर के लिए 01 केयर टेकर 02 पैरा टीचर, 01 कुक (रसोइया) तथा 01 चौकीदार की आवश्यकता होंगें और इस पर चयन मानक प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा। जिनके लिए जिला स्तरीय समिति के माध्यम से अल्पकालीन अवधि हेतु संवदा के अन्तर्गत व्यवस्था की जायेगी। केयर टेकर/अनुदेशकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था छात्र/छत्राओं के लिए निःशुल्क शिक्षण सामग्री आदि के लिए वित्तीय मानक प्राइमरी एवं अपर प्राइमरी की भांति रखी जायेगी। केवल आवासीय व्यवस्था, खाने–पीने की निःशुल्क व्यवस्था एवं साम–सज्जा आदि के लिए अतिरिक्त धन की व्यवस्था की जायेगी। अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था में ग्राम पंचायत/ग्राम शिक्षा समिति/जन समुदाय का सहयोग/कुछ अंशदान प्राप्त करने का प्रयास किया जायेगा। ब्रेज कोर्स कैम्प उस क्षेत्र में खोला जायेगा जहां पर निःशुल्क आवास व्यवस्था उपलब्ध हो सकें तथा प्रयास किया जाय कि ब्रिज कोर्स विकास खण्ड/जनपद मुख्यालय में सीमित न हों।

**संचालन स्थल** ब्रिज कोर्स का संचालन ग्रामीण/नगर क्षेत्र के मुख्यालयों अथवा उस क्षेत्रविशेष में चलेगे जहां इनकी आवश्यकता हो।

**अवधि :–** ब्रिज कोर्स/शिविरों की अवधि 4 माह से 18 माह तक रखी जायेगी। इस हेतु रू0 3000/– प्रति छात्र/छात्रा अनमुन्य होगी और इसी मानक के अनुसार प्राप्त धनराशि से सम्पूर्ण व्यवस्था की जायेगी।

**वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्र ब्रिज कोर्स/शिविरों के प्रस्तावों की प्रस्तुति एवं उनका अनुमोदनः–**

ग्राम शिक्षा समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावों को विकास खण्ड स्तरीय समिति जिसके अध्यक्ष विकास खण्ड अधिकारी तथा सदस्य सचिव सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रति उप विद्यालय निरीक्षक तथा विकास खण्ड का ग्राम प्रधान एवं एक वरिष्ठ प्रधानाध्यापक होगे के द्वारा

तैयार प्रस्तावों की समीक्षा कर भारत सरकार के निर्देशानुसार उनकी समीक्षा कर प्रसतावों को संकलन करेगी, तत्पश्चात् अपनी संस्तुति सहित जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध करोयगी।

**जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति का गठन :–**

**प्रस्तावों क अनुमोदन**

थ्जला स्तर पर जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति का गठन किया जायेगा जो कालान्तर में सर्व शिक्षा अभियान को संचालित करने वाली समिति भी कहीं जायेगी। जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति का गठन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा जिसमें निम्न सदस्य होगें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जिलाधकारी | – | अध्यक्ष |
| 2. | मुख्य विकास अधिकारी | – | उपाध्यक्ष |
| 3. | विशेषज्ञ बे0शि0अ0 / जि0बे0शि0 अधिकारी | – | सदस्य सचिव |
| 4. | डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम आफिसर (ई0जी0एस0) | – | सदस्य |
| 5. | प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान | – | सदस्य |
| 6. | जिला स्तरीय श्रम विभाग का अधिकारी | – | सदस्य |
| 7. | जिला पंचायत राज अधिकारी | – | सदस्य |
| 8. | वित्त एवं लेखाधिकारी (कार्या0बे0शि0अ0) | – | सदस्य |
| 9. | सैवेच्छिक संगठनों के दो प्रतिनिधि | – | सदस्य |

(स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों का नामांकन जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा।)

जनपद में उपर्युक्त योजना के अर्न्तगत प्रस्तावों को तैयार करने एवं कार्य{म के संचालन करने का पूर्ण उत्तरदायित्व उक्त समिति को होगा।

**एन0जी0ओ0 द्वारा प्रस्ताव**

विकास खण्ड स्तरीय / नगर स्तरीय क्षेत्रों में कुछ वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रो का संचालन स्वैच्छिक संगठनों द्वारा भी किया जा सकता हैं।

उपर्युक्त जिला स्तरीय समिति जनपद के अच्छे एवं कर्मण्ठ सवैच्छिक संगठनों को उनके अनुरोध पर केन्द्रों का आवंटन कर सकती हैं। परन्तु इस वक्त का विशेष ध्यान रखा जायेगा कि राज्य सरकार एवं स्वैच्छिक संगठनों के प्रस्तावों में ओवर लैपिंग न होने पायें।

**ग्राम शिक्षा समितियों की भूमिका :–** प्रस्तावित शिक्षा गारन्टी / वैकल्पिक शिक्षा योजना (E.G.S.)/A.I.E.) के लिए ग्राम शिक्षा समिति के निम्नलिखित कर्तव्य एवं दायित्व निर्धारित किये जातें हैं।

1. 6–14 वय वर्ग के विद्यालय न जाने वाले बच्चों की माइक्रोप्लानिंग के आधार पर सर्वेक्षण कर उनको चिन्हित करना।
2. कार्यक्रमों के संचालन हेतु वातावरण सृजित करना।
3. अनुदेशक का चयन करना।
4. केन्द्रो का समय निर्धारित करना।
5. केन्द्रो की साज सज्जा हेतु शिक्षण सामग्री का बाजार के निर्धारित मूल्यों पर नियमानुसार क्रय कर केन्द्रो के संचालन हेतु अनुदेशकों को उपलब्ध करना।

6. अनुदेशको को प्रशिक्षणोपरान्त ही केन्द्रो का दायित्व सौपना।

7. अनुदेशकों की उपस्थिति बच्चों की उपस्थिति एवं केन्द्रो का प्रबन्धन उनको प्रतिदिन निरीक्षि करना।

8. केन्द्रो में पढ़ने वाले बच्चों को औपचारिक विद्यालयों में प्रवेश कराने के लिए लगातार प्रोत्साहित करना।

9. नियमित रूप से अनुदेशकों के मानदेय का भुगतान कराना ।

10. बच्चों के बैठने के लिए कक्षा कक्षा यदि संख्या अधिक हैं तो दूसरा कक्ष, पानी की व्यवस्था एवं शौचालय की व्यवस्था करना।

11. ग्राम शिक्षा समिति व्यक्गित सम्पर्क करके शिक्षा से वंचित Dropout बच्चों को केन्द्र/प्राथमिक विद्यालय में नामांकित करायें।

विकास खण्ड स्तरीय समिति की भूमिका :–

1. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विकास खण्ड स्तर पर समिति की निम्न भूमिका प्रस्तावित हैं।

2. ग्राम शिक्षा समिति से प्राप्त प्रस्तावों को संकलित करना।

3. ग्रामीण क्षेत्रों की माइक्रोप्लानिंग कराना तथा उपलब्ध माइक्रोप्लानिंग का अध्ययन एवं समीक्षा करना तथा प्रस्तावों को तैयार कराना।

4. क्लस्टर रिसोर्स पर्सन्स (C.R.P.) की सहायता से केन्द्रो/शिविरों का भ्रमण एवं पर्याप्त पर्यवेक्षण/अनुश्रवण की व्यवस्था कराना।

5. जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर उपलब्ध सन्दर्भदाताओं की सहायता से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराना।

जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति के प्रमुख कर्तव्य एवं दायित्व :– जनपद में E.G.S.A.I.E. कार्यक्रम की सफलता का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व जिला सलाहकार समिति को सौपां गया हैं।

1. शिक्षा गारन्टी योजपा/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र /नवाचार शिक्षा कार्यक्रम हेतु सम्पूर्ण जनपद में माइक्रोप्लानिंग कर आवश्यकतानुसार अपवंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने हेतु विभिन्न योजनाओं के प्रस्तावों को ग्राम स्तर/विकास खण्ड स्तर से तैयार कराकर जिला स्तर पर प्रतिमाह समीक्षा करना।

2. केन्द्र/ब्रिज कोर्स/ग्रीष्मकालीन शिविर के प्रस्तावों को स्टेट सोसाइटी को प्रस्तुत करना।

3. कार्यक्रमों का कार्यान्वयन सुनिश्चित कराना।

4. अन्य विभागीय अधिकारियों एवं प्रशासनिक/अधिकारियों के साथ समन्वय (Convergence) कर कार्यक्रमों का संचालन कराना।

5. कार्यक्रमों का नियमित अनुश्रवण करना एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाओं का आयोजन कराना।

6. स्टेट सोसाइटी द्वारा उपलब्ध करायी गयी मदवार धनराशियों को विकास खण्ड स्तरीय समितियों के माध्यम से ग्राम शिक्षा समिति अथवा स्वैच्छिक संगठनों को कार्यक्रमों के संचालनार्थ अग्रिम रूप में उपलब्ध कराना।

विकलांग बच्चों के लिए वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र :– जनपद बहराइच में विद्यालय न जाने वाले विकलांग बच्चों के लिए प्राथमिकता न जांने वाले विकलांग बच्चों के लिए प्राथमिकता के आधार पर E.G.S. तथा A.I.E. केन्द्रो की स्थापना की जायेगी।

विकलांग बच्चों के लिए वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र में अधिकतम आयु 14 वर्ष के स्थान पर 18 वर्ष की गई हैं। तथा न्यूनतम छात्र संख्या 15 या इससे कम रखी गयी हैं जिस ग्राम/बस्ती/मजरे/टोले/मोहल्ले में विकलांग बच्चे उपलब्ध हैं उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखकर छात्र संख्या एक आयु में पूरी छूट देने का प्रस्ताव किया गया हैं कोई भी विकलांग बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाय इसका पूर्ण प्रयास किया जा रहास हैं यदि कोई बच्चा चलने में पूर्ण असमर्थ हैं तों यह प्रयास किया जायेगा कि केन्द्र उसके नजदीक हैं।

बलिकाओं के लिए वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र :– जिन ग्रामों/अपेक्षित बस्तियों/मजरों/अल्पसंख्यक माहल्लों/जनजाति क्षेत्रों/अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों की बालिका दर न्यूनतम हैं। एसे स्थानों पर बालिका वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खाले जायेगे साथ ही ऐसी बस्तियां जहा रूढ़िवादिता के कारण बालिकाओं को स्कूल नहीं भेजते हैं तथा छात्रों के साथ स्कूल में नहीं पढ़ाना चाहतें हैं वहां भी बालिका केन्द्र खाले जायेगे तथा इन केन्द्रो में महिला अनुदेशिका की व्यवस्था किये जाने का प्राविधान किया गया हैं। इसमें सामुदायिक सहभागिता कला जत्था, महिला मंगलदल, मॉ–बेटी, मेला, किशोरी संघ, आदि के सहयोग से चेतन जागृति एवं बालिका शिक्षा में रूचि को बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा। न्यूनतम साक्षरता दर के आधार पर शिवपुर, बलहा, नवाबगंज, मिहीपुरवा की जनजाति क्षेत्र आम्बा विशुनपुर, थारूपुरवा, बिछिया, मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र कैसरगंज तथा जरवल में ऐसे केन्द्र खोले जाने प्रसतावित हैं।

अल्पसंख्यकों के लिए वैकल्पिक षिक्षा केन्द्र :– जनपद बहराइच अल्पसंख्यक आबादी वाला जनपद हैं। इस जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में धार्मिक शिक्षा के लिए मकतब/मदरसें चल रहें हैं। उन मदरसों में 6–14 आयु वर्ग के केवल धार्मिक शिक्षा ग्रहण कर रहें छात्र/छात्राओं को गुणवत्तापरक प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से इनके सुदृढ़ीकरण की भी व्यवस्था प्रस्तावित की गयी हैं। इन मकतबों में औपचारिक शिक्षा से जोड़ने के लिए मकतब में बढ़ रहें प्रत्येक छा/छात्रा को प्राथमिक विद्यालय में चल रही निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। इन मकतब/मदरसों में उसी धर्म का अनुदेशक का चयन किया जायेगा तथा उसकी योग्यता हाईस्कूल रखी गयी हैं। तथा न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए।

परिवार सर्वे के अनुसार 114664 बच्चे विभिन्न कारणों से विद्यालय नहीं जा रहे है। सर्वे के अनुसार मुख्य रूप से घरेलू कार्य में लगा रहना भाई बहनों की देखभाल में लगे रहने के कारण विद्यालय नही आ रहे है। यह निम्न सारणी से स्पष्ट है।

## विद्यालय न आने वाले बच्चों का विवरण

| क्रम | कारण | बालक | बालिका | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | घरेलू कार्य | 23503 | 21541 | 45044 |
| 2 | मजदूरी | 3311 | 1560 | 4871 |
| 3 | भाई बहनों की देखभाल | 16443 | 18380 | 34823 |
| 4 | विद्यालय दूर होना | 5258 | 4751 | 10009 |
| 5 | अन्य | 9835 | 10082 | 19917 |
| | योग | 58350 | 56314 | 114664 |

विद्यालय से बाहर इन बच्चों को विद्यालय में लाने हेतु विभिन्न रणनीतियाँ जिला परियोजना समिति द्वारा प्रस्तावित की गयी है।

वर्ष 2003-04 में 31 जुलाई 2003 तक औपचारिक विद्यालयों नामांकित बच्चों की संख्या

| आयु वय वर्ग | बालक | बालिका | योग |
|---|---|---|---|
| +5-6 | 16767 | 14962 | 31729 |
| 7-10 | 16780 | 14773 | 31553 |
| 11-14 | 7800 | 11942 | 19742 |
| **योग** | **41347** | **41677** | **83024** |

31 जुलाई 2003 तक स्कूल. न जानेवाले बच्चों की संख्या

| आयु वय वर्ग | बालक | बालिका | योग |
|---|---|---|---|
| +5-6 | 4365 | 3791 | 8156 |
| 7-10 | 8241 | 6444 | 14685 |
| 11-14 | 4397 | 4402 | 8799 |
| **योग** | **17003** | **14637** | **31640** |

## औपचारिक विद्यालयों में नामांकन (83024) के पश्चात् शेष (31640) बच्चों के नामांकन हेतु रणनीति

घरेलू कार्य में लगे बच्चे ऐसे बच्चे जो अपने घर के कार्य में लगे रहते है को विद्यालय में लाने हेतु ब्रिज कोर्स तथा समर कैम्प चलाने जैसी व्यवस्था की गयी है।

| क्रम | ब्रिज कोर्स | 2003-04 | | 2004-05 | | 2005-06 | | 2006-07 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | बच्चे | संख्या | बच्चे | संख्या | बच्चे | संख्या | बच्चे |
| 1 | एन.पी.आर. सी. स्तरीय | 136 | 4080 | 136 | 4880 | 136 | 4080 | 136 | 4080 |
| 2 | वैकल्पिक केन्द्र | 180 | 5400 | 180 | 5400 | 180 | 5400 | 180 | 5400 |
| 3 | ब्रिज कोर्स कैम्प | 10 | 400 | 10 | 400 | 6 | 400 | 4 | 400 |

यह कोर्स इन बच्चों की आवश्यकताओं को देखते हुए इनके घरों के पास तथा इनकी सुविधा के अनुसार समय निर्धारित करके इन्हीं के ग्राम निवासी अनुदेशक/आचार्य द्वारा संचालित किये जायेगें।

**मजदूरी:** कुछ बच्चे मजदूरी कार्य में लगे होने के कारण विद्यालय नहीं आ पाते। ऐसी समस्या 11 से 14 आयु वर्ग के बीच अधिक पायी गयी है। इन बच्चों के लिए उच्च प्राथमिक स्तर पर ए आई इ खोले जा रहे हैं। जिनका समय इनके कार्य समय के बाद संध्या में रखे जाने का प्रस्ताव है। जिससे ये बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा में शामिल हो सकेंगे।

| क्रम | कोर्स | 2003-04 | | 2004-05 | | 2005-06 | | 2006-07 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | बच्चे | संख्या | बच्चे | संख्या | बच्चे | संख्या | बच्चे |
| 1 | ए आई इ | 28 | 1400 | 150 | 7500 | 230 | 11500 | 292 | 14600 |
| 2 | आवासीय विज कोर्स | 1 | 60 | 10 | 600 | 6 | 360 | 4 | 240 |
| 3 | विद्या केन्द्र | 18 | 7200 | 180 | 7200 | 180 | 7200 | 180 | 7200 |

**भाई बहनों की देखभाल:** छोटे भाई बहनों की देखभाल में लगे होने से 34823 बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे है। ऐसे बच्चों को विद्यालय लाने हेतु इनके छोटे भाई बहनों की देखभाल केलिए विशेष रूप से इ सी सी इ केन्द्रों की व्यवस्था की गयी है।

| क्रम | कोर्स | 2003-04 | | 2004-05 | | 2005-06 | | 2006-07 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | बच्चे | संख्या | बच्चे | संख्या | बच्चे | संख्या | बच्चे |
| 1 | ई सी सी ई केन्द्र | 250 | 7500 | 250 | 7500 | 250 | 7500 | 250 | 7500 |
| 2 | समर कैम्प | 140 | 5600 | 140 | 5600 | 140 | 5600 | 140 | 5600 |

**विद्यालय दूर होना:** जनपद में 5258 बालक तथा 4751 बालिकायें कुल 10009 बच्चे विद्यालय दूर होने के कारण विद्यालय नहीं आ पा रहे हैं। इसकेलिए ऐसे असेवित क्षेत्रों

में जहाँ मानक रूप विद्यालय खोले जा संकते है वहां विद्यालय खोले जा रहे है तथा अन्य स्थानों पर वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों की स्थापना की जा रही है।

| विद्यालय | वर्ष | खोले जा रहे विद्यालयों की संख्या |
|---|---|---|
| प्राथमिक | 2003-04 | 90 |
| उच्च प्राथमिक | 2003-04 | 53 |

**अन्य कारण:** उक्त के अतिरिक्त गरीबी, धार्मिक कारणों तथा रूढ़िवादिता के कारण भी कुछ बच्चे विद्यालय नहीं जा रहे है। इसके लिए 30 तकतव/मदरसों को सहायता देकर तथा स्कूल चलो अभियान चलाकर तथा ग्राम शिक्षा समितियों को प्रशिक्षित कर तथा विद्यालयों को आकर्षण बनाकर तथा नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक तथा मिड डे मिल आदि का वितरण कर अभिभावकों को अपने बच्चे विद्यालय भेजने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस प्रकार सभी बच्चों का नामांकन विद्यालयों में करा लिया जायेगा।

## अध्याय ८

# ठहराव में वृद्धि के कार्यक्रम

शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सर्वशिक्षा अभियान क्रियान्वयन वरदान स्वरूप है । विद्यालयी शिक्षा में समुदाय की भागीदारी को सुनिश्चित करता , गुणवक्ता पूर्ण शिक्षा हेतु सफल प्रयास करना सभी बच्चों को क्षमतानुसार (६.१४ आयु वर्ग ) शिक्षा के अवसर सुलभ कराना सर्व शिक्षा अभियान की मूलभूत विशेषताऐं हैं सर्वशिक्षा अभियान. में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा दोनों को सम्मिलित किया गया हैं ।

बहराइच जनपद में बारह विकास खण्ड हैं जनपद का क्षेत्रफल ४४६६.८ वर्ग कि०मी० है । इसका १/६ भाग वनाच्छादित है इस भाग में निहींपुरवा , बलहा, नवाबगंज आते है शिवपुर, महसी, बलहा, बाढ़ग्रस्त क्षेत्र हैं वर्षाकाल में शैक्षिक गतिविधियॉ इन विकास खण्डों में मन्द पड़ जाती है । बहराइच के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है । भूमि वितरण असमान होने के कारण जनता को मजदूरी करने के लिए विवश होना पड़ता है जनपद बहराइच में औद्योगिक विकास की गति अत्यन्त धीमी है । यहॉ की ८५ः जनता गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही हैं जनपद बहराइच में १४ विकास खण्ड , १३६ न्याय पंचायतें एवं ६०१ ग्राम पंचायतें हैं ।

## बहराइच जनपद का शैक्षिक परिदृश्य :-

| | |
|---|---|
| प्राथमिक विद्यालय | १७८२ |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय | ३२२ |
| इण्टर कालेज /हाई स्कूल | ५५ |
| आई०टी०आई० | १ |
| पॉलीटेक्निक | १ |
| जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्था | १ |

उत्तर प्रदेश भारत के अविकसित एवं पिछडे राज्यों में से एक है इसके कई कारण है अशिक्षा , गरीबी, जनसंख्या वृद्धि, प्रति व्यक्ति आय कम होना , अन्ध विश्वास , महिला पुरूष समानता आदि । २२ जनपदों का तुलनात्मक आंकलन करने पर ज्ञात होता है कि बहराइच जनपद २२ जनपदों की साक्षरता पर निकालने पर २१ वें स्थान पर है । जनपद वार साक्षरता ऑकडे निम्न है :-

## LITERACY RATE COMPARATIVE

| Year | Males | | Females | | Total | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | U.P. | India | U.P. | India | U.P | India |
| 1951 | 17.4 | 29a.4 | 3.4 | 7.9 | 10.9 | 16.6 |
| 1961 | 27.3 | 34.4 | 7.0 | 12.9 | 17.6 | 24.0 |
| 1971 | 31.5 | 39.5 | 18.6 | 8.5 | 21.7 | 29.6 |
| 1981 | 38.9 | 46.7 | 14.4 | 29.9 | 27.4 | 30.2 |
| 1991 | 55.7 | 64.1 | 25.3 | 39.3 | 41.6 | 52.2 |
| 2001 | 70.23 | 75.84 | 42.98 | 54.16 | 57.36 | 65.38 |

## LITERACY DATA (2001 Census)

| Sl. No. | Name of District | Female Literacy Rate | Over all literacy Rate |
|---|---|---|---|
| 1. | Maharajaganj | 28.64 | 47.72 |
| 2. | Sidharth Nagar | 28.35 | 43.97 |
| 3. | Gonda | 27.29 | 42.99 |
| 4. | Balrampur | 21.58 | 34.71 |
| 5. | Badauh | 25.53 | 38.83 |
| 6. | Khiri | 35.89 | 49.93 |
| 7. | Lalitpur | 33.25 | 49.93 |
| 8. | Pilibhit | 35.84 | 50.87 |
| 9. | Basti | 39.00 | 54.28 |
| 10. | Sant Kabeer Nagar | 35.45 | 51.71 |
| 11. | Moradabad | 33.32 | 45.74 |
| 12. | J.P. Nagar | 35.07 | 50.21 |
| 13. | Shahjananpur | 34.68 | 48.79 |
| 14. | Sonbhadra | 34.26 | 49.96 |
| 15. | Deoria | 43.56 | 59.84 |
| 16. | Hardoi | 37.62 | 52.64 |
| 17. | Baareilly | 35.13 | 49.90 |
| 18. | Firozabad | 53.02 | 66.53 |
| 19. | Barabanki | 35.64 | 48.71 |
| 20. | Rampur | 27.87 | 38.95 |
| 21. | Bahraich | 23.27 | 35.19 |
| 22. | Shrawasti | 18.75 | 34.25 |

## साक्षरता का जनपदवार तुलनात्मक अध्ययन से बहराइच जनपद में महिला साक्षरता 23.27 और पुरूष साक्षरता दर 35.19 है साक्षरता के क्षेत्र के पिछड़ेपन के कुछ कारण है जैसे :—

**आर्थिक तंगी :—**

आर्थिक तंगी के कारण बच्चे प्रा० शिक्षा से ही वंचित रह जाते हैं वे नामांकन करा लेते है लेकिन मजदूरी का पेशा करने के कारण वे विद्यालय छोड कर मजदूरी करते हैं जिससे उनकी आजीविका चलती है ।

**अभिभावकों की अशिक्षा :—**

अभिभावको की अशिक्षित होने के कारण वे बालक बालिकाओं में असमानता का भाव रखते हैं वे बालकों को शिक्षा की धारा से जोडते हैं लेकिन बालिकाओं को घर का काम करने हुई, भाई बहनों की देख भाल करने के लिए रोक लेते हैं जिससे बालिकाए शिक्षा से वंचित रह जाती है ।

**अन्धविश्वास :—**

अशिक्षित अभिभावकों में अन्धविश्वास की भावना होने के कारण वह बलिकाओं विद्यालयी शिक्षा से वंचित रखते हैं बलिका शिक्षा के महत्व को न स्वीकरते हुए उन्हें घर पर ही रहकर घरेलू कार्यो के उत्तरदायित्व निर्वहन की शिक्षा देते हैं ।

जनपद में महिला साक्षरता दर न्यून विकास खण्ड बलहा मिहींपुरवा शिवपुर है यह विकास खण्ड की तुलनात्मक तालिका से स्पष्ट है ।

| क्र०सं० | विकास खण्ड का नाम | पुरूष | महिला | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मिहींपुरवा | 29.8 | 7.5 | 19.8 |
| 2- | नवाबगंज | 35.5 | 8.5 | 23.4 |
| 3- | बलहा | 28.1 | 5.6 | 18.2 |
| 4- | शिवपुर | 26.1 | 5.8 | 16.7 |
| 5- | रिसिया | 34.3 | 6.1 | 21.6 |
| 6- | चित्तौरा | 31.4 | 8.1 | 21.8 |
| 7- | महसी | 37.3 | 18.6 | 25.2 |
| 8- | तेजवापुर | 32.9 | 3.3 | 21.3 |
| 9- | हुजूरपुर | 31.4 | 6.9 | 28.2 |
| 10- | फखरपुर | 33.8 | 8.9 | 21.1 |
| 11- | कैसरगंज | 36.1 | 18.4 | 24.5 |
| 12- | जरवल | 33.7 | 9.6 | 22.9 |
| 13. | पयागपुर | 48.4 | 13.3 | 32.6 |
| 14. | विशेषवर | 45.8 | 11.0 | 30.0 |

बहराइच जनपद के विशिष्ट क्षेत्र हैं जिन्हे शिक्षा की विशेष सुविधाओं की आवश्यकता है बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र होने के कारण विद्यालय पहुँचने के कठिनाई होती है । नामांकन के पश्चात ठहराव सम्बन्धी समस्या समाधान हेतु उपाय उभर कर सामने आयें जिसमें एक कारण विद्यालय में भौतिक सुविधाओं का अभाव है इस समय इन भैतिक सुविधाओं की आवश्यकता है :–

वर्ष 2005-06 में ....04.... प्राथमिक एवं ....04.... उच्च प्राथमिक विद्यालयों का आकंलन प्रस्तावित है।

एम.आई.एस. एवं नवीन सर्वे के अनुसार प्राथमिक स्तर पर शौचालय की आवश्यकता का प्रस्ताव निम्नवत् है।

| वर्ष | प्रस्तावित लक्ष्य | |
|---|---|---|
| 2004-05 | 300 | |
| 2005-06 | 300 | |
| 2006-07 | २१२ | |
| **योग** | ८१२ | |

कुल लक्ष्य ८१२ का है।

| क्र०सं० | आवश्यकता | प्राथमिक स्तर | उच्च प्राथमिक स्तर |
|---|---|---|---|
| 1- | विद्यालय | 0 | 0 |
| 2- | पुनर्निमाण | | 30 |
| 3- | अतिरक्त कक्षा | 1388 | 15 |
| 4- | पेयजल सुविधा | — | — |
| 5- | शौचालय | 892 | 130 |

## विद्यालयी सुविधायें :—

जनपद में विद्यालय की दूरी को देखते हुए प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयें में बच्चों को लाने एवं वापस पहुँचाने हेतु वाहन (रिक्शा) व्ययस्था होने से नामांकन एवं ठहराव दोनों में वृद्धि होनी तथा उच्च प्राथमिक में यह व्यवस्था होने से सामाजिक असुरक्षा की भावना समाप्त होने से बालिकाओं की शिक्षा उच्च प्राथमिक स्तर तक पूरी हो जायेगी ।

प्राथमिक विद्यालय /उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन के रख—रखाव हेतु प्रति वर्ष 5000/- का अनुदान दिया जायेगा रू० 2000 प्रतिवर्ष विद्यालय विकास अनुदान दिया जायेगा । प्राथमिक विद्यालय में 2003 तक डी०पी०डी०ई०पी० द्वारा और उसके पश्चात सर्व शिक्षा अभियान में यह सुविधा दी जाती रहेगी ।

## 2- अतिरिक्त कक्षा कक्ष :—

जनपद में प्राथमिक विद्यालयों में 1388 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयो में 15 कक्षों की आवश्यकता है । इसके पश्चात सभी प्रा०वि० तीन कक्षीय एवं उच्च प्रा० वि० चार कक्षीय हो जायेगें । डी०पी०ई०पी० के अन्तर्गत 110 प्राथमिक विद्यालय के कक्षा कक्षो का निर्माण तथा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 1388 कक्षा कक्ष प्राथमिक विद्यालयों में तथा 15 कक्षा कक्षों का निर्माण उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कराया जायेगा ।

## 3- शौचालय :—

जनपद के प्रा०वि० में 1192 विद्यालय ऐसे हैं जिसमें शौचालय उपलब्ध नहीं है । 300 विद्यालयों में डी०पी०ई०पी० के अन्तर्गत तथा शेष 892 शौचालयों का निर्माण सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कराया जायेगा । सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 130 शौचालयों का निर्माण उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कराया जायेगा ।

## 4- उच्च प्राथमिक विद्यालय जर्जर भवन :—

जनपद में 30 उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐसे हो जिनके भवन शिक्षण कार्य हेतु सुरक्षित नही हैं । इनका पुर्ननिर्माण 2004-2005 में रखा गया है।

## 5- पेयजल व्यवस्था :–

जनपद के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पेयजल सुविधा उपलब्ध है विद्यालय अनुश्रवण में यह दृष्टिगत होता है कि कही कहीं नल खराब पडें हैं। जिससे बच्चों को पानी पीने की परेशानी होती है । अतः विद्यालय विकास अनुदान से उसे बनवाने की व्यवस्था की जायेगी । विद्यालय विकास अनुदान धनराशि सर्व शिक्षा अभियान में जारी रखी जायेगी ।

## 6- सामुदायिक गतिशीलता के कार्यक्रम/गतिविधियां :–

बहराइच जनपद में , विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद की विशिष्ट जिसमें अल्प संख्यक व जन जाति बाहुल्य क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा सार्वभौमीकरण के लिये सामुदायिक गतिशीलता के विभिन्न कार्यक्रम /गतिविधियां सर्व शिक्षा अभियान हेतु निम्न प्रकार प्रस्तावित है। इन गतिविधियों में दो विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम हैं । प्रथम वो जो जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी०पी०ई०पी०) बहराइच द्वारा गतिशीलता हेतु उपयुक्त पाये जा रहे हैं । उन्हें सर्व शिक्षा अभियान में निरन्तरता प्रदान की जायेगी । तथा दूसरे जो प्रथम वार 'सर्व शिक्षा अभियान' दौरान ही प्रस्तावित किये जा रहें हैं । इन कार्यक्रम / गतिविधियां का व्योरा , बजटवार निम्न प्रस्तावित है :–

**सर्व शिक्षा** अभियान में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समुदाय का सक्रिय सहयोग अति **आवश्यक है। पंचायतीराज** व्यवस्था के अन्तर्गत विकेन्द्रीकृत प्रक्रिया के अनुसार विभिन्न स्तरों **पर समितियों का गठन** किया जा चुका है एवं सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत ब्लाक शिक्षा **समितियों को सुदृढ़ीकृत** एवं क्रियाशील बनाने पर जोर दिया जायेगा। शैक्षिक गोष्ठियों, **नामांकन, ठहराव** परिक्रमा सूक्ष्म नियोजन, शैक्षिक नियोजन एवं क्रियान्वयन आदि शिक्षा से **संबंधित समस्त विकास** कार्यो एवं एस.एस.ए. के सार्वभौमिकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु **पंचायतीराज समितियों** का सहयोग लिया जायेगा।

## प्राथमिक विद्यालयों हेतु अध्यापिका की स्थिति

| वर्ष | कुल नामांकन | स्वीकृति शिक्षक | स्वीकृत शिक्षा मित्र | कुल | 1.40 के आधार पर आवश्यकता | अतिरिक्त आवश्यकता | शिक्षक 50% | शिक्षा मित्र 50% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02-03 | 306130 | 3739 | 1606 | 5345 | 7653 | 2308 | 1154 | 1154 |
| 03-04 | 391179 | 4893 | 2760 | 7653 | 9779 | 2126 | 1063 | |
| 04-05 | 394783 | 5956 | 3823 | 9779 | 9869 | 90 | 45 | 1108 |
| 05-06 | 405048 | 6001 | 3860 | 9869 | 10126 | 257 | 129 | 128 |
| 06-07 | 415578 | 6258 | 3988 | 10246 | 10389 | 143 | 72 | 71 |

## उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु अध्यापिका की स्थिति

| वर्ष | विद्यालयों की सं0 | नवीन विद्यालय | योग | 1/5 के आधार पर आवश्कता | वर्तमान शिक्षकों की सं0 | आवश्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03-04 | 269 | 53 | 322 | 1610 | 653 | 957 |
| 04-05 | 322 | -- | 322 | 1610 | 1610 | 0 |
| 05-06 | 322 | -- | 322 | 1610 | 1610 | 0 |
| 06-07 | 322 | -- | 322 | 1610 | 1610 | 0 |

## 7- माता – शिक्षक संघ/अभिभावक शिक्षक संघ – प्रशिक्षण :–

जनपद बहराइच के प्राथमिक /उच्च प्राथमिक विद्यालय में चार प्रकार के अभिभावकों को सम्मिलित करते हुए कम से कम 12 महिलाओं का माता शिक्षक संघ / अभिभावक शिक्षक संघ को सकिय कर दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा :–

* नियमित विद्यालय जाने वाले बच्चे के अभिभावक
* लम्बें अन्तराल के बाद जाने वाले बच्चे के अभिभावक
* शालात्यागी बच्चें के अभिभावक

कला जत्था कार्यक्रम अभियान में सामुदायिक सहभागिता की दृष्टि से कला जत्था प्रदर्शन जनपद/ब्लॉक/न्यायपंचायत या ग्राम सभावार किये जायेगें , जिसके लिए व्यापक रणनीति जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता) द्वारा बनायी जायेगी । जिसमें चयनित गांव के ग्रामवार दिनांक कार कला जत्था भ्रमण कार्यकम निर्धारित कर संचालित किये जायेगें । इस कार्यक्रम की सफलता के लिए ग्राम शिक्षा समिति – बैठक व विभिन्न स्तरों पर बैठकों दौरान प्रचार प्रसार भी किया जायेगा ।

वर्षवार या निश्चित अवधिवार कला जत्था कार्यकम प्रस्तुत करके नामांकन या ठहराव की वृद्धि – प्रभाव का आंकलन किया जायेगा व आवश्यकतानुसार अपेक्षित सुधार किया जायेगा ।

## 8- जागरूकता सम्बन्धी सामग्री का विकास :–

जनपद बहराइच के प्राथमिक शिक्षा एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा में अनुसूचित जन जाति के विकास क्षेत्र मिहीपुरवा में तथा अन्य विकास क्षेत्रों में अल्पसंख्यक बाहुल्य चिन्हित क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के महत्व सम्बन्धी पोस्टर , चित्रकला द्वारा प्रर्दशन , किताब आदि के लिए प्रतियोगिता उस क्षेत्र में स्थानीय व्यक्तियों तथा बच्चों के द्वारा करवाई जायेगी । इसमें स्थानीय स्वयं सेवी संगठन / गैर सरकारी संस्थाओं व जागरूक तथा उत्साही व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जायेगा । इसका संदर्भ सामग्री का व्यापक प्रचार – प्रसार कर जागरूकता लाई जायेगी ।

## 9- न्याय पंचायत स्तर पर 'बाल मेला' का आयोजन :–

जनपद के 136 न्याय पंचायत पर प्रतिवर्ष एक "बाल मेला" आयोजित किया जायेगा इस बाल मेले के नियोजन में निम्न गतिविधियॉ प्रस्तावित है ।

- मेले का स्थल न्याय पंचायत के सर्वाधिक नामांकन / ठहराव की दृष्टि से पिछले ग्राम सभा/गांव में रखा जायेगा जिससे उस गांव सभा के बच्चे उनके अभिभावक उससे अधिक लाभाविंत हो सकें ।

- बल मेला में न्याय पंचायत के समस्त उत्कृष्ट कार्य करने वाले बालक – बालिकाओं को "स्टाल" लगाने के लिए प्रेरित किया जायेगा जिससे उनके उत्कृष्ट कार्य से अन्य बच्चे प्रेरणा ले सके इस मेले में प्रत्येक प्रतिभा को उचित अवसर दिया जायेगा ।
- बाल मेले में "बालिका शिक्षा" लिंग भेद तथा "बालिका शिक्षा की समस्या के प्रति जागरूक करने का प्रदर्शन आयोजन किया जायेगा ।
- क्ला जत्था – प्रदर्शन व गतिवधियॉ – स्थानीय सामाजिक सोच में रचनात्मक परिवर्तन हेतु आयोजित की जायेगी ।

## श्रब्य सामग्री (Audio taps) का निर्माण व प्रचार प्रसार :–

समुदायिक सहभागिता व जागरूकता उत्पन्न करने के लिए जनपद की 118 न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रो को श्रब्य सामग्री निर्माण एवं प्रचार – प्रसार का अभिनवी प्रयास "सर्व शिक्षा अभियान" में किया जायेगा ।

श्रब्य सामग्री न्याय पंचायत/पंचायत /ब्लाक की स्थानीय प्राथमिक शिक्षा में बाधक तत्व व उसका स्थानीय समाधान बताने वाली व "प्राथमिक शिक्षा" बालिकाओं हेतु सम्बन्धी विशेष रूप से रहे इसको सुनिश्चित किया जायेगा ।

इस सामग्री का प्रत्येक माह आयोजित होने वाली ग्राम शिक्षा समिति , मातृ – शिक्षक संघ बैठकों में तथा महिला प्रेरक समूह विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों , बाल मेलों व अन्य सामुदायिक गतिशीलता गतिविधियें में प्रयोग की जायेगी ।

## ग्राम शिक्षा समिति/समुदाय नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों का प्रशिक्षण :–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी०पी०ई०पी० बहराइच ) द्वारा प्रारम्भ की गयी ग्राम शिक्षा समिति जागरूक उत्साही व्यक्तियों का आधारभूत तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रत्येक ग्राम सभा स्तर पर संचालित है जिसे "सर्व शिक्षा अभियान " के दौरान निरन्तरता प्रदान की जायेगी ।

उक्त प्रशिक्षण जनपद की 901 ग्राम सभाओं में आयोजित किया जायेगा जिस पर प्रति ग्राम सभा 1450 /- रू० व्यय किया जाना प्रस्तावित है । प्रत्येक पॉच साल के अन्तराल पर यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण का नियोजन किया जायेगा । तथा प्रति द्वितीय वर्ष इन ग्राम शिक्षा समिति जागरूक उत्साही व्यक्तियों का पुर्नबोधात्मक प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा । इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय ग्राम शिक्षा समिति जागरूक उत्साही व्यक्तियों को गांव की प्राथमिक शिक्षा वेहतर बनाने में अपेक्षित योगदान करने के लिए जागरूक बनाया जायेगा ।

इसके साथ ही इन ग्राम शिक्षा समितियों के कार्य एवं दायित्व निर्वहन में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से प्रत्येक विकास क्षेत्र के दो ग्राम शिक्षा समितियों को प्रोत्साहित करते

हुए "प्रोत्साहन धनराशि" दी जायेगी । इस प्रकार जनपद बहराइच की कुल 24 ग्राम शिक्षा समितियों को प्रति वर्ष प्रोत्साहित किया जायेगा । इस पर 25 हजार प्रति विकास क्षेत्र की दर से कुल 3.00 लाख प्रति वर्ष व्यय प्रस्तावित है ।

3-7 बच्चों के अभिावकों को सम्मिलित किया जायेगा जिनकी विद्यालय जाने की उम्र है लेकिन वे विद्यालय नहीं जोते है ।

## लोक जुम्बिश कार्यक्रम जैसा कला जत्था – सकियकरण / प्रदर्शन :–

जनपद बहराइच के विकास खण्डों में जहॉ नामांकन दर अपेक्षा कृत कम है तथा ठहराव विशेषकर बालिकाओं, अनुसूचित जनजाति, अल्प संख्यक समुदाय की समस्या जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम द्वारा चिन्हित है, उसमें सर्व शिक्षा अभियान में सक्रिय कला जत्था कलाकारों के प्रदर्शन द्वारा समुदाय को जोड़ने का प्रयास करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की जायेगी ।

कलाकारों का चयन हेतु जनपद – बहराइच में प्राथमिक शिक्षा की दृष्टि से पिछडे क्षेत्र का , स्थानीय भाषा /समुदाय के कलाकार का चयन कर प्रशिक्षित किये जाने का प्रयास किया जायेगा । जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों की अधिक से अधिक सहभागिता प्राप्त की जा सके ।

## सामुदायिक प्राथमिक शिक्षक का प्रशिक्षण :–

जनपद बहराइच की ग्राम शिक्षा समितियों को प्रोत्साहित कर उन्हीं के माध्यम से प्राथमिक विद्यालयों को अध्यापन कार्य हेतु स्थानीय व्यक्ति को उत्तरदायित्व सौपें जाने के लिए वातावरण सृजन का कार्य किया जायेगा । इस प्रकार के व्यक्तियों का चयन स्थानीय ग्राम शिक्षा समिति करेगी इनका मानदेय परिश्रमिक ग्राम शिक्षा समिति निर्धारित कर प्रदानकरेगी । चूँकि ये व्यक्ति प्राथमिक विद्यालय में अध्ययन अध्यापन के कार्य से जुडे होगें इस लिए इनका प्रशिक्षण " सर्व शिक्षा अभियान" के अन्तर्गत प्रति वर्ष 10 दिवस के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रस्तावित किया जा रहा है । , जिसमें शिक्षण की नवीन विधाओं , नवीन पाठ्य पुस्तक आदि विषयों पर उक्त सामुदायिक प्राथमिक शिक्षकों का गठन प्रशिक्षण होगा । इनकी संख्या का निर्धारण जनपद बहराइच की ग्राम शिक्षा समितियों से प्राप्त होगा ।

इस पर व्यय सेवारत प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण में प्रति अध्यापक होने वाले प्रतिदिन व्यय करके बराबर होगा ।

## सबसे अच्छे शिक्षा मित्र/ सामुदायिक शिक्षक/वै०शि० केन्द्र संचालक को पुरस्कृत करना :–

जनपद बहराइच के 118 न्याय पंचायतों में प्रत्येक न्याय पंचायत में 02 सबसे अच्छे शिक्षा मिश्र/सामुदायिक शिक्षा/ बै०शि० केन्द्र संचालक को 1000/- रू० प्रोत्साहन राशि देकर सर्व

शिक्षा अभियान के दौरान प्रति वर्ष प्रोत्साहित किया जायेगा । इनका चयन सेवित क्षेत्र के समस्त बालक / बालिकाओं के शत प्रतिशत नामांकन वर्ष भर ठहराव की तथा शैक्षिक सम्प्राप्ति की बेहतर स्थिति तथ स्थानीय समुदाय से बेहतर समन्वयन के आधार पर किया जायेगा ।

## अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए सामुदायिक गतिशीलता हेतु विशेष प्रयास :—

जनाद की समस्त 118 न्याय पंचायतों में अनुसूचित जाति/जनजाति के बच्चों को चिन्हित कर सूची बद्ध कर प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर गठित कोर टीम के माध्यम से इनके नामांकन , ठहराव की स्थिते पर प्रत्येक माह समीक्षा कर बेहतर बनाने का प्रयास किया जायेगा । इनके सम्प्राप्ति स्तर के लिए न्यार पंचायत स्तर से ब्यापक रणनीति बनाकर स्थिपित बेहतर की जायेगी इन समस्या ग्रस्त विशेष क्षेत्र में कला जत्था जन सम्पर्क अभियान, ठहराव परिक्रमा आदि जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम की गतिवेधियों को सर्व शिक्षा दौरान निरन्तर प्रदान की जायेगी ।

इसके साथ ही इन विशेष आवश्यकता वाले चिन्हित बच्चों को अतिरिक्त शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा । जिसमें इनके घर /समुदाय में जाकर शिक्षण तथा शैक्षिक समस्याओं का निराकरण सम्मिलित किया जायेगा ।

## प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों का विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण :—

ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे सामान्य रूप से निर्धनता व जागरूकता के अभाव में स्वास्थ्य परीक्षण से बंचित रह जाते हैं तथा उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से समय से नही मिल पाती है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी०पी०ई०पी०) बहराइच के इस आवश्यकता को पहचानते हुए प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण प्रकिया प्रारम्भ की है । इस प्रकिया को सर्व शिक्षण अभियान में निरन्तरता प्रदान की जायेगी साथ ही सर्व शिक्षा अभियान में उच्च प्राथमिक शिक्षा अध्ययन केन्द्र (विद्यालय) के बच्चें भी सम्मिलित किये जायेगें ।इस हेतु रूपया 500/- प्रतिवर्ष प्रति विद्यालय की दर से सामुदायिक गतिशीलता के बजट में प्रावधानित किया जा रहा है ।

विशिष्ट आवश्यकता वाले चिन्हित बच्चें (जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम बहराइच द्वारा)की विशिष्ट आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने का प्रयास किया जायेगा इसके साथ सर्व शिक्षा अभियान दौरान जनपद बहराइच के उच्च प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययन हेतु इन बच्चों को व इनके अभिभावकों को प्रेरित कर आवश्यक व्यवस्था बच्चे की विशिष्ट आवश्यकतानुसार की जायेगी । इस हेतु सामुदायिक गतिशीलता के बजट में आवश्यक किया गया है ।

## उच्चप्राथमिक कक्षाओं हेतु कम्प्यूटर शिक्षण :–

उच्च प्राथमिक कक्षाओं में ठहराव हेतु जनपद बहराइच के अनुसूचित जन जाति बाहुल्य क्षेत्र 'मिहीपुरवा' में ठहराव की दृष्टि से समस्याग्रस्त क्षेत्रों में छात्र–छात्राओं हेतु कम्प्यूटर शिक्षा का बजट प्रावधान 'सर्व शिक्षा अभियान' में किया जा रहा है ।

## उच्च प्राथमिक कक्षाओं में सिलाई–कढाई प्रशिक्षण कोर्स :–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी०पी०ई०पी०) बहराइच द्वारा ड्राप आउट बालिकाओं को पुनः विद्यालय में अध्ययन सुनिश्चित करने की दृष्टि से संचालित ग्रीष्म कालीन शिविर (जिसमें सिलाई कढाई बंधी जानकारी भी सम्मिलित थी । की सफलता को देखते हुये सर्व शिक्षा अभियान में उच्च प्राथमिक कक्षाओं की बालिकाओं हेतु सिलाई कढाई प्रशिक्षण प्रस्तावित किया जा रहा है ।

## गैर सरकारी संगठनों द्वारा सामुदायिक गतिशीलता – प्रोत्साहन :–

किसी भी अभियान की सफलता, लोगों के अभियान से जुड.ाव पर निर्भर करती है ये जुडाव नियोजन से कियान्वयन व पुनः नियोजन तक, पूर्व प्रकिया से जुडा होना आवश्यक है।

स्वयं सेवी संगठन/ गैर सरकारी संस्थायें स्थानीय आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग जन समुदाय में पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यकम –बहराइच के इस अनुभव को 'सर्व शिक्षा अभियान' में निरन्तरता 'सकिय स्थानीय गैर सरकारी संगठनों को आवश्यक प्रोत्साहन देकर प्राप्त की जायेगी ।

गैर सरकारी संस्थाओं की सहभागिता, सर्व शिक्षा अभियान के न केवल नियोजन स्तर पर प्राप्त की जा रही है वरन इसके प्रत्येक ऐसे कार्यक्रम/गतिविधियों में कियान्वयन स्तर पर प्राप्ति करने का प्रयास किया जायेगा । जिसमें प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनीकरनण करण के लक्ष्य को प्राप्त किया जाये । इसके लिए आवश्यक बजट प्रावधान किया गया है ।

## विशेष प्रकार के बच्चों की शिक्षा समेकित शिक्षा :–

हमारे देश की लगभग 5-10 % जनसंख्या किसी न किसी विकलॉगता के प्रसार से प्रभावित हैं सभी को शिक्षा दिलाने का उद्देश्य तब तक पूरा नहीं हो सकता है जब तक की विकलॉगता से प्रभावित बच्चों को विद्यालय में नहीं लाया जायेगा । किसी भी विकलॉग बच्चे की विकलॉगता का प्रभाव जहॉ तक उसके परिवार तथा समुदाय को प्रभावित करता हैं वहीं पर उस विकलॉग को उससे अधिक प्रभावित करता हैं क्योंकि वह अपने आपको समाज के बीच में असहाय महसूस करता है कई ऐसे बच्चे हैं जो कि विकलॉग होने के उपरान्त भी शिक्षा प्राप्त करने का प्रयास करते हैं जबकि कई विद्यालय घर से दूर होने के कारण यह बच्चे शिक्षा के अभाव में अशिक्षित ही रह जाते हैं । इन विकलॉग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने के लिए जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम में समेकित

शिक्षा के माध्यम से कई कार्य किये जा रहें है । मेडिकल एसेस्मेट कैम्प , वातावरण सृजन हेतु कार्यशाला , स्वास्थ्य परीक्षण आदि ।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विकलॉग बच्चों की शिक्षा पर विशेष महत्व दिया जा रहा है ।

## विकलॉगता/अक्षमता के प्रकार :—

विकलॉगता/अक्षमता मुख्य रूप से निम्न प्रकार की होती है ।

1- दृष्टि विकलॉगता /अक्षमता

2- श्रवण एवं वाणी विकलॉगता/अक्षमता

3- शरीरिक विकलॉगता /अक्षमता

4- मानसिक मन्दता

5- अधिगम अक्षमता

## विकलॉगता /अक्षमता का कारण :—

विकलॉगता होते के कारण तो बहुत से होते हैं इन कारणों को दो भागों में विभाजित करके इन्हें संक्षेप में बताया जा सकता हैं । यह कारण मुख्य रूप से दो प्रकार से होते हैं ।

1- जन्म के समय

2- जन्म के बाद

### 1- जन्म के समय :—

जन्म के समय विकलॉगता तब हो सकती है । जब मॉ को गर्भावस्था के दौरान डक्टर की सही सलाह न मानी गयी हो मॉ का खान – पान का ध्यान न रखा गया हो अगर बच्चा पैदा होते समय नहीं रोया हो तथा उसे पीलिया हो गया हो तो बच्चा विकलॉग हो सकता है

### 2- जन्म के बाद :—

जन्म के बाद होने वाली विकलॉगता किसी भी उम्र में हो सकती है मानसिक मन्दता किसी भी व्यक्ति के दुर्घटनावश स्तर पर चोट लगने के कारण जन्म से 16 वर्ष की आयु तक हो सकती है । बच्चों में अधिगम अक्षमता के कई कारण हो सकते हैं जैसे कि

– माता पिता स्नेह में कमीं ।

– देखने, बोलने एवं सुनने में कठिनाई

– बौद्धिक क्रिया कलापों के विकास की मन्दमति सीखने के समान अवसन न मिलना ।

– लालन पालन के समय बच्चे का सही तरीके से ध्यान न रखना ।

– दृष्टि तथा मांस पेशियों मे तालमेल  न होना ।

1991 की जनगणना के अनुसार जनपद बहराइच की जनसंख्या 1840373 है । बहराइच में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत विकलांग बच्चों का सर्वेक्षण हाउस होल्ड सर्वे के अनुसार अध्यापक/न्याय पंचायत समन्वयक/ब्लाक समन्वयकों द्वारा कराया गया । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार विकलांगता वाले 0-14 वर्ष के बच्चों की संख्या निम्न प्रकार दर्शायी गयी है ।

| | बालक | बालिका | योग |
|---|---|---|---|
| 1-दृष्टिअक्षमता | 253 | 167 | 420 |
| 2श्रवणएवंवाणी | 530 | 324 | 854 |
| 3-शारीरिक अक्षमता | 1558 | 765 | 2323 |
| 4- मानसिक मन्दता | 304 | 155 | 459 |
| 5- अधिगम अक्षमता | 253 | 101 | 354 |
| योग | 2898 | 1512 | 4410 |

अक्षमता  के परिणामस्वरूप  बच्चों में अपने आप में आत्म निर्भरता की कमी आ जाती है । समाज भी इन बच्चों को उपेक्षित करता रहता है ऐसे बच्चों के प्रति परिवार को भी अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है परिवार में विकलॉग बच्चें के कारण आर्थिक बोझ बढ़ जाता है अगर समाज के लोग इन बच्चों का सहयोग करें तथा समय – समय पर अच्छा  कार्य करने पर प्रोत्साहित करें तब इन विशेष प्रकार के बच्चों में अत्म विश्वास बढेगा ।

अक्षम बच्चों से सम्बन्धित शिक्षा के लिए हमारे देश में कुल 05 राष्ट्रीय संस्थान   है ।

1- राष्ट्रीय मानसिक विकलॉग संस्थान मनोविकास नगर सिकन्दराबाद ।

2- राष्ट्रीय श्रवण विकलॉग संस्थान बान्द्रा मुम्बई ।

3- राष्ट्रीय दृष्टि विकलॉग संस्थान देहरादून ।

4- राष्ट्रीय आर्थोपेडिक्ट संस्थान कलकत्ता ।

5- अस्थि विकलॉग संस्थान दिल्ली ।

अक्षम बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष तकनीक की आवश्यकता होती है जबकि कम एवं मध्यम श्रेणी के विकलॉग बच्चों को पढ़ाने के लिए विशेष तकनीक की आवश्यकता नहीं होती है । केवल शिक्षक को कुछ बातों पर ध्यान रखना पडेगा जैसे की पढ़ाने समय अधिक से अधिक शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रयोग करें । विशेष तकनीक की आवश्यकता उन बच्चों को होती है जिनका रोग असाध्य या गम्भीर रूप धारण कर चुका है ।

अक्षम बच्चों की शिक्षा के लिए समुदाय , परिवार एवं अध्यापकों का संवेदीकरण कराना अति आवश्यक कार्य है इसके लिए सबसे पहले अपने परिवार एवं समुदाय के दृष्टिकोण को बदलना

होगा । इन बच्चों को सहानभूति की नहीं बल्कि सही मार्ग दर्शन एवं सहायता की आवश्यकता है इनकी अक्षमता को अनदेखा करके इनकी क्षमताओं को विकसित करने की आवश्यकता है ।

जनपद बहराइच में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत समेकित शिक्षा के कार्य के लिए चार विकास खण्डों का चयन किया गया है। यह विकास खण्ड है नवाबगंज, महसी, शिवपुर एवं हुजूरपुर। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अब समस्त विकासखण्डों में समेकित शिक्षा चलाई जायेगी।

इन चार विकास खण्डों में मेडीकल एसेस्मेन्ट कैम्प लगाये जा चुके हैं तथा समेकित शिक्षा के लिए वातावरण सृजन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी इन चार विकास खण्डों में किया जा चुका है जिसमें 05 अध्यपकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा कुछ अभिभावकों को भी प्रतिभाग कराया गया । बहराइच में चयनित दो विकास खण्डों में 05 दिवसीय प्रशिक्षण अभी तक शुरू नहीं कराया जा सका है । क्योकि अभी तक शिक्षक हस्त पुस्तिका एवं फोल्डर्स का मुद्रण नहीं कराया गया है । प्रक्रिया चल रही है मुद्रण के बाद तुरन्त प्रशिक्षण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा । जनपद में स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य किया जा रहा है । सभी विकलॉगताओं का सर्वेक्षण 0-14 वर्ष का ब्लाक समन्वयकों द्वारा कराया गया है ।

जनपद में अभी तक कुल 05 मास्टर ट्रेनर है जिनमें से 05 मास्टर ट्रेनर्स को 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है तथा एक एक माह का ब्रीच कोर्स कराया गया है तथा अब तक शेष विकास खण्डों में 20 मास्टर ट्रेनर्स का चयन करके 10 दिवसीय प्रशिक्षण कराया जायेगा । मेडीकल एसेस्मेन्ट कैम्प हेतु चयनित चार विकास खण्डों में कैम्प के लिए 1000/- रूप्ये दिये गये थे जिसमें अधिकतम एक विकास खण्ड में 05 कैम्प लगाये जा सकते हैं तथा शेष 10 विकास खण्डों में भी मेडीकल एसेस्मेटन्ट कैंम्प आयोजित किये जायेगें । जनपद में फाउन्डेशन कोर्स (45दिन) का सह समन्वयक एवं न्याय पंचायत समन्वयक को चयनित दो विकास खण्डों में ही कराया गया है तथा शेष 12 विकास खण्डों में सह समसन्वयक एवं न्याय पंचायत समन्वयकों को फाण्उडेशन कोर्स कराया जायेगा । जनपद में प्राथमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण में 37 अध्यापकों का एक फेरा होगा जिसमें एक फेरे की धनराशि 17200 रूपये होगी । जनपद में चार विकास खण्डों के लिए 3,08,000.00/- रूपये राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त है तथा अब शेष 10 विकास खण्डों में इसी प्रकार प्रशिक्षण डायट के माध्यम से कराया जायेगा । उपकरण एवं उपस्कर कैम्प हेतु 5000 प्रत्येक कैम्प के लिए दो विकास खण्डों में प्रस्तावित है तथा अधिकतम् दो कैम्प एक विकास खण्ड में लगाया जा सकता है शेष 10 विकास खण्डों में 10,000 प्रत्येक विकास खण्ड के लिए प्रस्तावित किया गया है तथा तहसील स्तर पर रिसोर्स रूप का विकास किया जायेगा तथा वोकेशनल कैम्प का आयोजन ब्लाक स्तर पर किया जायेगा जिसमें 9 -14 वर्ष के बच्चों को बोकेशनल ट्रेनिंग दी जायेगी ।

जनपद में यह देखा गया है कि विकलॉग बच्चों के माता – पिता को जानकारी का बहुत अभाव है तथा उन्हें अधिक से अधिक मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है क्योकि यहॉ पर कई ब्लाक नगर से बहुत दूर है। तथा वह ज्यादातर बाढ़ से प्रभावित रहते हैं । इस लिए वहॉ ग्राम स्तर पर सम्पर्क करने में कठिनाई होती है ।

जनपद बहराइच में विकलॉग बच्चों को शिक्षा देने के लिए दो विशेष विद्यालय हैं । हैण्डीकैप्ड चाइल्ड बेलफेयर सोसाइटी सबेरा जरवल रोड बहराइच ।

2- मूल बधिर विद्यालय कानूनगोपुरा (दक्षिणी) बहराइच ।

## उपकरण एवं उपस्कर :–

अक्षम बच्चों की विकलॉगता का प्रतिशत एवं उपकरण एवं उपस्कर की आवश्यकता ज्ञात करने के लिए मेडीकल एसेस्मेन्ट कैम्प का आयोजन किया जाये जिसमें डाक्टरों की टीम में आर्थोपेडिक्ट , इ०एन०टी० सर्जन एवं एक आई स्पेशलिस्ट हो फिर आवश्यकतानुसार उन्हें उपकरण एवं उपस्कर कराने होगे जिसके लिए निम्न संस्थाओं का सहयोग लिया जा सकता है ।

1- एलिम्को जी०टी० रोड कानपुर ।

2- भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा स्थापित कम्पोजिट फिटमेन्ट सेन्टर ।

3- यू०पी० विकलॉग केन्द्र 13 लूकरगंज इलाहाबाद ।

4- मंगलम् ए– 445 इन्दिरा नगर लखनऊ ।

## अध्यापकों का प्रशिक्षण :–

समेकित शिक्षा के लिए प्राथमिक अध्यापकों को 05 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा । इन अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रति विकास खण्ड 4-4 मास्टर ट्रेनर्स का चयन किया जाता है ।

## मास्टर ट्र ेनर का प्रशिक्षण :–

प्रत्येक विकास खण्ड से 4-4 मास्टर ट्रेनर होगें इनमें दो अध्यापक एवं दो लोग डायट एवं किसी स्वयं सेवी संस्था के होगें । तथा प्रत्येक विकास खण्ड से एक सह समन्वयक एवं न्याय पंचायत समन्वयक को 45 दिन का फाउन्डेशन कोर्स भी कराया जायेगा तथा अन्य का प्रशिक्षण 10 दिन का होगा । इन सभी का प्रशिक्षण एडवांस स्टडीज इन स्पेशल एजूकेशन, रूलेहखण्ड विश्व विद्यालय बरेली , अमर ज्योति रिहैबिलिटेशन एण्ड रिसर्च सेन्टर ककरडूमा विकास मार्ग दिल्ली एवं उ०प्र० विकलॉग केन्द्र रूरल रिसर्च सोसाइटी 13, लूकरगंज इलाहाबाद में आयोजित किया जा सकता है।

## शिक्षको के लिए शैक्षिक सामग्री :—

शिक्षकों के लिए शिक्षक हस्त पुस्तिका का विकास किया गया है तथा पॉच विकलॉगताओं —दृष्टि, श्रवण, अस्थि, मानसिक एवं अधिगम विकलॉगता के फोल्डर्स राज्य परियोजना के द्वारा तैयार कराये गये हैं जो कि जनपद में प्राप्त है । समुदाय में संवेदनशीलता लाने के लिए "आप क्या कर सकते हैं " नामक फोल्डर विकसित किया गया है । तथा ग्राम शिक्षा समितियों एवं शिक्षकों के प्रशिक्षण माड्यूल में विकलागों के विकास को शामिल किया गया है ।

## स्वंय सेवी संस्थाओं की भागीदारी :—

विकलॉग/अक्षम बच्चों हेतु ऐसी संस्था का चयन किया जाना चाहिए जिसके पास विकलांगता के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव हो तथा वह ऐसी संस्था हो निम्नलिखित पात्रता रखती हो

1- संस्था/सोसाइटी रजिस्ट्रेशन के अन्तर्गत कम से कम तीन वर्ष पूर्व रजिस्टर्ड हो ।

2- संस्था के पास विकलॉगता के क्षेत्र में विशेषज्ञ की उपलब्धता ।

3- विकलॉगता के क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का अनुभव ।

4- संस्था विकलॉग जन अधिनिमय 1995 की धारा 51 के अन्तर्गत पंजीकृत हो ।

## अनुमानित बजट

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सर्वेक्षण | — | माइक्रोप्लानिंग के द्वारा | |
| 2- | मेडीकल एसेस्मेन्ट कैम्प | — | 14x2300 | = 32,200 |
| 3- | मास्टर टेनर्स ट्रेनिंग | — | 2x10x2575 | = 51,500 |
| 4- | फाउन्डेशन कोर्स (45दिन ) | — | 1,74,240 (25 प्रतिभागी ) | |
| 5- | प्राथमिक अध्यापकों का प्रशिक्षण | — | 17,200x2300/37 | =10,75,405 |
| 6- | छपाई (शिक्षक हस्त पुस्तिका एवं फोल्डर्स) | — | 12x8000 | = 96,000 |
| 7- | स्वंय सेवी संस्था के कार्य हेतु (प्रति ब्लाक ) | — | 6x3,00,000 | = 18,00,000 |
| 8- | अभिभावक परामर्श कैम्प | — | 14x500 | = 7000 |
| 9- | बोकेशनल कैम्प (10-14 वर्ष) | — | 14x3000 | = 42,000. |
| 10- | तहसील स्तर पर रिसोसे रूम | — | 30000 x 4 | =1,20,000 |
| 11- | स्पेशल कैम्प (03 दिन ) | — | | |
| 12- | इन्फारस्ट्रेक्चर रैम्प | — | | |
| 13- | अन्य व्यय (कंटिजेसी) | — | 14x10,000 | = 1,40,000 |
| | कुल योग | | | = 33,64,105 |

**बालिका शिक्षा के नामांकन एवं ठहराव हेतु डी०पी०ई०पी० के अन्तर्गत लिए गये प्रयास :–**

| क्र०सं० | गतिविधि का नाम | लक्ष्य / | प्रशिक्षण | उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | जिला सन्दर्भ समूह गठन | 42 | डायट द्वारा | बालिका शिक्षा कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालित करने हेतु |
| 2- | न्याय पंचायत स्तरीय कार्यशाला | 106 | न्याय पंचायत स्तर | बालिका शिक्षा के कार्य क्रम का नियोजन न्याय पंचायत स्तर पर । |
| 3- | लिंग संवेदनशीलता प्रशिक्षण | – | राज्य परियोजना द्वारा प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा | बालक, बालिका असमानता को समाप्त करने हेतु । |
| 4- | माता शिक्षक संघ / अभिभावक शिक्षक संघ | माडल कलस्टर के समस्त विद्यालयों में बनेगा । | M.T. द्वारा | माता पिता एवं समुदाय में बालिका शिक्षा के जागरूकता एवं |
| 5- | मॉ–बेटी मेला | – | – | – |
| 6- | कला जत्था | 270 गांवों | प्रशिक्षित कलाकारों द्वारा | नामांकन एवं ठहराव में सहयोग |
| 7- | माडल कलस्टर | 15+10=25 | – | – |
| 8- | ई०सी०सी० ई०केन्द्र | 48संचालित | – | – |
| 9- | ग्रीष्म कालीन शिविर | 140 शिविर | शिविर प्रभारी द्वारा | 5 वर्षो के रिकार्ड द्वारा चयनित शालात्यागी बालिकाओं को पुनः विद्यालय से जोड़ना । |
| 10- | महिला प्रेरक समूह | | | |

## 1- <u>जिला संदर्भ समूह का गठन :–</u>

बालिका शिक्षा कार्यक्रम का सुचारू रूप से निर्धारित करने क लिए जिला स्तर पर संदर्भ समूह का गठन करके प्रति ब्लाक 3 लोगो को प्रशिक्षित किया जायेगा 42 D.R.G. सदस्यो पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण का रू० 21.8 हजार व्यय करने का प्रस्ताव है D.R.G सदस्यों द्वारा उच्च प्राथमिक

शिक्षा में बालिकाओं के ठहराव हेतु रणनीति बनायी जायेगी। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित कराया जायेगा।

## 2- जिला स्तर पर बैठक :-

बालिका शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु पूरे वर्ष में 6 बार बैठकें आयोजित की जायेगी जिस पर रू० 1 हजार प्रति बैठक की दर से कुल 12 हजार रूपये व्यय प्रस्तावित है । 7 वर्ष क लगातार बैठक हेतु 84 हजार का व्यय प्रस्तावित है सर्व शिक्षा अभियान में जिला स्तर बैठक में प्रा० एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिका शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु शैक्षिक गतिविधियों से जुडे निर्माण संस्थाओं (सरकारी – गेट– सरकारी) जन प्रतिनिधियों , समाजसेवी कार्यकर्ताओं से अपेक्षित सहयोग लिया जायेगा। यह बे०क०2002-2003 , 2003-2004 , 2004-2005, 2005-2006 , 2006-2007 में होती रहेगी ।

## 3- जिला स्तरीय सेमिनार कार्यशाला :-

वर्ष में दो बार जिला स्तरीय सेमिनार कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा । इस कार्यशाला में विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों , बुद्धि जीवी वर्ग के सदस्यों की सम्मिलित करके प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा में बालिकाओं के नामांकन एवं ठहराव हेतु सुझाव आमन्त्रित किये जायेगे । सुझावों के आधार पर रणनीति तैयार होगी । डी०पी०ई०पी० के अन्तर्गत प्रति कार्यशाला 15 हजार का प्राविधान है । 2001-2002, 2002-2003, 2003-2004, 2004-2005, 2005-2006, 2006-2007 में जिला स्तरीय सेमिनार कार्यशाला हेतु प्रतिवर्ष 30 हजार की दर से 7 वर्ष हेतु 210 हजार रूपये व्यय प्रस्तावित है ।

## लिंग संवेदनशीलता प्रशिक्षण :-

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम में माडल कलस्टर के समस्त अध्यापकों, बी०आर०सी० , एन०पी०आर०सी० समन्वयकों को लिंग संदवेनशीलता प्रशिक्षण कराया जा चुका है । वर्ष 2001-2002 में जनपद बहराइच के समस्त विकास खण्डों के सेवारत शिक्षकों को जेण्डर प्रशिक्षण कराया जायेगा । 20001-2001, के जेण्डर प्रशिक्षण में प्रा० शिक्षा के साथ – साथ उच्च प्रा० शिक्षा में बालिकाओं को शिक्षा के प्रति संवेदनशीलता का विकास किया जायेगा । 2001-2002 में लिंग संवेदनशीनलता प्रशिक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत्त सभी शिक्षक शिक्षिकाओं कौ सम्मिलित किया जोयगा । उच्च प्रा० वि० में कार्यरत शिक्षक की संख्या 700 है ।

लिंग संवेदनशीता प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर के संदेश स्तर पर प्रशिक्षित किया जायेगा । प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में ब्लाक पर प्रशिक्षण देने हेतु शिक्षक प्रशिक्षक तैयार किए जायेगें । ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण टीम तैयार करने हेतु 10,000 रू. की आवश्यकता होगी । इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षण पैकेज भी दिया जायेगा । ब्लाक स्तर पर बी०आर०सी० पर शिक्षक प्रशिक्षक द्वारा 30-30 अध्यापकों के समूह को प्रशिक्षित किया जायेगा ।

माडल कलस्टर में इन गतिविधियों के माध्यम से बालिका नामांकन एवं ठहराव में वृद्धि हुई है । बहराइच जनपद के 14 विकास खण्डों में महिला प्रेरक समूह का गठन किया जाये । एक विकास खण्ड में इनकी संख्या कम से कम 20 होगी । 20 समूह प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा में बालिकाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करायेगें ।

14 विकास खण्डों में इनकी संख्या 14 x 20 = 280 समूह ।

## माता – शिक्षक संघ :–

माडल कलस्टर में माता शिक्षक संघ/ अभिभावक शिक्षक संघ का गठन हो गया है इनके प्रशिक्षण हेतु धन प्राप्त है 2001 - 2002 में इनका प्रशिक्षण पूर्ण करा लिया जायेगा ।

उच्च प्राथमिक स्तर पर भी मातृ अभिभावक एंव पितृ अभिाभावक संघ की आवश्यकता है । इनका गठन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा । इनकी संख्या 15 से 20 होगी उच्च प्राथमिक में प्रत्येक विद्यालय में गठन करने से इनके कुल समूहों की संख्या लगभग 1300 होगी । जिनके प्रक्षिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर को प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षित किया जायेगा उसी मास्टर ट्रेनर से ब्लाक संसाधन केन्द्रों पर संघ सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु अन्य प्रशिक्षक प्रशिक्षित कराये जायेगें । यह प्रशिक्षण विद्यालय वार कराया जायेगा एक समूह के प्रशिक्षण हेतु 2500/- की आवश्यकता होगी 1300 समूह को प्रशिक्षण देने हेतु 1300 x 2500 = 32,50000 रूपये की आवश्यकता होगी ।

## मॉ – बेटी – मेला :–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम में माडल कलस्टर की ग्राम सभाओं में मॉ बेटी मेला का आयोजन कराया जाना था जो अभी तक नहीं कराया गया । यह कार्य वर्ष 2001-2002 में पूरा किया जायेगा । यह मेला बालिका शाला त्याग को रोकने में सहायक होगा । उच्च प्राथमिक स्तर पर मॉ बेटी मेला के आयोजन हेतु बलहा, शिवपुर, मिहीपुरवा का चयन किया जायेगा । तीनों विकास खण्ड में महिला साक्षरता दर बहराइच जनपद के अन्य विकास खण्ड की तुलना में बहुत कम है एक– एक विकास खण्ड की 10 ग्राम सभाओं में यह मेला आयोजन किया जायेगा । एक मेला आयोजन का बजट 3800.00 रू० हैं । प्रत्येक विकास खण्ड हेतु 38,000.00 रूपये की आवश्यकता होगी । माइक्रोप्लानिंग के आधार पर उन ग्राम सभाओं का चयन किया जायेगा जहॉ बालिकायें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर विद्यालय से बाहर है ।

## ग्रीष्म कालीन शिविर :–

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर विद्यालय के पॉच वर्षो का शाला त्याग दर रजिस्टर से निकालकर बालिकाओं को सूची बद्ध किया जायेगा एवं ग्रीष्म कालीन शिविर आयोजन करके उन्हें पुनः विद्यालय में नामांकित किया जायेगा ।

## प्राथमिक स्तर पर शिविर आवश्यकता

| क्र०सं० | वर्ष | विकास खण्ड | शिविरों की | प्रतिभागी सं. | बजट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | 2000-2001 | 12 | 120 | 4229 | 5,42,400.00 |
| 2- | 2001-2002 | 14 | 140 | 5600 | 6,30,000.00 |
| 3- | 2002-2003 | 14 | 140 | 5600 | 6,30,000.00 |
| 4- | 2003-2004 | 14 | 140 | 5600 | 6,30,000.00 |
| 5- | 2004-2005 | 14 | 140 | 5600 | 6,30,000.00 |
| 6- | 2005-2006 | 14 | 140 | 5600 | 6,30,000.00 |
| 7- | 2006-2007 | 14 | 140 | 5600 | 6,30,000.00 |

## उच्च प्राथमिक स्तर पर ग्रीष्म कालीन शिविर आयोजन

विद्यालय के रजिस्टर से पिछले पॉच वर्षो का शाला त्याग दर निकालकर बालिकाओं की सूचीबद्ध किया जायेगा । ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन करके उन्हें पुनः विद्यालय में नामांकित कराया जायेगा । प्रशिक्षण के दौरान इन बालिकाओं की पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन के ज्ञान के साथ – साथ हस्तशिल्प, लघु उद्योग से संबंधित ज्ञान जीने मोमबत्ती बनाना, चटाई, बनाना, पेखें बनाना, अचार मुरब्बा बनाने का प्रशिक्षण , तिपाई बनाना, आदि सिखाया जायेगा ।

## उच्च प्राथमिक स्तर पर शिविर की आवश्यता

| क्र०सं० | वर्ष | विकास खण्ड की संख्या | प्रतिभागी सं०/ शिविरों की | प्रतिभागी सं. | बजट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | 2001-2002 | 14 | 140 | 5600 | 6,30,000.00 |
| 2- | 2002-2003 | 14 | 70 | 2800 | 3,15,000.00 |
| 3- | 2003-2004 | 14 | 70 | 2800 | 3,15,000.00 |
| 4- | 2004-2005 | 14 | 70 | 2800 | 3,15,000.00 |
| 5- | 2005-2006 | 14 | 70 | 2800 | 3,15,000.00 |
| 6- | 2006-2007 | 14 | 70 | 2800 | 3,15,000.00 |

## अभिभावक सम्मेलन :–

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर सत्र के प्रारम्भ ,मध्य एंव अन्त में अभिभावक सम्मेलन बुलाया जायेगा । प्रारम्भ में अभिभावकों को छात्र उपस्थित से सम्बन्धित समस्याओं से अवगत कराया जायेगा । उपस्थिति के सम्बन्ध में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सुझाव आमन्त्रित किये जायेगें । सत्र के मध्य में शैक्षिक उपलब्धि में आने वाली बाधाओं पर विचार किया जायेगा । छात्र /छात्राओं की प्रगति में अभिभावक सम्मेलन की महती भूमिका है।

प्रा०वि० एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कमी को समुदाय के सहयोग से पूरा करने का आहवान किया जायेगा ।

## ठहराव परिक्रमा तथा तारांकन :–

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर प्रत्येक विद्यालय में सप्ताह में एक बार ठहराव परिक्रमा निकाली जायेगी । जिसमें विद्यालय में बच्चें अध्यापक एवं अभिभावक सम्मिलित होगे । नियमित उपस्थित न रहने वाले बच्चों के दरवाजे पर जाकर उन्हें विद्यालय में नियमित उपस्थित रहने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा । बच्चों को उपस्थित के प्रति सचेत एवं सावधान रहने के लिए प्रतिमाह लाल , पीला और हरा निशान दिया जायेगा । यह कार्य प्रधानाध्यापक द्वारा किया जायेगा । प्रधानाध्यापक विद्यालय में उपस्थित रिकार्ड बनाएगा एवं जिस बच्चों को लाल निशान लगातार मिलेगा उन्हें सावधान किया जायेगा ।

| | |
|---|---|
| 7 दिन उपस्थित होने वाले बच्चों को – | लाल निशान |
| 14 दिन उपस्थित रहने वाले बच्चों को – | पीला निशान |
| 21 दिन उपस्थित रहने वाले बच्चों को – | हरा निशान |

तारांकन प्रक्रिया के विषय में बच्चों को भी पूर्ण जानकारी दी जायेगी ।

## अनुरक्षक अथवा स्कूल माता की व्यवस्था :–

प्राकृतिक अवरोध स्कूल की दूरी एवं असुरक्षा की भावना आदि ऐसे कारण है जिसके कारण कई अभिभावक अपनी बेटियों को स्कूल भेजने में सकुंचाते हैं इस कठिनाई को दूर करने के लिए समुदाय के सहयोग से अनुरक्षक अथवा स्कूल माता की व्यवस्था की जायेगी जो बालिकाओं को विद्यालय पहुँचाने एवं वापस लाने में मदद करेगी । प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकन एवं ठहराव को सुनिश्चित करेगी ।

## विशेष कोचिंग व्यवस्था :–

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर जिन बालिकाओं की नियमित उपस्थित नहीं रहती हैं उनका शैक्षिक उपलब्धि स्तर अन्य बालिकाओं की उपेक्षा कम हो जाता है समुदाय के सहयोग से इन बालिकाओं के लिए विशेष कोचिंग की व्यवस्था की जायेगी ।

## प्रहर पाठशाला :–

जनपद बहराइच में 9+ वाली बालिकाओं हेतु प्रहर पाठ्शाला की विशेष आवश्यकता है यह पाठ्शाला उन्हें पढने का पुनः अवसर प्रदान करेगी । प्रहर पाठ्शाला का पाठ्यक्रम लचीला हो एवं स्थानीय साहित्य एवं कला का समावेश हो जैसे मिहींपुरवा की आम्बा कारीकोट एवं लौकाही की अनुसूचित जन जाति आबादी हेतु विशेष पाठ्यक्रम की आवश्यकता है ।

प्रहर पाठ्शाला को चलाने के लिए महिला अध्यापिकाओं की स्थानीय चयन प्रकिया के आधार पर नियुक्ति की जाए जिससे वे पढाई के साथ – साथ भावी जीवन की सफलता में भी निपुण हो जायें। बहराइच जनपद हेतु 200 प्रहर पाठ्शालाओं की आवश्यकता है जिसमें प्रति पाठ्शाला तीन शिक्षिकाओं के मानक के आधार पर 600 शिक्षिकाओं की आवश्यकता होगी ।

## प्रहर पाठ्शाला (जनपद बहराइच )

| क्र०सं० | | संख्या |
|---|---|---|
| 1- | प्रहर पाठ्शाला | 200 |
| 2- | शिक्षिकाऐं | 600 |
| 3- | पाठ्य सामग्री एवं अनुपूरक सामग्री प्रति पाठ्शाला | 200 केन्द्रों हेतु |

## उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं के लिए कार्यानुभव :–

उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन एवं ठहराव को सुनिश्चित करने में कार्यानुभव आधारित शिक्षण प्रदान किया जायेगा । कार्यानुभव उच्च प्राथमिक शिक्षा में बालिकाओं का शालात्याग कम करेगा एवं बालिकाओं में व्यावसायिक कौशल का विकास करेगा । कार्यानुभव से बालिकाओ का भविष्य उज्जवल होगा । कार्यानुभव के कार्यक्रम द्वारा बालिकाए स्थानीय आवश्यकतानुसार कुछ व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करके भावी जीवन में स्वालम्बी एवं आत्म निर्भर बन सकती है । व्यवसायिक प्रशिक्षण में हाथ की बुनाई , सिलाई , कढ़ाई, चटाई बनाना पंखा बनाना, मोमबत्ती बनाना, पौधशाला बनाना खडिया बनाना, फाइलकवर बनाना, स्कूल के बस्ते बानाना, मिठाई के डिब्बे बनाना आदि ।

अचार , मुरब्बा, फ्रूट जेम आदि का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलम्बी बनाया जा सकता है । उच्च प्राथमिक शिक्षा में कार्यानुभव के समावेश से अभिभावकों में बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी । क्योकि बालिकाएं भावी जीवन की तैयारी में लग जायेगी ।

## शिशु शिक्षा केन्द्र :–

बहराइच जनपद में बाल विकास विभाग के सहयोग से 48 आंगनबाडी केन्द्रों को शिशु शिक्षा केन्द्रों के रूप में चयनित किया गया है वर्तमान में बहराइच जनपदमें आई०डी०एस० विभाग द्वारा संचालित ऑगनबाडी केन्द्रों की स्थिति इस प्रकार है :–

| क्र० सं० | विकास खण्ड का नाम | आंगन बाडी केन्द्र की सं० |
|---|---|---|
| 1- | फखरपुर | 131 |
| 2- | तेजवापुर | 124 |
| 3- | कैसरगंज | 114 |
| 4- | जरवल | 132 |
| 5- | महसी | 137 |
| 6- | हुजूरपुर | 117 |
| 7- | शिवपुर | 148 |
| 8- | बलहा | 100 |
| 9- | मिहींपुरवा | 209 |
| 10- | नवाबगंज | 100 |
| 11- | रिसिया | 127 |
| 12- | चित्तौरा | 112 |
| | कुल योग | 1551 |

प्राथमिक शिक्षा में बालिकाओं के ठहराव एवं उपस्थित को सुनिश्चित करवाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है । डी०पी०ई०पी० के अनतर्गत संचालित 48 ई०सी०सी०ई० केन्द्र अनवरत चलते रहने की आवश्यकता है ।

प्रत्येक विकास से कम से कम 20 आंगनबाडी केन्द्रो का चयन ई०सी०सी०ई० केन्द्र के रूप में किया जाये । ऑगन बाडी केन्द्रों की कार्य कात्रियों एवं सहायिका दोनों को 10 दिन का प्रशिक्षण जिला शिल्प एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दिलवाया जायेगा । इन केन्द्रो पर कार्यरत कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा । परन्तु यह मानदेय जिला परियोजना कार्यालय द्वारा कार्यकत्री एवं सहायिका के खातों में दिया जायेगा। केन्द्रो को प्रशिक्षण सामग्री भी प्रदान की जायेगी । बहराइच जनपद की विकास खण्डवार आवश्यकता इस प्रकार हैं :–

| क्र०सं० | विकास खण्ड का नाम | चयनित ई०सी०सी० ई० केन्द्रो की संख्या | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1- | फखरपुर | 33 | 2000-2001में संचालित है |
| 2- | चित्तौरा | 15 | 2000-2001में संचालित है |
| 3- | हुजूरपुर | 20 | 2002-2003 में चयन किया जायेगा |
| 4- | मिहींपुरवा | 20 | |
| 5- | महसी | 20 | |
| 6- | जरवल | 20 | |
| 7- | शिवपुर | 20 | |
| 8- | बलहा | 20 | 2004-2005 में चयन किया जायेगा |
| 9- | रिसिया | 20 | |
| 10- | कैसरगंज | 20 | |
| 11- | नवाबगंज | 20 | |
| 12- | बलहा | 20 | 2005-2006 में चयन किया जायेगा |

2002 -2003 में चार विकास खण्ड में आई०सी०डी०एस० विभाग के सहयोग से 80 आंगनबाड़ी केन्द्रों का चयन किया जायेगा । 80 आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के प्रशिक्षण पर प्रतिफेरा 50 हजार की दर से दो फेरों हेतु 1,00,000 =00 रूपये की धनराशि व्यय होगी ।

## इन केन्द्रों के संचालन हेतु वर्षवार व्यय इस प्रकार होगा

| क्र०सं० | केन्द्र की संख्या | प्रशिक्षण सामग्री धनराशि | प्रति वर्ष मानदेय धनराशि | कुल धनराशि | वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | 80 | 5,20,000 | 3,60,000 | - | 2004-2005 |
| 2- | 80 | 5,20,000 | 3,60,000 | - | 2005-2006 |
| 3- | 40 | 2,60,000 | 1,80,000 | - | 2006-2007 |

इन शिशु शिक्षा केन्द्रों से प्राथमिक शिक्षा में बालिका शिक्षा में नामांकन वृद्धि एवं ठहराव की समस्या हल हो जायेगी । जो बालिकाएं अपने छोटे भाई बहनों की देख – रेख के कारण विद्यालय नहीं जा पाती हैं वे विद्यालय में उपस्थित होकर प्राथमिक शिक्षा को पूरा करेंगी ।

# अध्याय – 9

## शैक्षिक गुणवत्ता सम्वर्द्धन :–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम लागू होने से पूर्व यह अनुभव किया जाता रहा था कि शिक्षा पुस्तक केन्द्रित बनकर रह गयी है शिक्षक पुस्तक को ही साध्य मान अपना पूरा समय पुस्तक को रटाने में ही लगा देते थे । बच्चों को स्वयं कक्षा में करके सीखने के अवसर नहीं मिलते थे । शायद शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार गिरावट एवं बच्चों का कक्षा से पलायन इसी का नतीजा था । ऐसे में बहराइच /श्रावस्ती जनपद में प्राथमिक शिक्षा के परिवेश तथा स्थिति में बदलाव लाने के लिए वर्ष 1999 में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम द्वारा विद्यालयों के भौतिक सुविधाओं संसाधनों के सृजन और सम्वर्द्धन करने के साथ – साथ गुणवत्ता सुधार हेतु कार्यक्रमों का संचालन किया गया । जिला स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के अकादमिक नेतृत्व में प्रशिक्षण, अकादमिक पर्यवेक्षण , शिक्षकों को विद्यालय में सहयोग एवं अनुसमर्थन किया जा रहा है । इस निमित जनपद में स्थापित ब्लाक संसाधन केन्द्रो एवं न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है । बी०आर० सी., एन०पी०आर०सी० तथा सह समन्वयकों को उनके कार्य तथा दयित्वों के सम्बन्ध में 5 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण तथा शैक्षिक सपोर्ट एवं अनुसमर्थन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण , डायट स्तर पर प्रदान किये गये । समन्वयकों द्वारा विद्यालय भ्रमण , आदर्श पाठों का प्रस्तुतीकरण, विद्यालयों, एन०पी०आर०सी० का उनके भौतिक एवं अकादमिक पक्षों के आधार पर श्रेणीकरण , एन०पी०आर०सी० स्तर पर मासिक बैठकों में शिक्षकों की शैक्षिक समस्याओं के समाधान शिक्षण सामग्री निर्माण की कार्यशालाओं का आयोजन आदि उपायों के सहारे नियमित अनुश्रवण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है । अकादमिक संसाधन समूह, ब्लाक संसाधन समूह जिला संसाधन समूह का गठन एवं उनकी नियमित बैठकों का आयोजन कर गुणवत्ता बढाने का प्रयास किया जा रहा है । इस कल्याणकारी कार्यक्रम के लागू होन से आच्छादित विद्यालयों तथा शिक्षकों की क्षमताओं एवं अकादमिक आवश्यकताओं की पूर्ति तो हो रही है किन्तु कतिपय क्षेत्र अनाच्छादित रह जा रहे हैं । जिन्हें समुचित प्रकार के सहयोग एवं सपोर्ट की आवश्यकता है ।

1- उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा शिक्षकों की अकादमिक आवश्यकताओं पर योजना का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है ।

2- मकतब एवं मदरसों में अध्ययनरत बच्चे तथा उनके शिक्षक गुणवत्ता विकास कार्यक्रम से लाभान्वित नहीं हो रहें हैं ।

3- अशासकीय हाई स्कूल , इण्टर कालेज के साथ संचालित 1-5 तथा 6-8 के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं का कार्यक्रम की परिधि में नहीं लिया गया है ।

## जनपद में उच्च प्राथमिक स्तर तक शिक्षा प्रदान करने का परिदृष्य :–

| | | |
|---|---|---|
| 1- | जनपद में प्राथमिक विद्यालयों की कुल संख्या – | 1692 |
| 2- | जनपद में उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या – | 269 |
| 3- | जनपद में ई०सी०सी०ई० की संख्या – | 50 |
| 4- | जनपद में माध्यमिक विद्यालयों की संख्या – (जहाँ कक्षा 6, 7, 8 संचालित है ) | 55 |

## स्कूल पूर्व शिक्षा :-

प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण में स्कूल पूर्व शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण एवं सराहनीय है । इसी लिए जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत शिशु शिक्षा केन्द्रो का संचालन किया जा रहा है । महिला एवं बाल विकास विभाग उ० प्र० द्वारा जनपद में संचालित परियोजना के आंगन बाडी केन्द्रो में से 50 केन्द्रो का चयन कर इन्हें शिशु शिक्षा केन्द्रो के रूप में विकसित किया गया है । इसमें 35 केन्द्र फखरपुर , 15 केन्द्र चित्तौरा (बहराइच ) में संचालित हैं । इन केन्द्रों की कार्यकत्रियों को 7 दिवसीय प्रशिक्षण डायट में दिया गया । इन केन्द्रों के सम्यक सुदृढीकरण एवं अनुसमर्थन हेतु पर्यवेक्षिकाओं की भी प्रशिक्षित किया गया हैं । सम्प्रति यें केन्द्र शिशु शिक्षा केन्द्र के रूप में कार्य कर रहें हैं । इन केन्द्रों को प्राथमिक विद्यालयों की समय सारणी के अनुरूप लाया जा रहा है । केन्द्र का समय इनके निर्धारित समय से दो घंटा बढ़ाया गया है । इन केन्द्रों की स्थापना का उद्देश्य लडकियों को अपने छोटे भाई बहनों की देखभाल से मुक्त कर विद्यालय शिक्षा हेतु अवसर दिया जाना है ।

डी०पी०ई०पी० कार्यक्रम की ओर से इन केन्द्रो पर कार्यकत्रियों , सहायकाओं, को अतिरिक्त मानदेय, प्रशिक्षण , केंन्द्रो के लिए खेल सामग्री , उपकरण शिक्षण सामाग्री हेतु रू० 5,000/- तथा आकस्मिक व्यय हेतु भी रू० 1500/- की धनराशि प्रति शिशु केन्द्र को दिया जा रहा है । इस सुविधा से प्राथमिक शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है । जैसे –

1- बच्चो का विद्यालयों में नामांकन बढ़ा है ।

2- बलिकाओं के नामांकन में वृद्धि हुई है ।

3- बच्चों में ठहराव की आदत विकसित हुई है ।

4- शिक्षा के प्रति बच्चों में रूचि बढी है ।

5- घर में छोटे भाई बहनों की देख रेख करने वाली लड़कियॉ भी स्कूल आने लगी हैं ।

6- छोटे बच्चों में व्यवहारगत परिवर्तन हुए हैं ।

# ग्राम शिक्षा समिति

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने की दृष्टि से डी०पी०ई०पी० के अन्तर्गत विद्यालय प्रबन्धन तथा क्रियान्वयन में स्थानीय समुदाय की सहभागिता बढाने के लिए स्कूलों के प्रति समुदाय के लगाव को प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम िक्षा समिति का गठन किया गया है । समिति का अध्यक्ष ग्राम प्रधान होता है तथा सचिव परिषदीय विद्यालय का प्रधानाध्यापक होता है । इसमें एक महिला, एक अनुसूचित जाति/जनजाति का अभिभावक तथा एक अन्य अभिभावक भी सदस्य होता है । स्कूल भवन की मरम्मत , अनुरक्षण , विद्यालय की अन्य सुविधाओं , भवन निर्माण आदि का उत्तरदायित्व ग्राम शिक्षा समिति का है । इसके अतिरिक्त ग्राम शिक्षा समिति विद्यालय के शैक्षणिक कार्यो का पर्यवेक्षण करती हैं ।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत डायट के नेतृत्व में जनपद के ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण देने हेतु बी० आर० जी० का बोधात्मक प्रशिक्षण आयोजित किया जा चुका है । यह प्रशिक्षण डायट स्तर पर प्रदान किया गया । इस अनुक्रम में बी०बार०जी० सदस्यों के द्वारा शिक्षा समितियों के लिए विकेन्द्रीकृत प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है । ग्राम स्तर पर इस प्रशिक्षण के आयोजन से निम्नांकित लाभ दृष्टि गोचर हो रहे है ।

1- कौशल निर्माण अभ्यास कार्य ।

2- प्रतिभागिता परक विश्लेषण और समस्या समाधान कार्य ।

3- समुदाय तथा ग्राम शिक्षा समिति के अभ्यासों का सफलतापूर्वक प्रस्तुतीकरण ।

4- प्रतिभागिता उपागम , रोलप्ले, केस स्टडी, क्षेत्र भ्रमण एवं सम्प्रेषण अभ्यास ।

5- शिक्षा में सहयोग की भावना विकसित ।

जनपद में ग्राम शिक्षा समितियों को सक्रिय बनाने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता बढ़ाने के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण में स्कूल मैपिंग तथा सूक्ष्म नियोजन अभ्यास भी किये गये । ग्राम शिक्षा – योजना विद्यालय स्तर पर इसी आधार पर तैयार की जा रही है तथा उसका क्रियान्वयन भी किया जायेगा । स्कूल स्तर पर नियोजन ,स्कूल न आने वाले बच्चों की पहचान तथा उनके स्कूल न आने के कारणों की पहचान के लिए माइक्रो प्लानिंग और विद्यालय मानचित्रण का कार्य किया गया हो । ग्राम शिक्षा समितियों के प्रशिक्षण के दौरान संकल्प एंव प्रयास नाम माड्यूल का उपयोग किया गया है । इससे विद्यालयी क्रियाकलापों में समुदाय की भागीदारी बढ़ी है तथा इससे बच्चों के नामांकन में वृद्धि हो रही है ।

समुदाय की भागीदारी को और अधिक बढाने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय पर्वो पर समुदाय के लोगों को सम्मिलित किये जाने की आवश्यकता है । इसके लिए कक्षा शिक्षण के समय समुदाय के लोगों को आमन्त्रित किये जाने की आवश्यकता है ।

प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक दोनों स्तरों पर बच्चों की शिक्षा में परिवार की अहं भूमिका है । अभिभावक के जागरूक होने पर बच्चों का विद्यालय में नामांकन व नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होने में सहयोग मिलता है शिक्षित अभिभावकों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टि कोण देखने को मिलता है । शिक्षित अभिभावकों से पढ़ने वाले बच्चों को शैक्षिक कार्य में मदद मिलती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकॉश अभिभावक कम पढे लिख या निरक्षर हैं जिससे वे बच्चों की शिक्षा में सहयोग नहीं दे पाते हैं । शहरी क्षेत्रों में भी परिषदीय विद्यालयों में गरीब बच्चे अधिकॉशतः अध्ययन करते हैं इनके माता पिता मजदूरी का कार्य करते हैं तथा स्वयं अनपढ़ होते हैं । अतः इन परिवारों के बच्चों को शिक्षा में कोई सहयोग नहीं मिल पाता है । अतः परिषदीय तथा ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों के बच्चों को शिक्षकों का एक मात्र सहयोग प्रदान होता है ।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम के सफलतम् क्रियान्वयन, शिक्षा के प्रति जन चेतना जागृत करने एवं शैक्षिक गुणवत्ता सवंर्द्धन में सहयोग करने हेतु जनपद की समस्त ग्राम शिक्षा समितियों के सदस्यों एवं स्वयं सेवी सदस्यों का हर एक वर्ष बाद ग्राम शिक्षा समितियों बी०आर०जी० के सदस्यों द्वारा डायट के निर्देशन में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा एवं जिसमें सदस्यों की संख्या लगभग 25 होगी ।

## शिक्षकों को शैक्षिक सर्पोट एवं अनुसमर्थन की व्यवस्था :'–

बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति स्तरों में वृद्धि करने तथा कक्षा की प्रक्रिया में बदलाव लाने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर के नेतृत्व में शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने तथा उनके विषय वस्तु ज्ञान में अभिवृद्धि करने के लिए बहु आयागी रणनीति अपनायी जा रही है । डी०पी०ई०पी कार्यक्रम के पूर्व जिले में संचालित एस०ओ०पी०टी० कार्यक्रम के दौरान निम्न कठिनाईयॉ अनुभव की गयी थीं ।

1- प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय वस्तु , शिक्षकों की अकादमिक आवश्यकताओं से सीधी जुडी हुई न होकर विभिन्न स्तर की थी जिससे कक्षा की वास्तविकताओं और प्रक्रियाओं से इसे जोड़ने में कठिनाई हुई ।

2- प्रशिक्षण में प्रति वर्ष सीमित संख्या में शिक्षकों को ही प्रशिक्षण प्रदान किया जा सका ।

3- प्रशिक्षण के उपरान्त विकास खण्ड और न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षकों को सहयोग प्रदान करने की व्यवस्था नहीं की जा सकी ।

उपयुर्कत अनुभवों के आधार पर जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवारत शिक्षकों के लिए प्रति वर्ष प्रशिक्षण आयोजित किये जा रहें हैं । ये प्रशिक्षण सभी परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के सहायक तथा प्रधानाध्यापकों , नवनियुक्त शिक्षकों के लिए आयोजित किये जा रहें हैं । डायट स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स तथा संदर्भ व्यक्तियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया । तत्पश्चात

विकास खण्डों पर आयोजित प्रशिक्षणों का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण डायट मेन्टरों, वरिष्ट प्रवक्ताओं एवं प्राचार्य के साथ – साथ बी०एस०ए० , ए०बी०एस०ए० तथा जिला समन्वयक प्रशिक्षण द्वारा यथा समय किया गया ।

शिक्षकों को शैक्षिक सपोर्ट प्रदान करने लिए जनपद स्तर पर डायट , ब्लाक स्तर पर बी०आर.सी० तथा न्याय पंचायत स्तर पर न्याय पंचायत समन्वयकों की व्यवस्था हैं इन सबके द्वारा अनुश्रवण में शैक्षिक समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक सुझाव दिये जाते हैं । इन व्यवस्थाओं के बाद भी समस्याओं के समाधान में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है अथवा सुधार कम हो रहा है । इसको प्रभावी बनाये जाने के लिए और अधिक उपाय किये जाने की आवश्यकता है ।

शैक्षिक सपोर्ट प्रदान करने हेतु डायट संकाय के सदस्यों के साथ – साथ निरीक्षक वर्ग, बी०आर०सी० एन०पी०आर०सी०, समन्वयकों को तीन दिवसीय शैक्षिक सपोर्ट अनुश्रवण कार्यशालाओं में माध्यम से प्रशिक्षित किया गया । राज्य स्तर पर तैयार किये गये पैरामीटर / इन्डीकेटर्स का प्रयोग करते हुए विद्यालयों , बी०आर०सी०, एन०पी०आर०सी० को श्रेणी वद्ध किया जाना सुनिश्चित है जनपद में सम्प्रति बी०आर०सी० से प्राप्त ग्रेडिंग की स्थिति संलग्न हैं ।

ग्रेडिंग की अब तक की व्यवस्था भौतिक वातावरण पर आधारित है । इसमें शैक्षिक वातावरण को समाहित करने की आवश्यकता है । इससे विद्यालय के शैक्षिक परिवेश में प्रगति होगी । शैक्षिक सर्पोट एवं अनुश्रवण को प्रभावी बनाने की दिशा में कुछ अन्य नवाचार किये जाने की आवश्यकता है ।

## <u>डी०पी०ई०पी० अन्तर्गत सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण स्थिति</u> :–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षकों को 5 चक्र प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है । अब तक जिले में दो चक्र का प्रशिक्षण दिया जा चुका है । दोनों ही चक्र के प्रशिक्षण ब्लाक स्तर पर आयोजित किये जायगें । जिनकी व्यवस्था डायट एवं बी०एस० ए० की देख रेख में ब्लाक समन्वयक द्वारा की गयी थी ।

प्रशिक्षण देने हेतु प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को खुली चयन प्रतियोगिता के द्वारा चयनित किया गया तथा उनको टी०ओ०टी० का प्रशिक्षण राज्य स्तर पर चयनित स्थानों यथा आई०सी०सी० एम०आर०टी० में प्रदान किया गया । जिला बहराइच डी०डी०ई०पी० द्वितीय विस्तार जिले में सम्मिलित है । अतः यहाँ प्रथम एवं द्वितीय चक्र का प्रशिक्षण सम्मिलित रूप से तथा तृतीय चक्र तथा एक दिवसीय चतुर्थ चक्र का प्रशिक्षण अगस्त 2001 में ब्लाक स्तर पर पूर्ण किये जा चुके हैं । जिले में ब्लाक स्तर पर आयोजित प्रथम चक्र प्रशिक्षण 10 दिवसीय था जिसके प्रमुख विन्दु निम्नवत् थे :–

1- शिक्षकों को अभिप्रेरित कर अपने दायित्वों के प्रति जागरूक करना ।

2- शिक्षण में बच्चों की सक्रियता और भागीदारी बढ़ाना ।

3- विषय वस्तु आधारित प्रशिक्षण ।

4- दक्षताधारित शिक्षण पर बल

जनपद में प्रथम व द्वितीय चक्र के दस दिवसीय परिषदीय प्राथमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण के उपरान्त जनपद में तृतीय चक्र सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण (साधन) का आयोजन जनपद के 14 विकास खण्डों व नगर क्षेत्र बहराइच में 2300 प्राथमिक अध्यापकों का प्रशिक्षण अगस्त 2001 तक आयोजित किया जायेगा । इस प्रशिक्षण के मुख्य बिन्दु निम्नलिखित हैं :-

1- पूर्व में आयोजित किये गये प्रथम एवं द्वितीय प्रशिक्षण के प्रमुख अंशों की पुनरावन्ति ।

2- नवीन पाठ्य पुस्तकों का परियच, विशषताएं एवं बेहतर उपयोग पर चर्चा

3- गतिविधियों के द्वारा पाठ्य वस्तु को रोचक बनाने के तरीके पर चर्चा ।

4- बहुउद्देश्यीय शिक्षण अधिगम सामग्री का विषयवार व कक्षावार निर्माण व उपयोग सम्यक जानकारी ।

5- बहुस्तरीय एवं बहुकक्षा शिक्षण के लिए तरीके एवं व्यावहारिक अभ्यास ।

6- विद्यालय समय प्रबन्धन पर चर्चा ।

7- विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए समेकित शिक्षा पर चर्चा ।

8- विद्यालय श्रेणीकरण , समय सारिणी व कहानी शिक्षण ।

9- उपरोक्त के अतिरिक्त लगभग 30 सत्रों में नवीन पाठ्य पुस्तकों एवं शिक्षक संदर्शिकाओं के अनुसार विषयवार व कक्षावार शिक्षकों द्वारा व्यावहारिक कक्षा शिक्षण अभ्यास ।

**<u>उच्च प्राथमिक स्तर :-</u>** उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षको के लिये डीपी०ई०पी० योजना में प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नही है । इस दृष्टि से इन शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जनपद में कार्यरत शिक्षकों में विभिन्न योग्यता वाले शिक्षक कार्य कर रहे हैं । सभी शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों की जानकारी देने की आवश्यकता होगी । सर्व शिक्षा अभियान में इनके प्रशिक्षण को प्रस्तावित किया गा है ।

योग्य उत्साही तथा नवाचार कार्यक्रमों को संचालित करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित एवं पुरस्कार प्रदान करने की आवश्यकता है । विद्यालय भवन उसके आस पास का पर्यावरण स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए शिक्षकों , अभिभावकों एवं छात्रों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है ।

**प्रशिक्षणों का कक्षा में प्रभाव :–** डी०पी०ई०पी० कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय पर्यवेक्षण से ज्ञात हुआ है कि जहॉ विद्यालय का भौतिक परिवेश आकर्षक हुआ है ,वहीं शिक्षकों में भी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा सहायक शिक्षण सामग्री का प्रयोग भी बढ़ा है तथा बच्चों की सक्रियता भी बढ़ी है ।

प्राथमिक विद्यालयों में अब तक एक ही स्थान पर दो कक्षायें लगायी जाती हैं। जिससे गतिविधियों के लिए कक्षा में पर्याप्त स्थान नही मिल पाता है । जनपद में अध्यापकों की कमी से अधिकांश विद्यालव एकल हैं । अतः सभी कक्षाओं के संचालन में कठिनाई होती है । जनपद के ई०एम०आई०एस० आंकड़ों के अनुसार 43.27 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालय एकल अध्यापकीय है । जिससे इन विद्यालयों में ठहराव एवं सम्प्राप्ति स्तर पर अपेक्षित सुधार के अन्तर्गत नहीं हो पा रहा है । इसमें अपेक्षित सुधार हेतु सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निम्न प्रयास किया जायेगा ।

1- स्थानीय स्तर पर सेवा निवृत्त अध्यापकों व अन्य अपेक्षित योग्यता रखने वाले स्वयं सेवी व्यक्तियों की सहभागिता ग्राम शिक्षा समितियों के माध्यम से शिक्षण हेतु ली जायेगी ।
2- बहु कक्षा शिक्षण के अन्तर्गत उच्च कक्षाओं के विषयवार उत्कृष्ट सम्प्राप्ति स्तर रखने वाले विद्यार्थियों से निम्न कक्षाओं के उन्हीं विषयों का शिक्षण/अभ्यास कार्य कराया जायेगा ।
3- जनपद/ब्लाक / न्याय पंचायत स्तर पर पूर्व प्राथमिक शिक्षा व प्राथमिक शिक्षा से जोडने से सम्बन्घित कक्षा 1 व 2 के लिए अभ्यास पुस्तिकाएं , अध्ययन सामग्री व शिक्षण सामग्री विकसित की जायेगी ।
4- कक्षा 1 व 2 के बच्चों को विद्यालय पूर्ण समय न रोककर छोटे बच्चों की रूचि के अनुसार समय का निधारित किया जायेगा ।

## प्रशिक्षणों के संचालन की व्यवस्था :–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत बी०आर०सी० एवं एन०पी० आर०सी० की स्थापना एवं उनके समन्वयकों के प्रशिक्षण कराये गये हैं । इन्हें आधारभूत प्रशिक्षण एंव शैक्षिक सर्पोट विषयक क्रमशः 5 दिवसीय एवं तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किये जा चुके हैं । ये लोग नियमित भ्रमण कर शैक्षिक सपोर्ट एवं अनुश्रवण का कार्य कर रहें हैं । श्रेणीकरण प्रक्रिया से विद्यालयों में भौतिक एवं शैक्षिक परिवेश में सुधार हुआ हैं । प्रशिक्षणों का आयोजन बी०आर०सी० एंव एन०पी०आर०सी० स्तर पर किया जा रहा है ।

बहराइच में स्थापित बी०आर० सी० एवं एन०पी०आर०सी० विभिन्न प्रशिक्षणों का आयोजन फालोअप , विद्यालय भ्रमण, मासिक बैठकों का आयोजन, कक्षाओं का अवलोकन तो करते ही हैं, साथ ही

साथ शिशु शिक्षा केन्द्रों , वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों की अनुश्रवण भी करते हैं । निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण तथा सभी प्रोत्साहन योजनाओं का नियमित फालोअप भी करते हैं । ई०एम०.आई० एस० डाटा का संकलन, टेस्ट चेकिंग स्कूल चलों अभियान , बालगणना का कार्य भी करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

## प्रोत्साहन योजनायें :-

सभी को विद्यालयीय शिक्षा दिलाने के लिए विद्यालय में नामांकन ठहराव बनाये रखने के लिए छात्रवृति पोषाहार वितरण , निः शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण आदि प्रोत्साहन योजनाएं लागू की गयी है । इनका सबका प्रभाव तो अवश्य पड़ा है किन्तु जनपद में मिड हर्म एससेमेन्ट स्टडी न हो पाने के कारण अभी तक बेसलाइन सर्वे के बाद भी प्रगति का आंकलन नहीं हो सका है किन्तु विद्यालयों की श्रेणीकरण से यह आवश्यक स्पष्ट होता हैं कि विद्यालयें में बच्चों के नामंकन में वृद्धि हुई है । बच्चों का ठहराव विद्यालय में हो रहा हैं तथा अध्यापक अपेक्षाकृत अधिक सक्रियता से शिक्षण कार्य कर रहें हैं । वेस लाइन स्टडी का अध्ययन करने से निम्नांकित तथ्य उभर कर सामने आयें हैं ।

1- कक्षा -2 की भाषा में 11.6 % बालक तथा 9.6 % लडकियॉ अपेक्षित अधिगाण स्तर को प्राप्त कर रहीं हैं । जबकि 13.6% लडके 9.1% लडकियॉ न्यूनतम् अधिगम स्तर प्राप्त की हैं । जबकि 59.7% लडके और 64.9% लडकियॉ न्यूनतम् अधिगम स्तर की उपलब्धि भी नहीं रखती है । वे 39.0% अंक पाने वाले में भी सफल नहीं हुई हैं । इसमें 66.8% अनुसूचित जाति , 57.6% अन्य पिछडे वर्ग तथा 62.9 % बच्चे अन्य जाति के हैं ।

2- कक्षा 2 की गणित की उपलब्धि का अध्ययन करने से ज्ञात हुआ है कि 50.1% बच्चे न्यूनतम अधिगम स्तर से भी कम हैं । जिसमें 52.6 % अनुसूचित 46.7% अन्य पिछडी जाति , 53.7% अन्य जातियों के सम्मिलित हैं केवल 8% लडके , 4% लडकियॉ अपेक्षित अधिगम स्तर के हैं और दूसरे 21.6% लडके और 14% लडकियॉ न्यूनतम् अधिगम स्तर की ओर अग्रसर हैं ।

3- कक्षा 5 में भाषा में छात्रों की उपलब्धि के अध्ययन से बेस लाइन सर्वे के समय यह बात सामने आयी कि भाषा में मात्र 0.3% लडके तथा शून्य प्रतिशत लडकियॉ अपेक्षित अधिगम स्तर के हैं और 7.4% लडके तथा 7% लडकियॉ अपेक्षित अधिगम स्तर की तरफ अग्रसर हैं । जबकि 48.4% लडके और 38.4% लड़कियॉ न्यूनतम अधिगम स्तर से निम्न हैं ।

4- कक्षा 5 के ही गणित की उपलब्धि की स्थिति बिलकुल नकारात्मक रही कोई भी लडके व लडकियॉ अपेक्षित अधिगम स्तर के नहीं पाये गये, जबकि 79% लड़के और 92.4% लडकियॉ न्यनतम् अधिगम स्तर से निम्न हैं ।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के वर्ष 1999 ले लागू होने के कारण विद्यालयों के भौतिक परिवेश के साथ – साथ शौक्षिक परिवेश में भी सुधार हुआ है, यद्यपि मध्यावधि सर्वे जनपद बहराइच में नहीं हो सका है किन्तु अनुमानतः बच्चों की उपलब्धि में भी प्रगति हुई हैं । सर्व शिक्षा अभियान में इसे शत–प्रतिशत प्राप्त किया जायेगा ।

## शिक्षा से वंचित विशेष बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था :–

हमारे संविधान की 45वीं धारा में जो व्यवस्था दी गयी है उसके अनुसार सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाना हमारा अपरिहार्य लक्ष्य है । अतः अब तक जो भी बच्चे शिक्षा की धारा में नहीं जुड़ पाये हैं उन्हें चिन्हित कर विद्यालय में नामांकित कराना हैं तथा 2007 तक उन्हें अनिवार्य निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा संलभ कराना हैं तथा 2010 तक उच्च प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कराना है ।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के नेतृत्व में डी०पी०ई०पी० योजना के अन्तर्गत ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है इसमें ऐसे बच्चों का पता लगाकर उनके अभिभावकों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन्हें बच्चें को औपचारिक शिक्षा दिलाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है ।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इन विशेष बच्चों के लिए इनकी उम्र के अनुसार इनके स्तर के अनुरूप कक्षा संचालित करना उपयुक्त होगा । इनके लिए अपेक्षाकृत कम अवधि का पाठ्यक्रम एवं शिक्षण सामग्री विकसित कर इन्हें कौशल एवं व्यावसायिक दक्षता की शिक्षा प्रदान करना अच्छा होगा । इसके लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सीमेट के सहयोग से ट्रेनर को प्रशिक्षण प्रदान करना जो जनपद में संचालित ऐसे वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र के अनुदेशकों को प्रशिक्षण प्रदान करेगा जहॉ विशेष प्रकार के बच्चों की पढ़ने की व्यवस्था होगी ।

जनपद के विकास खण्ड मिहींपुरवा में न्याय पंचायत आम्बा कारीकोट, लौकाही और समेरी घटही अनुसूचित जनजाति (थारू) बाहुल्य क्षेत्र हैं जहौ के बच्चों की घरेलू भाषा स्थानीय भाषा से भिन्न हैं । जिस कारण बच्चों को विद्यालय में भाषा सम्बन्धित कठिनाई रहती है । इसके लिए जनपद स्तर पर इन क्षेत्रों के अध्यापकों के कार्यशाला /प्रशिक्षण आयोजित कर उनकी घरेलू भाषा से मानक भाषा की और जोड़ने हेतु टूल्स विकसित किये जायेगें ।

## जनपद बहराइच में विद्यालयों में अध्यापकों की स्थिति :–

| परिषदीय विद्यालय | एक शिक्षक विद्यालय | दो शिक्षक विद्यालय | तीन शिक्षक विद्यालय | चार शिक्षक विद्यालय | पॉच शिक्षक विद्यालय |
|---|---|---|---|---|---|
| परिषदीय विद्यालय + वि०क्षेत्र पयागपुर वि०गंज | 750 | 456 | 104 | 40 | 24 |

स्रोत बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच ।

जिले में अध्यापकों की स्थिति तालिका से सुस्पष्ट है कि एकल अध्यापकीय विद्यालयों की संख्या सर्वाधिक है जो कुल प्राथमिक विद्यालयों का 54.58 % हैं । जबकि 33.2% विद्यालयों में दो शिक्षक कार्यरत हैं । मात्र 4.65% विद्यालय 4 अध्यापकीय व्यवस्था के अन्तर्गत संचालित है इसके लिए डी०पी०ई०पी० योजनान्तर्गत तृतीय चक्र सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण में साधन मॉड्यूल की सहायता से प्रशिक्षण संचालित किया गया उसमें बहुकक्षा शिक्षण पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया किन्तु ऐसे प्रशिक्षण सतत रूप से सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रति वर्ष आयोजित किये जायेगें ।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भी शिक्षकों की नितान्त कमी है । अतः इन विद्यालयों के शिक्षकों को भी गणित विज्ञान का विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए यद्यपि एस०ओ०पी०टी० योजना के अंग्रेजी, गणित विज्ञान विषय पढ़ाने वाले अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है । किन्तु इसके सम्यक अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन व्यवस्था न होने के कारण इसके प्रभाव का सही मूल्यांकन नहीं हो पा रहा है । सर्व शिक्षा अभियान में उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक को नवीन शिक्षण तकनीकों प्रविधियों का ज्ञान कराया जाना आवश्यक होगा । इसके साथ ही साथ उच्च , प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों को सहायक शिक्षण सामाग्री निर्माण तथा उनके बहु उद्देशीय प्रयोग का प्रशिक्षण दिया जाना समीचीन होगा । प्रशिक्षण का कक्षा तक पहुँचाने हेतु संकुल विद्यालय केन्द्र बनाकर उसकी मानीटरिंग की व्यवस्था की जायेगी ।

## विद्यालयों के भ्रमण में शिक्षकों से वार्ता करने पर उभरी विशेष कठिनाईयॉ

प्राथमिक /उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भ्रमण के समय शिक्षकों से वार्ता करने पर शिक्षक प्रशिक्षण के समय विचार विमर्श करने पर पाया गया कि सम्प्रति विद्यालयों में निम्न कठिनाईयॉ देखी जा रही हैं :–

1- शिक्षकों की विद्यालयों में बहुत कमी हैं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वांछित स्तर पर विषय के अध्यापक उपलब्ध नहीं हैं ।

2- शैक्षिक कार्य के अतिरिक्त शिक्षक प्रायः सभी अन्य विभागीय कार्यो में नियोजित किये जाते हैं ।

सर्व शिक्षा अभियान प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण का अति महत्वपूर्ण जनोपयोगी अभियान है । जनपद में 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को उपयोगी एवं प्रासंगिक प्रारम्भिक शिक्षा 2007 तक प्रदान करना । इस अभियान का महत्वपूर्ण लक्ष्य हैं कि विद्यालयी शिक्षा में समुदाय की भागीदारी से ही प्रारम्भिक शिक्षा का सार्वजनीकरण संभव , गुणवत्ता परक शिक्षा की पूर्ति हेतु प्रयास अपेक्षित तथा सभी बच्चों को क्षमता विकास के अवसर सुलभ कराना इस अभियान की मूल भूत विशेषताऐं हैं । इसके लिए एक समय बद्ध कार्यक्रम चलाया जायेगा । बेसिक शिक्षा के माध्यम से सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना । ग्राम से जुडी संस्थाओं को विद्यालय प्रबन्धन में भागीदारी सुनिश्चित कराना, सामाजिक, क्षेत्रीय तथा लिंग सम्बन्धी विषमताओं को दूर करना , पूर्व प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था सर्वत्र सुलभ कराना इस अभियान के प्रमुख लक्ष्य है । 2003 तक सभी 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को स्कूल , वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र में अनिवार्यतः नामांकित कराया जायेगा तथा 2007 तक सभी को गुणवत्ता परख प्राथमिक शिक्षा एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा प्रदान कर दी जायेगी । जनपद की सामाजिक विषमताओं क्षेत्रीय एवं जेण्डर सम्बन्धी विषमताओं को नामांकन एवं सम्प्राप्ति हेतु दूर किया जायेगा ।

सभी को शिक्षा सुलभ कराने एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने में उत्तम शिक्षण पद्धति एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी । इसके लिए आवश्यकता परक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी ।

## विजनिंग कार्यशाला :—

इस कार्यशाला को आयोजित करने के लिए सर्व प्रथम जिला संदर्भ समूह का चयन किया जायेगा । जिसमें जिले से 5 प्रतिभागी जो शिक्षा के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहें हैं , को चयनित कर सीमेट में प्रशिक्षित किया जायेगा । तत्पश्चात जिला परियोजना स्टाफ , ए०बी० एस०ए०, एस०डी०आई०, बी०आरं०सी०सी० / एन०पी०आर०सी०सी० / ए०बी०आर०सी०सी० / डायट मेन्टर को डायट स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा । पुनः ब्लाक स्तर पर कार्यशाला कर सभी अध्यापकों (प्राथमिक / उच्च) को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा । प्रशिक्षण का माड्यूल सीमेट के सहयोग से डायट तैयार करेगा । इस कार्यशाला का उद्‌देश्य शिक्षकों के दृष्टि कोण में सकारात्मक परिवर्तन व्यवहारगत बदलाव लाना है । इससे पूर्व जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत भी डायट स्टाफ, जिला समन्वयकों , उप बेसिक शिक्षा अधिकारी , सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों की एवं बी०आर०सी० समन्वयकों की डायट में तीन दिवसीय प्राथमिक शिक्षा के सम्बन्ध में विजनिंग कार्यशाला आयोजित की गयी हैं ।

प्रथम 8 दिवसीय ग्रीष्म काल में आयोजित किये जायेगें । जिससे विद्यालयों का शैक्षिक

कार्य प्रभावित न हो । सभी कार्यशालों का कार्यक्रम डायट द्वारा तैयार किया जायेगा । उसका अभिलेखीकरण भी आवश्यक करवाया जायेगा तथा डायट प्राचार्य , मेन्टर , बी०आर०सी० द्वारा प्रशिक्षण का अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन किया जायेगा । प्रथम वर्ष में सम्पादित होने वाले शिक्षक प्रशिक्षण पर प्रति दिन रूपये 70 की दर से 45 लाख रूप्ये प्रस्तावित है ।

## <u>द्वितीय वर्ष में :–</u>

प्राथमिक स्तर पर द्वितीय वर्ष में भाषा एवं गणित की विषयवस्तु का सम्यक स्पष्टीकरण तथा बहुकक्षा शिक्षण विधियों पर आधारित 7 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा । इसी के साथ कुछ विशिष्ट कार्यशालाएं भी आयोजित की जायेगी ।

1- बहु स्तरीय एवं बहुकक्षा शिक्षण हेतु बी०आर०सी० स्तर पर तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जायेगी । इसमें शिक्षण विधियों एवं समय प्रबन्धन के साथ प्रथम वर्ष में अनुभूत कठिनाइयों का निवारण कर सहायक सामग्री निर्माण कार्यशाला आयोजित की जायेगी ।

2- न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र पर मासिक बैठक को कार्यशाला का स्वरूप दिया जायेगा । इस बैठक / कार्यशाला का एजेण्डा डायट द्वारा तैयार कर उपलब्ध कराया जायेगा । इसमें ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण के अनुगमन (फालोअप) को ध्यान में रखा जायेगा ।

3- वास्तविक शिक्षण समय को बढाने एवं समय का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु 3 दिवसीय प्रशिक्षण एन०पी०आर०सी० स्तर पर आयोजित किया जायेगा । द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षण में भी अनुमानित लागत 45 लाख होगी ।

इसी प्रकार तृतीय वर्ष में विज्ञान एवं सामाजिक विषय तथा सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन विषयों पर आधारित प्रशिक्षण आयोजित किये जायेगें यह प्रशिक्षण 8 दिवसीय होगा जो ब्लाक स्तर पर ब्लाक संसाधन केन्द्र समन्वयक की देखरेख में आयोजित होगा । इसके साथ ही बी०आर०सी० एवं एन०पी०आर०सी० स्तर पर अन्य कार्यशालाएं यथा दो–दो दिवसीय विज्ञान एवं सामाजिक विषय के प्रति रूचि विषयक तथा पाठ योजना निर्माण विषयक कार्यशाला एन० पी०आर०सी० पर आयोजित होगी। बी०आर०सी० स्तर पर सतत् तथा व्यापक मूल्यांकन हेतु परीक्षा सामग्रियों के निर्माण हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जायेगी । एन०पी०आर०सी० पर मासिक बैठक को भी कार्यशाला का स्वरूप दिया जायेगा । जहॉ शैक्षिक समस्याओं का त्वरित निदान किया जायेगा ।

तृतीय वर्ष में आयोजित शिक्षक प्रशिक्षणों पर भी 70 रू० प्रति प्रतिभागी की दर से लगभग 45 लाख रूपये व्यय होगा । चतुर्थ वर्ष में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया एवं सामग्री निर्माण उपयोग पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा । एन०पी०आर०सी० स्तर पर अनुपूरक अध्ययन सामग्री विकसित करने हेतु दो दिवसीय कार्यशालाऐं आयोजित की जायेगी । न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र पर

ही तीन दिवसीय गणित विषय के आदर्श पाठ के प्रस्तुतीकरण विषयक कार्यशाला आयोजित की जायेगी। इसी स्तर पर श्रव्य दृष्य सामग्री के प्रयोग पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जायेगी। मासिक बैठक पूर्व के वर्ष की भाँति कार्यशाला दिवस के रूप में होगी ।

पचंम वर्ष में अभिप्रेरणत्मक पुनर्वोध प्रशिक्षण का आयोजन करवाया जायेगा । इसका आयोजन विगत वर्ष में प्रशिक्षणों के कक्षा में प्रयोग के मूल्यांकन के आधार पर कराया जायेगा । इस पर भी व्यय लगभग 45 लाख किया जाना प्रस्तावित है ।

डपरोक्त प्रशिक्षणों के अतिरिक्त प्रत्येक विद्यालय में एक एक शिक्षक को अंग्रेजी /संस्कृत का 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा । जिसमें विषय सामग्री बताने के साथ सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण के बारे में अवगत कराया जायेगा । इसी प्रकार उर्दू भाषी विद्यालयों के शिक्षकों को उर्दू विषय का प्रशिक्षण दिया जायेगा । कम शैक्षिक योग्यता वाले शिक्षकों के लिए विषय बस्तु आधारित 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा । 20 वर्ष से अधिक समय से शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को नबीन शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण दिया जायेगा । नवनियुक्त अध्यापकों के लिए 10 दिवसीय सेवा पूर्वागम प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा पदोन्नति प्राप्ति शिक्षकों को प्रबन्धन एवं शैक्षिक नियोजन विषयक 5 दिवसीय शिक्षण दिया जायेगा । सभी अध्यापकों को मूल्यपरक शिक्षा विषयक 5 दिवसीय प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा।

## उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों का प्रशिक्षण

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था नही है । किन्तु सर्व शिक्षा अभियान में विद्यालय के भौतिक परिवेश को सुधारने के साथ – साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों को प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है । इन अध्यापकों को प्रतिवर्ष विषयोन्मुख प्रशिक्षण देकर उनकं ज्ञान में अपेक्षित स्तर की वृद्धि की जायेंगी। इस आधार नर इनके लिए निम्न प्रशिक्षण आयोजित किये जायेगें –

| वर्ष | विषय | स्थान | कार्यशाला के दिवस |
|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष (1) | विज्ञान शिक्षण, विषय बस्तु , शिक्षण विधियां शिक्षण सामग्री निर्माण | बी०आर०सी० | 8 दिन |
| (2) | विज्ञान की पाठ योजना निर्माण, सहायक समाग्री निर्माण कार्यशाला | बी०आर०सी. | 3 दिन |
| (3) | मैटीरियल मेला | एन०पी०आर०सी० | 1 दिन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (3) | मासिक कार्यशालाए (डायट द्वारा प्रदत्त एजेण्डानुसार) | एन०पी०आर०सी० | माह में एक दिन |
| द्वितीय वर्ष (1) | गणित शिक्षण विषय वस्तु शिक्षण विधियां सामग्री निर्माण,तथा उपयोग सम्बंधी प्रशिक्षण | बी०आर०सी० | 8 दिवसीय |
| (2) | गणित विषय की पाठ योजना निर्माण, प्रस्तुति सहायक समाग्री निर्माण | बी०आर०सी० | 3 दिवसीय |
| (3) | गणित विषयक मैटीरियल मेला | एन०पी०आर०सी० | 1दिन |
| (3) | मासिक कार्यशालाएं (डायट द्वारा प्रदत्त एजेण्डानुसार) | एन०पी०आर०सी० | माहमें एक दिन |
| तृतीय वर्ष (1) | अंग्रेजी तथा संस्कृत शिक्षण विषय वस्तु शिक्षण विधियां,शिक्षणसामग्री निर्माण | बी०आर०सी० | 6 दिन |
| (2) | अंग्रेजी तथा संस्कृत विषय के पाठ्यक्रम तथा पाठ्यपुस्तकों के आधार पाठों की प्रस्तुति | बी०आर०सी० | 3 दिन |
| (3) | मैटीरियल मेला | एन०पी०आर०सी० | 1 दिन |
| (3) | मासिक कार्यशालायें (डायट द्वारा प्रदत्त एजेन्डा से ) | एन०पी०आर०सी० | 1 दिन |
| चतुर्थ वर्ष (1) | हिन्दी भाषा शिक्षण की विषय वस्तु एवं शिक्षण विधियॉ | बी०आर०सी० | 8 दिन |
| (2) | हिन्दी की पाठ् योजना निर्माण प्रस्तुति सामग्री निर्माण एवं उपयोग | बी०आर०सी० | 3 दिन |
| (3) | मैटीरियल मेला | एन०पी०आर०सी० | 1 दिन |
| (4) | मासिक बैठक (डायट एजेण्डा के अनुसारी) | एन०पी०आर०सी० | 1 दिन |
| (5) | सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन (टेस्ट आइटम बनाने हेतु) | एन०पी०आर०सी० | 21 दिन |

पंचम वर्ष में उपर्युक्त प्रशिक्षण के आधार पर पुनर्वोधात्मक प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा । जिसकी रूपरेखा का निर्धारण पूर्व में आयोजित प्रशिक्षणों के फीड बैंक के आधार पर तय किया जायेगा । उक्त सभी प्रशिक्षणों पर 12लाख प्रतिवर्ष की दर से कुल 60 लाख रूप्ये व्यय होने का अनुमान है । ये सभी प्रशिक्षण डायट के नेतृत्व में आयोजित होगें ।

इसके अतिरिक्त निम्न प्रशिक्षण भी उच्च्य प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों के लिए आयोजित किये जायेगें ।

## 1- कम्प्यूटर शिक्षा विषयक प्रशिक्षण :-

कम्प्यूटर शिक्षा वर्तमान की महती आवश्यकता है । आज सूचना प्रौद्योगिकी का विकास तेजी से हो रहा है । अतः सर्वप्रथम डायट के मास्टर ट्रेनर सीमेट एवं एस०सी०ई० आर०टी० के सहयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करेगें । फिर प्रत्येक बी०आर०सी० उच्च उच्च प्राथमिक केन्द्रीय विद्यालय के एन अध्यापक को प्रशिक्षित किया जायेगा । यह विद्यालय कम्प्यूटर शिक्षा देने के केन्द्र बिन्दु के रूप में कार्य करेगा । इसका अनुश्रवण डायट के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा किया जायेगा । प्रोग्राम की सफलता होने पर इसका विस्तार किया जायेगा ।

## 2- लिंग संवेदनशीलता का प्रशिक्षण :-

उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बालिकाओं के पढ़ने के प्रति अभिभावकों का दृष्टिकोण सकारात्मक नहीं है । वे आज भी बालिकाओं को स्कूल भेजने के प्रति संवेदन शील नहीं है ऐसे में प्रत्येक विद्यालय के एक – एक अध्यापक को लिंग संवेदनशीलता का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके मॉडयूल का विकास सीमेट के सहयोग से डायट द्वारा किया जायेगा ।

## 3- समय प्रबन्धन एवं नेतृत्व विषयक प्रशिक्षण :-

उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों हेतु अभी तक नियोजन एवं प्रबन्धन विषयक प्रशिक्षण आयोजित नहीं किये जा सके हैं । अतः सभी प्रधानाध्यापकों को डायट के नेतृत्व में 4 दिवसीय नियोजन एवं प्रबन्धन के साथ समय प्रबन्धन एवं नेतृत्व का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।

## <u>प्रशिक्षण :-</u>

## 1- बी०आर०सी० एवं एन०पी०आर०सी० का प्रशिक्षण :-

बी०आर०सी०सी० एवं ए०बी०आर०सी०सी० एवं एन०पी०आर०सी०सी० को 5 दिवसीय आधारभूत एवं तीन दिवसीय शैक्षिक सपोर्ट एवं अनुश्रवण विषयक प्रशिक्षण डी०पी०ई०पी० योजना के अन्तर्गत प्रदान किये जा चुके हैं । किन्तु उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को भी सहयोग एवं समर्थन प्रदान किया जाना है अतः उनकी क्षमता में वृद्धि किये जाने की आवश्यकता हैं इसके लिए राज्य स्तर से माड्यूल तैयार कर डायट पर 7 दिवसीय प्रशिक्षण कराये जाने की आवश्यकता है । बी०आर०सी०, एन०पी०आर०सी० समन्चयक क्षेत्र में अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन देते हैं । अतः उन्हें उन सभी प्रशिक्षणों को प्रदान किया जायेगा , जिनका क्षेत्र में उन्हें अनुश्रवण करना होता है । यथा सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण , आचार्य जी अनुदेशकों का प्रशिक्षण ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण , शिक्षा मित्र का प्रशिक्षण, ई०सी०सी०ई० का प्रशिक्षण आदि इससे ये सभी अपने – अपने क्षेत्रों में यथा समय वेहतर अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन प्रदान कर सकेगें ।

2- **ई०सी०सी०ई० केन्द्रों के कार्यकत्रियों/सहायिकाओं का प्रशिक्षण :—** पूर्व प्राथमिक शिक्षा की दृष्टि से सभी विकास खण्डों में 100 शिशु शिक्षा केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। इनकी कार्यकत्रियों , सहायिकाओं एवं पर्यवेक्षिकाओं को 7 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा । यह प्रशिक्षण प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों की सहायता से डायट स्तर पर कराया जायेगा । इसके आयोजन से बच्चे में स्कूली शिक्षा की तैयारी की प्रवृति विकसित होगी । भाषायी कौशलों का विकास होगा , बच्चों के एवं शारीरिक विकास को बल मिलेगा। बच्चे में सृजनात्मक अभिव्यक्ति सौन्दर्यानुभूति का भी विकास होगा । इस प्रशिक्षण में बच्चे के लिए सामग्री विकसित करने एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के निर्माण से बच्चे को परिचित करने पर बल दिया जायेगा ।

3- **शिक्षा मित्र एवं आचार्य जी का प्रशिक्षण :—** जनपद में शिक्षा मित्र /आचार्य जी का तीस दिवसीय आधार भूत प्रशिक्षण डायट में आयोजित किया जायेगा । यह प्रशिक्षण सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण से भिन्न होगा । इसका माड्यूल राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा विकसित किया जायेगा । इसके अतिरिक्त इन्हे प्रतिवर्ष 15 दिवसीय का रिफ्रेशर कोर्स का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा । इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नवीन शिक्षण विधियों का परिचय कराया जाना है ।

4- **ए०बी०एस०ए०/एस०डी०आई० प्रशिक्षण :—** जिले में ग्रामीण स्तर पर गुणवत्ता विकास कार्यक्रमों का सम्यक लाभ पहुँचाने के लिए सम्बन्धित विकास खण्डों के सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों एवं प्रति उप विद्यालय निरीक्षकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा , जो ओरियन्टेशन मे रूप में होगा । सीमेट द्वारा भी इन्हे एकादमिक पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।

5- **ग्राम शिक्षा समति के सदस्यों का प्रशिक्षण :—** शिक्षा समाज का दर्पण हो । अतः इसमें लोगों को भी समय—समय पर जागरूक रखने के लिए ग्राम शिक्षा समितियों के सदस्यों व गॉव के अन्य सदस्यों को आमन्त्रित करने हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा । इससे स्कूल की गतिविधियों में समाज की भागीदारी बढ़ेगी । स्थानीय स्तर पर अनुश्रवण की व्यवस्था लागू होगी । बच्चों में नामाकंन में वृद्धि होगी । ग्राम शिक्षा योजना निर्माण का कार्यक्रम सफल होगा । अतः सर्व शिक्षा अभियान में ग्राम शिक्षा समितियों के सभी सदस्यों , युवक मंगल दल, के सदस्य, डब्लू, एम०जी०के सदस्यों एवं महिला सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रशिक्षण दिया जायेगा ।

6- **सर्व शिक्षा अभियान में परियोजना स्टाफ का प्रशिक्षण :—** इसके अन्तर्गत डायट एवं परियोजना स्टाफ के अभिकर्मियों का प्रशिक्षण सीमेट में आयोजित किया जायेगा । यह प्रथम वर्ष में आयोजित होगा जिसमें सर्व शिक्षा अभियान के दिशा निर्देश एवं कार्यक्रमों का परिचय कराया

जायेगा । इसी क्रम में आवश्यकतानुसार रिफ्रेशर प्रशिक्षण भी प्रदान किये जायेगें । सभी प्रकार के प्रशिक्षणों की शियरिंग एंव अभिलेखीकरण भी किया जायेगा ।

**मूल्यपरक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण :–** अध्यापकों को शिक्षा के मूल्यों के प्रति उन्मुख करने हेतु मूल्य उन्मुखीकरण की कार्यशाला पहले डायट स्तर पर फिर ब्लाक स्तर पर करायी जायेगी जो पांच दिवसीय होगी। इसमें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा संस्थान एन० सी० टी० ई० द्वारा विकसित पाठ्यक्रम पढ़ाया जायेगा, जिसके मास्टर ट्रेनर डायट में उपलब्ध हैं।

## स्कूल सारणी के अनुसार उपलब्ध शिक्षण समय सप्ताह के अनुसार

| | प्राथमिक स्तर वादन/समय | उच्च प्राथमिक स्तर वादन/समय |
|---|---|---|
| भाषा – 1 हिन्दी | प्रतिघंटा 40 मिनट x 9 | 40 मिनट x 9 |
| भाषा–2 अंग्रेजी | प्रतिघंटा 40 मिनट x 3 | 40 मिनट x 5 |
| भाषा–3 संस्कृत | प्रतिघंटा 40 मिनट x 3 | 40 मिनट x 5 |
| विज्ञान | प्रतिघंटा 40 मिनट x 4 | 40 मिनट x 6 |
| गणित | प्रतिघंटा 40 मिनट x 8 | 40 मिनट x 10 |
| सामाजिक विषय | प्रतिघंटा 40 मिनट x 4 | 40 मिनट x 6 |
| समाजोपयोगी कार्य | प्रतिघंटा 40 मिनट x 8 | 40 मिनट x 4 |
| कला शिक्षण | प्रतिघंटा 40 मिनट x 4 | 40 मिनट x 3 |
| अन्य शारीरिक शिक्षा | प्रतिधंटा 40 मिनट x 8 | 40 मिनट x 3 |

स्रोत डायट बहराइच

उपर्युक्त सारणी के अवलोकन से विदित होता है कि जहाँ एक ओर शिक्षण हेतु कार्यदिवसों की संख्या 132 है वहीं मानक के अनुसार विद्यालय 220 दिन खोले जाने का प्राविधान है । अन्य कार्यो में नष्ट होने वाले दिनों का क्रमशः समाप्त किया जायेगा । तथा सुनिश्चित किया जायेगा कि शिक्षण दिवस कम से कम 220 दिन उपलब्ध आवश्यक हो । साथ ही समय प्रबन्ध, सामग्री प्रबन्ध , स्कूली गतिविधियों के आयोजन में बच्चों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी ।

**पाठ्य सामग्री :–** डी०पी०ई०पी० योजना के अन्तर्गत निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें प्राथमिक स्तर के सभी बच्चों को वितरित किया गया है । इस कार्यक्रम को सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत 2005 तक लागू किया जायेगा । प्रत्येक विद्यालय को शिक्षक संदर्शिकाएं उपलब्ध करायी गयी । शिक्षक संदर्शिकाओं के सेट भी आगमी 5 वर्षो तक एक–एक सेट सभी विद्यालयों को उपलब्ध कराये जाते रहेगें ।

कक्षा 6 से 8 के लिए संशोधित पाठ्यक्रम के आधार पर नवीन पुस्ताकों का विकास एस०सी०ई०आर०टी० के तत्वाधान में किया जा रहा है । ये पाठ्यपुस्तकें एस०सी०ई०आर०टी० के विशिष्ट संस्थानों, राज्य संदर्भ समूह के सदस्यों, शिक्षकों , बाह्य विशेषज्ञों के सदस्यों से सहभागिता

आधारित प्रक्रिया के अन्तर्गत विकसित की जा रही है । आगामी वर्ष से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सभी बालिकाओं एवं अनुसूचित जाति के बालकों को निःशुल्क वितरित किये जाने का प्राविधान है ।

**किशोरी बालिकाओं के लिए पाठ्य सामग्री :–** सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत गुणवत्ता सुधार हेतु उच्च प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत किशोरी बालिकाओं के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री विकसित की जायेगी ।जिससे किशोरी बालिकाओं की जीवन आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें । साथ ही जीवनोंपयोगी कौशलों की श्रेष्ठ एवं सम्यक ज्ञान प्राप्त करने हेतु विशेष बल दिया जायेगा । शिक्षण अधिगम सामग्रीं विकसित कर विद्यालयों को उपलब्ध करायी जायेगी ।

## गुणवत्ता सवंर्द्धन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की भूमिका :–

जनपद में प्रारम्भिक शिक्षा में गुणवत्ता विकास हेतु डायट एक शीर्षस्थ अकादमिक संस्था है । इसके द्वारा प्रत्येक स्तर पर अकादमिक नेतृत्व प्रदान किया जाता है एवं वार्षिक कार्ययोजना विकसित कर कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाता है । जनपद , बी०आर०सी० एवं एन०पी०आर०सी० स्तर के अभिकर्मियों, अध्यापकों , वैकल्पिक शिक्षा के अनुदेशकों , आंगन वाड़ी कार्यकत्रियों एवं शिक्षामित्रों/आचार्यो के प्रशिक्षणों का नियोजन कर सफल आयोजन एवं क्रियान्वंयन के दायित्व का निर्वहन डायट द्वारा किया जाता है । जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1999 से ही विद्यालयों का अकादमिक पर्यवेक्षण कर श्रेणीकरण के द्वारा गुणवत्ता विकास हेतु प्रयास किया जाता रहा है। जिसके फलस्वरूप विद्यालयों के स्तर में सुधार आने लगा है । न्याय पंचायत एवं विकास खण्ड स्तर की शैक्षिक समस्याओं एवं उभरे शैक्षिक मुद्दों के हल हेतु आवश्यकतानुसार कार्यशाला एवं विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है । क्रियात्मक शोध के द्वारा समस्याओं का हल एवं नवाचार कार्यक्रमों का संचालन, मूल्याकंन एवं अनुश्रवण हेतु उपाय, सामग्री विकास , ई०एम०आई०एस० आकंड़ों का विश्लेषण तथा उपयोग आदि प्रमुख दायित्वों का निर्वहन डायट द्वारा किया जाता है । सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत शैक्षिक गुणवतता वृद्धि हेतु उपरोक्त समस्त कार्यकलापों का आयोजन किया जायेगा । शिक्षकों को कार्य स्थल पर सहयोग एवं समर्थन प्रदान कर संस्थागत क्षमता में वृद्धि की जायेगी । जिसमें कि बी०आर०सी० एवं एन०पी०आर०सी० समन्वयक अपने क्षेत्र में आवश्यक अकादमिक नेतृत्व प्रदान कर बच्चो के सम्प्राप्ति स्तर में वृद्वि कर सके ।

**क्षमता विकास कार्यक्रम** :– जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के अकदमिक नेतृत्व के द्वारा बी०आर०सी० तथा एन०पी०आर०सी० समन्वयकों को प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर के अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान कर पर्यवेक्षण एवं शैक्षिक सहयोग प्रदान करने हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा । विकास खण्ड एवं न्याय पंचायत स्तार पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणों/कार्यशालाओं के आयोजन करने हेतु संस्थागत क्षमता वृद्धि की जायेगी/विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों एवं स्वयं सेवी संगठनों का गुणवत्ता विका

हेतु सहयोग प्राप्त किया जायेगा । डायट द्वारा सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, बी०आर०सी०/एन०पी०आर०सी० समन्वयकों, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा । नेतृत्व प्रबन्ध एवं नियोजन एवं शैक्षिक सपोर्ट की क्षमता का विकास किया जायेगा ।

**<u>अकादमिक संदर्भ समूह :–</u>** जनपद में कार्यक्रमों की नियोजन, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु डायट की अकादमिक सन्दर्भ समूह डी०पी०ई०पी० कार्यक्रमों के अन्तर्गत वर्ष 1999 से ही गठित है । इस समूह के द्वारा गुणवत्ता विकास सम्बन्धी समस्त कार्यक्रमों तथा प्रशिक्षणों आदि से फीड बैंक प्राप्त कर विश्लेषण उपरान्त समाधान भी दिया जाता है ।

इस समूह में डायट स्टाफ के अतिरिक्त वाह्य विशेषज्ञ, शिक्षा विद, योग्य शिक्षण, बी०आर०सी०/एन०पी०आर०सी० समन्वयक की सम्मिलित है । उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को अकादमिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से ही हाई स्कूल तथा इण्टर कालेज के शिक्षकों को भी जोड़ा जायेगा । अकादमिक सहायोग के सदस्यों के क्षमता विकास हेतु एस०सी०ई०आर०टी० के सहयोग से डायट में 5 दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया जायेगा । यह कार्यशाला मुख्यतः अकादमिक पर्यवेक्षण, विषय शिक्षण, विद्यालय प्रबन्ध, शिक्षकों की समस्याओं का निवारण अदि बिन्दुओं पर केन्द्रित होगी । प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर अनुपूरक साहित्य का निर्माण भी अकादमिक सन्दर्भ समूह द्वारा किया जायेगा ।

**कम्प्यूटर प्रशिक्षण :–** डायट के सदस्यों को कम्प्यूटर उपयोग की जानकारी दी जायेगी। संस्थान में नियोजन एवं अनुश्रवण तथा आंकड़ों के विश्लेषण हेतु कम्प्यूटर का उपयोग किया जायेगा । बी०आर०सी० स्तर पर कम्प्यूटर का उपयोग करने हेतु सहसमन्वयक या किसी अध्यपकों को कम्प्यूटर उपयोग का प्रशिक्षण दिया जायेगा । इसके अतिरिक्त उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा ।

## <u>शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण एवं उपयोग</u>

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1999 से शिक्षण को रूचिकर एवं प्रभावी बनाने तथा बच्चों को करके सीखने का अवसर प्रदान करने के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण हेतु प्रति वर्ष रू० 500 का अध्यापक अनुदान प्राथमिक शिक्षकों को दिया जा रहा है । सर्व शिक्षा अभियान उच्च प्राथमिक अध्यापकों को भी प्रति वर्ष रू० 500 का अध्यापक अनुदान दिया जायेगा । डी०पी०ई०पी० के पश्चात प्राथमिक अध्यापकों को शिक्षक अनुदान सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रदान किया जायेगा । शिक्षकों में कक्षावार व विषयवार शिक्षण समाग्री के निर्माण एवं उपयोग की पर्याप्त समझ विकसित करने हेतु डायट, बी०आर०सी० एवं एन०पी०आर०सी० स्तर पर कार्यशालाओं

का आयोजन किया जायेगा । प्रत्येक स्तर पर समय– समय पर मैटीरियल मेला का भी आयोजन किया जायेगा । साथ ही शिक्षकों को स्थलीय समर्थन प्रदान कर निर्माण एवं उपयोग की व्यावहारिक जानकारी की जायेगी । ब्लैक बोर्ड आपरेशन के अन्तर्गत उपलब्ध विज्ञान किट एवं गणित किट का उपयोग सुनिश्चित किया जायेगा ।

**कार्यशालाओं / बैठकों का आयोजन :–** जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र पर समस्त अध्यापकों की एक दिवसीय मासिक गोष्ठी / कार्यशाला का अयोजन किया जा रहा है । इस बैठक को प्रशिक्षण का स्वरूप प्रदान किया जाता है। इसमें मुख्यतः शिक्षण अधिगम प्रक्रिया पर आधारित अकादमिक समस्याओं के समाधान हेतु आदर्श पाठ प्रस्तुतीकरण , सामग्री , निर्माण , सामुदायिक सहयोग, गतिविधि आधारित शिक्षण आदि बिन्दुओं को सम्मिलित किया जायेगा । सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत भी मासिक स्तरीय गोष्ठियों को और अधिक उत्पादक बनाने हेतु एन०पी०आर०सी० एवं बी०आर०सी० की आवश्यकताओं के अनुसार डायट स्तर से कार्ययोजना विकसित की जायेगी । आवश्यकतानुसार डायट, बी०आर०सी० एवं एन०पी०आर०सी० स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा ।

उपरोक्त के अतिरिक्त कार्यशालाओं / गोष्ठियों का आयोजन निम्नलिखित विषयो पर आधारित होगा ।

1- अनुपूरक अध्ययन समाग्री का निर्माण तथा विज्ञान शिक्षण हेतु शिक्षकों के लिए अनुपूरक अध्ययन सामग्री का विकास

2- स्कूल पूर्व शिक्षा एवं प्रथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर कहानी / कविता तथा गतिविधियों का संकलन ।

3- छात्र / छात्राओं की अधिगम सम्प्राप्ति के मूल्यांकन हेतु टेस्ट आइटम का निर्माण

4- बच्चों के सम्प्रति स्तर पर आंकड़ों के अनुसार वृद्धि हेतु प्रयास ।

**क्रियात्मक शोध :–** जनपद में विभिन्न स्तरें पर शिक्षकों द्वारा एक्शन रिसर्च हेतु 05 दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा । इन कार्यशालओं के आयोजन हेतु सीमेट इलाहाबाद तथा एस०सी०ई०आर०टी० का सहयोग किया जायेगा । बी०आर०सी० एवं एन०पी०आर०सी० समन्वयकों को इस कार्य हेतु सक्षम बनाया जायेगा । क्रियात्मक शोध हेत प्रस्तावित विषय निम्नलिखित होगें :–

1- अध्यापकों की कमी के कारण बहुकक्षा शिक्षण की स्थितियों मे विभिन्न विषयों का शिक्षण किस प्रकार हो ।

2- बच्चों के सतत् व्यापक मूल्यांकन हेतु कक्षा में बच्चों का उपयोग ।

3- कक्षा की प्रक्रिया में जनसमुदाय की भागीदारी बढाये जाने के तरीके ।

4- विद्यालय विकास अनुदान एवं शिक्षक अनुदान का सार्थक उपयोग हेतु उपाया ।

5- शिक्षक प्राशिक्षण का कक्षा शिक्षण में उपयोग हेतु संकेतों का विकास ।

6- निम्न स्तर के विद्यालयों के स्तर में सुधार हेतु मुद्दे ।

7- कक्षा में धीमी गति से सीखने वाले बच्चों के लिए कारगर तरीके ।

8- बच्चों के सम्प्राप्ति स्तर बढ़ाने के लिए कारणो की पहचानकर तरीके खोजना ।

9- समुदाय का सहयोग प्राप्त करने हेतु उपाय ।

10- बच्चो की अनियमित उपस्थिति के कारणों का अध्ययन एवं नियमित उपस्थिति हेतु उपाय ।

11- अध्यापकों के पठन पाठन स्तर में वृद्धि हेतु प्रत्येक 6 माह बाद मूल्यांकन ।

12- अन्य शैक्षिक समस्याओं के कारणों का पता करना तथा उनके निराकरण हेतु प्रयास करना ।

## आकंड़ों का विश्लेषण , नियोजन तथा प्रशिक्षण में उपयोग

ई०एम०आई०एस० आंकड़ों से ब्लाक/गॉव/विद्यालय स्तर की आवशकताओं की जानकारी के द्वारा संसाधनों की पूर्ति की जायेगी । साथ ही नामांकन में वृद्धि, ड्राप आउट तथा रिपटीशन दर के आकंड़ों में कमी हेतु प्रयास किया जायेगा । डायट द्वारा क्वालिटी इण्डीकेटर्स के सम्बन्ध में ई०एम०आई०एस० आकंड़ों का विश्लेषण किया जायेगा । इनका उपयोग नियोजन एवं क्रियान्वयन में किया जायेगा ।

**मूल्याकंन प्रणाली :–** जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों के सम्प्राप्ति स्तर के मूल्याकंन हेतु एस०सी०आर०टी० द्वारा प्राथमिक स्तर सतत् एवं व्यापक मूल्याकंन की एवं समेकित प्रणाली विकसित की गयी है । इसका ट्रायल इस वर्ष किया जायेगा । सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत " सतत् एवं व्यापक मूल्याकंन प्रणाली " को और अधिक विकसित कर उपयोग किया जायेगा । इसको शिक्षक प्रशिक्षण माड्यूल के अंश के रूप मं प्रत्येक स्तर के अभिकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा । उच्च प्राथमिक स्तर पर भी प्रणाली का विकास किया जायेगा तथा उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा । छात्रों के मासिक , वार्षिक मूल्याकंन की व्यवस्था पहले से ही है । किन्तु इसमें सुधारकर कक्षा 5 की परीक्षा एन०पी०आर०सी० स्तर पर कक्षा 8 की परीक्षा बी०आर०सी० स्तर पर आयेजित की जायेगी । प्रश्नपत्रों का निर्माण डायट द्वारा किया जायेगा ।

**समेकित शिक्षा :–** जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद को दो विकास खण्डों नवाबगंज एवं हुजूरपुर में विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हीकरण कर मेडिकल एसेस्मेन्ट कराया जा चुका है । वातावरण सृजन हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है । बच्चों को आवश्यक उपकरण भी उनकी अक्षमता के अनुसार उपलब्ध कराये जा रहे हैं । बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए तथा सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा दिलाने हेतु दोनों विकास खण्ड के अध्यापकों का 5

दिवसीय प्रशिक्षण इस वर्ष आयोजित किया जायेगा । सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 0-18 वर्ष के बच्चों का अक्षमतावार चिन्हीकरण शेष दस विकास खण्डों में किया जायेगा । उनकों प्रारम्भिक शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सम्बन्धित विकास खण्डों के प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक अध्यापकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन किया जायेगा । एक शिविर में 37 प्रतिभागी होगें । प्रति शिविर 17200 रूपये का प्राविधान है ।

## अकादमिक पर्यवेक्षण में डायट की समेकित भूमिका

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत जनपद स्तर पर डायट तथा उप जनपद स्तर पर बी०आर०सी०/एन०पी०आर०सी०की अकादमिक पर्यवेक्षण हेतु समेकित भूमिका है। डायट के नेतृत्व बी०आर०सी० व एन०पी०आर०सी० कियाकारी इकाई के रूपमें कार्य करते है। एन०पी०आर०सी० समन्वयक अनुश्रवण व विश्लेषण उपरान्त अपनी प्रतिवेदन आख्या वी०आर०सी० समन्वयक को तथा बी०आर०सी० समन्वयक विश्लेशंण के उपरान्त प्रतिवेदन आख्या डायट को प्रस्तुत करता है। प्रत्येक स्तर उभरे शैक्षिक मुद्दो/समस्याओ का हल किया जाता है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक स्तर पर मासिक बैठकों का आयोजन प्रर्यवेक्षण व अनुश्रवण तथा श्रेणीकरण के माध्यम से कार्यक्षमता का विकास किया जायेगा । साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालय मान्यता प्राप्त विद्यालय हाई स्कूल व इण्टर कालेज कक्ष्चा (6-8) तक पढ़ाने वाले शिक्षकों तथा वैकल्पिक शिक्षा, ई०सी०सी०ई०, ई०जी०एस० केन्द्रों को अकादमिक पर्यवेक्षण एवं सहायोग दिया जायेगा । इसके लिए एन०पी०आर०सी० समन्वयकों का प्रशिक्षण डायट द्वारा किया जायेगा । ब्लाक संसाधन केन्द्रो , न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों, विद्यालयों का श्रेणीकरण निम्न स्तर का प्रर्दशन करने वाले केन्द्रों पर विशेष स्तर पर वृद्धि हेतु प्रयास किया जायेगा ।

बी०आर०सी० गुणवत्ता विकास हेतु अपनी वार्षिक कार्य योजना डायट के नेतृत्व में तैयार करेगा । तद्नुसार प्राथमिक तथ उच्च प्रा० सेवारत शिक्षकों का प्रशिक्षण, वैकल्पिक शिक्षा, ई०जी०एस० तथा ई०सी०सी०ई० केन्द्रों तथा विद्यालय का पर्यवेक्षण, समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय , कार्यशालाओं का आयोजन , शोध एवं मूल्याकंन आदि कर्तव्यों का निर्वहन बी०आर०सी० द्वारा किया जायेगा । ई०एम०आई०एस० आकड़ों का संकलन व विश्लेषण कर तथा अनुश्रवण व विश्लेषण से उभरे शैक्षिक समस्याओं के निराकरण हेतु डायट एवं एन०पी०आर०सी० के माध्यम से कड़ी के रूप में कार्य करेगा । ब्लाक संदर्भ समूह का गठन तथा विद्यालय विकास योजना के द्वारा अकादमिक पर्यवेक्षण किया जायेगा । प्रत्येक न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र की अपनी वार्षिक कार्ययोजना विकसित की जायेगी । कार्ययोजना के अनुसार शिक्षकों की मासिक प्रशिक्षणों/कार्यशालाओं का आयोजन तथा विद्यालय, केन्द्रों , ई०जी०एस० एवं ई०सी०सी०ई० केन्द्रों का अकादमिक पर्यवेक्षण किया जायेगा । ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों/WMG/PTA/MTA सदस्यों के प्रशिक्षण

एन०पी०आर०सी० द्वारा आयोजित किया जायेगा । ई०एम०आई०एस० आकंड़ों का सकंलन व विश्लेषण , विद्यालय विकास की योजना के द्वारा अकादमिक सहयोग तथा शोध एवं मूल्यांकन का कार्य भी किया जायेगा । न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र को एक क्रियाकारी ईकाई के रूप में विकसित किया जायेगा ।

**नवाचार कार्यक्रम :—** जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत नवाचार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में नामाकंन बढ़ाने हेतु स्कूल चलो अभियान चलाया जायेगा । विद्यालय स्तर पर दीवार अखबार, व लर्निंग कार्नर की स्थापना की गयी तथा विद्यालय विकास हेतु स्वयं सेवी सगठंनों की सहायकता ली गयी। सर्व शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त क्रियाकलाप जारी रहेगा । इसके अतिरिक्त अन्य नवाचार कार्यक्रमों का संचालन किया जायेगा ।

प्रायः यह देखा गया है कि लड़कियॉ प्राथमिक स्तर के बाद पढ़ाई बन्द कर देती है । उच्च प्राथमिक स्तर पर शिक्षा दिलाने हेतु उनका विद्यालय में ठहराव जरूरी है । ठहराव के लिए कुछ विद्यालयों में कार्यानुभव शिक्षण को नवाचार कार्यक्रम के रूप मे लागू किया जायेगा । कार्यानुभव के द्वारा खिलौना का निर्माण, फूड संरक्षण , मोमबत्ती निर्माण तथा कच्चे माल के द्वारा अन्य उत्पादन बालिकाओं द्वारा किया जायेगा । जीवन शैली में सुधार लाने तथा जीवनपयोगी तथ्यों की जानकारी हेतु पाठ्य सामग्री का विकास किया जायेगा । कुछ विद्यालयों में बालिकाओं को कम्प्यूटर शिक्षा दिलाने का भी प्राविधान किया गया है ।

जनपद में अध्यापकों की कमी पूरा करने के लिए ग्राम शिक्षा समिति व समुदाय की सहायता से सेवानिवृत अध्यापकों तथा स्वयं सेवी अर्हयुवकों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी । विद्यालय स्तर पर समस्त कार्यक्रमों में अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। गुणवक्ता विकास हेतु समुदाय का सहयोग किया जायेगा ।

स्थानीय भौगीलिक, ऐतहासिक , तथा सांस्कृतिक जानकारी हेतु बच्चों के लिए अनुपूरक साहित्य का निर्माण किया जायेगा । शिक्षकों के लिए डायट तथा ब्लाक स्तर शैक्षिक पत्रिका का प्रति माह प्रकाशन किया जायेगा । प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर शिक्षकों , स्थानीय शिक्षा विदो तथा स्वयं सेवी व्यक्तियों की कार्यशालाएं आयोजित कर विद्यालय विकास की योजना तैयार की जायेगी ।

**उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कार :—** बी०आर०सी०/एन०पी०आर०सी० स्तर पर कार्यरत अभिकर्मियो तथा शिक्षकों को प्रोत्साहित करने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करने हेतु सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रति वर्ष कार्य निष्पादन हेतु 2 बी०आर०सी० को रू० 10,000=00 तथा प्रत्येक विकास खण्ड में 1 एन०पी०आर०सी० रू० 7,000.00 की दर से पुरस्कार दिया जायेगा । इसी प्रकार प्रत्येक विकास खण्डो में दो ग्राम शिक्षा समितियों को रू० 15,000.00 तथा रू० 10,000.00 की दर से अच्छे कार्य

निष्पादन हेतु पुरूस्कार दिया जायेगा। पुरस्कार की धनराशि का उपयोग विद्यालय विकास तथा अन्य शैक्षिक कार्यो में किया जायेगा ।

**गुणवक्ता संवर्द्धन में स्वयं सेवी संगठनों की भूमिका :–** वर्ष 2000-2001 से ही बेटी स्वयं सेवी संस्था द्वारा जनपद में विकास खण्ड मिहींपुरवा में अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षे.त्रों में शैक्षिक गुणवक्ता वृद्धि हेतु समुदाय के सहयोग हेतु कार्यशाला/विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । बालिका शिक्षा हेतु विशेष प्रयास किया गया । सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अति पिछड़ें क्षेत्रों अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों तथा विशेषकर इन क्षेत्रों में बालिका शिक्षा पर विशेष बल दिया जायेगा। बालिकाओं के ठहराव एवं सम्प्राप्ति स्तर में वृद्धि हेतु प्रयास किया जायेगा । नवाचार के माध्यम से सभी बच्चों की अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा ।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का सुदृढीकरण

जनपद बहराइच के दो भागों बहराइच व श्रावस्ती में बॅट जाने से डायट जनपद बहराइच (पयागपुर) में स्थित है । समस्त कार्यक्रमों/क्रियाकलापों का संचालन डायट पयागपुर से किया जाता है ।

## जनपद पयागपुर (बहराइच) के अकादमिक स्टाफ का विवरण

| पद | सृजित | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|
| प्राचार्य | 01 | - | 01 |
| उपप्राचार्य | 01 | – | - |
| वरिष्ठ प्रवक्ता | 06 | – | 06 |
| प्रवक्ता | 17 | 01 | 16 |
| कार्यनुभव शिक्षक | 01 | 01 | – |
| तकनीकी सहायक | 01 | 01 | – |
| सांख्यिकीकार | 01 | - | 01 |
| प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत प्राथमिक अध्यापक | 04 | 04 | – |

डायट मे कार्यरत अकादमिक स्टाफ की अत्यन्त कमी है । दोनों जनपदों की अकादमिक गतिविधियों के संचालन में कठिनाई होती है । स्टाफ की पूर्ति आवश्यक है।

3- अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी है । क्योकि वे अपने बच्चों की शिक्षक प्रगति की देख रेख नहीं रखते हैं ।

4- गणित विज्ञान विषयों की विशेष जानकारी का अभाव है साथ ही साथ विभिन्न विषयों से सम्बन्धित तथा पाठों से सम्बन्धित सहायक शिक्षण सामाग्री निर्माण की जानकारी दिये जाने की आवश्यकता है ।

5- उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना भी अधिक संख्या में किये जाने की आवश्यकता है । जो सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत खोले जायेगें । प्राथमिक विद्यालय के अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन हेतु डी०पी० ई० पी० योजना के अन्तर्गत "ब्लाक संसाधन केन्द्र एवं न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रो की स्थापना की गयी है साथ ही अनुश्रवण हेतु ब्लाक समन्वयक/ न्याय पंचायत समन्वयक एवं सह समन्वयक नियुक्त किये जा चुके हैं जो अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन का कार्य कर रहें हैं । उच्च प्राथमिक विद्याालय स्तर पर भी किसी केन्द्रीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को संकुल केन्द्र बनाकर अनुसमर्थन दिये जाने की आवश्यकता है जिसे सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया जायेगा । आज सत्यतां यह है कि हर अभिभावक अपने बच्चे को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिलाना चाहता है किन्तु उसकी आकांक्षा यह भी है कि जिस विद्यलाय में उसका बच्चा पढे उस विद्यालय का भौतिक एवं शैक्षिक परिवेश आकर्षक हो शिक्षकों को विद्यालय में पर्याप्त उपलब्धता हो । साथ ही वे सभी नियमित रहकर शिक्षण कार्य करें । विद्यालयों में उनके बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें मिलें । स्वास्थ्य परीक्षण किया जाये एवं नैतिक शिक्षा पर अधिक से अधिक जोर दिया जाये । बच्चों को व्यावसायिक कौशलों की शिक्षा दी जाये ।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम शिक्षा समितियों को जागरूक करने एवं उन्हें उनके उत्तर दायित्वों से अवगत कराने हेतु प्रशिक्षण दिये जा रहें हैं । सर्व शिक्षा अभियान में समुदाय की आवश्यकता एवं अपेक्षा का और अधिक ध्यान रखा जायेगा तथा एम०टी०ए० को सक्रिय किया जायेगा ताकि वे अपने बच्चे की शिक्षा हेतु सक्रिय सहभागिता का प्रदर्शन कर सकें । इसके साथ ही साथ विद्यालयों को रूचिपूर्ण शिक्षा केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा । जहॉ रहकर बच्चा स्वयं सीखने की प्रक्रिया को जारी रखेगा ।

## सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित आवश्कता आधारित प्रशिक्षण :–

जनपद बहराइच प्रदेश में शैक्षिक दृष्टि अत्यन्त पिछड़ा जिला हैं । यहॉ की भौगोलिक परिस्थितियॉ भी इसके पिछडने का कारण है । जिले में नदी, नालों, जंगलों की अधिकता, के साथ – साथ यातायात मार्गो एवं साधनों की कमी भी शैक्षिक दृष्टि से पीछे होने का कारण है ।

## जनपद बहराइच हेतु आवर्तक बजट प्रति वर्ष निम्न प्रकार है :—

| | | |
|---|---|---|
| 1- | क्रियात्मक शोध अध्ययन | 2.00 लाख |
| 2- | कार्यशला / सेमीनार | 2.00 लाख |
| 3- | प्रकाशन एवं मुद्रण | 4.00 लाख |
| 4- | कन्टिजेन्सी | 1.00 लाख |
| 5- | वाहन रखरखाव / पी०ओ०एल | 0.25 लाख |

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण / कार्यशालाओं का विवरण

| क्रंमाक | कार्यक्रम | प्रतिभागी | दिवस |
|---|---|---|---|
| 1. | विजनिंग कार्यशाला | डायट संकाय के सदस्य, डी०पी०ओ०स्टाफ, ABSA, SDI, समन्वयक . | 04 दिन |
| 2. | अकादमिक संसाधन समूह की क्षमता विकास कार्यशाला | अकादमिक संसाधन समूह के सदय | 05 दिन |
| 3. | बहुश्रेणी शिक्षण हेतु लर्निंग मैटीरियल विकास हेतु कार्यशाला | चुने हुए शिक्षक | 05 दिन |
| 4. | शिक्षक प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण | चुने हुए प्रशिक्षक | 10 दिन |
| 5. | प्राथमिकं / उच्च प्राथमिक स्तर पर विभिन्न विषयों की शिक्षक प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण ( अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, विज्ञान, गणित, ) | चुने हुए प्रशिक्षक | 05 दिन प्रत्येक विषय |
| 6. | शिक्षा मित्रों / अचार्यों का प्रशिक्षण<br>(i) आधार भूत प्रशिक्षण<br>(ii) बोधात्मक प्रशिक्षण | शिक्षा मित्र / आचार्य जी | <br>30 दिन<br>15 दिन |
| 7. | वैकल्पिक शिक्षा के अनुदेशकों का प्रशिक्षण<br>(i) आधारभूत | अनुदेशक<br>" | <br>15 दिन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ii) बोधात्मक | | 10 दिन |
| 8. | वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के पर्यवेक्षण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम | BRC/NPRC समन्वयक प्रतिभागी | 03 दिन |
| 9. | ई०सी०सी०ई० कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण | कार्यकत्रियों तथा सहायिका | 07 दिन |
| 10. | नेतृत्व प्रशिक्षण | BRC/NPRC. समन्वयक<br>प्रधानाध्यापक | 05 दिन<br>05 दिन |
| 11. | ऐक्शन रिसर्च हेतु प्रशिक्षण | डायट स्टाफ, BRC/NPRC. स्मन्वयक तथा चुने हुए शिक्षक | 05 दिन |
| 12. | कार्यानुभव प्रशिक्षण | BRC/NPRC समन्वयक तथा उच्च प्राथमिक चुने हुए शिक्षक | 05 दिन |
| 13. | अनुपूरक सामग्री निर्माण कार्यशाला | चिन्हित शिक्षक/शिक्षिकाएं | 03 दिन |
| 14. | संस्थागत क्षमता विकारा कार्यशाला | डायट सकांय सदस्य | 03 दिन |
| 15. | बाल श्रमिकों हेतु संचालित वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो हेतु शिक्षक सामग्री का विकास | डायट संकाय के सदस्य तथा शिक्षक | 03 दिन |
| 16. | अकादमिक पर्यवेक्षण तथा श्रेणीकरण हेतु प्रशिक्षण | डायट स्टाफ, BRC/NPRC समन्वयक, | 03 दिन |
| 17. | सतत् व्यापक मूल्याकंन हेत प्रशिक्षण | BRC/NPRC समन्वयक,डायट स्टाफ तथा चुने गये शिक्षक | 03 दिन |
| 18. | मैटीरियल मेला | चुने गये शिक्षक (प्रा० तथा उ०प्रा०) | 03 दिन |
| 19. | सेवा पूर्वगम प्रशिक्षण | नवनियुक्त अध्यापक प्राथमिक | 10 दिन |
| 20. | कम्प्यूटर शिक्षण हेतु प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण | डायट स्टाफ/BRC/NPRC समन्वयक/उ०प्रा० विद्यालयों के चयनित शिक्षक | 01 माह |
| 21. | ग्राम शिक्षा समितियों हेतु BRC का प्रशिक्षण | बी०आर०सी० के सदस्य | 03 दिन |
| 22. | ABSA/ SDI प्रशिक्षण | ABSA/ SDI | 05 दिन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23. | BRC/ NPRC समन्वयकों का प्रशिक्षण | BRC/ NPRC समन्वयक | 07 दिन |
| 24-. | मूल्यपरक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण | अध्यापक | 05 दिन |
| 25. | SCERT NCTE SIE SDO तथा अन्य संस्थानों द्वारा प्रदत्त प्रशिक्षण कराये जायेंगे। | | |

# अध्याय - 10

# परियोजना प्रबन्धन एवं अनुश्रवण

सर्व शिक्षा अभियान की अवधि वर्ष 2002 से 2007 तक होगी। यह परियोजना वर्तमान व्यवस्था की सम्पूरक व्यवस्था के रूप में संचालित की जायेगी। इस परियोजना अवधि में 6-14 वय वर्ग के सभी बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान की जायेगी । सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समस्त कार्यक्रमों का संचालन एवं प्रबन्धन उ0 प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में पर्याप्त क्षमता एवं प्रबन्धन कौशल विकसित कर लिये जाने का लक्ष्य है।

**परियोजना का प्रबन्धन टीम भावना पर आधारित होगा और इसमें व्यक्तिगत पहल के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध होगें । इसका प्रबन्धन लोकतांत्रिक होगा । जिससे अधिकतम जन सहभागिता सुनिश्चित हो सके। समय-समय पर समीक्षा के उपरान्त सहभागिता के आधार पर रणनीतियों में परिवर्तन के लिए तत्पर रहना होगा। कार्यक्रमों का सतत् अनुश्रवण किया जायेगा। अध्यापकों एवं छात्रों की नियमित एवं पूर्ण कालिक उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी।**

## प्रबन्ध तंत्र :-

प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनीकरण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सर्व शिक्षा अभियान की समस्त प्रक्रियाओं में सामुदायिक सहभागिता प्राप्त करते हुए। विकेन्द्रीकृत शैक्षिक प्रबन्धन प्रणाली स्थापित की जायेगी। इस व्यापक कार्य के सम्पादन के लिए प्रशासनिक कार्यो के निस्पादन में उच्च कोटि का लचीलापन लाने का प्रयास किया जायेगा। निचले स्तर से ही जवाबदेही सुनिश्चित करने की प्रणाली स्थापित की जायेगी। वित्तीय निवेशो को अवधि प्रवाह प्रदान किया जायेगा। इसके साथ उ0 प्र0 सर्व शिक्षा अभियान ने एक प्रबन्ध तंत्र तैयार किया है। जो निम्नवत है -

## संगठनात्मक ढांचा

### ग्राम शिक्षा समिति :

ग्राम स्तर पर बेसिक शिक्षा अधिनियम 1972 यथा संशोधित वर्ष 2000 के अन्तर्गत ग्राम शिक्षा समिति का गठन है।
जो बेसिक शिक्षा सम्बन्धी समस्त कार्यो के सम्पादन हेतु संकल्पित है। ग्राम शिक्षा

समिति के सदस्य निम्नवत है -

1- ग्राम पंचायत का प्रधान - अध्यक्ष

2- ग्राम पंचायत में स्थित बेसिक स्कूल का प्रधान अध्यापक और यदि वहॉ एक से अधिक स्कूल हों तो प्रधान अध्यापकों में से ज्येषठतम सदस्य ग्राम शिक्षा समिति का सचिव होगा।

3- बेसिक स्कूलो के के तीन संरक्षक जिसमें एक संरक्षक महिला होगी जो सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नामित होगें। सदस्य

**<u>अधिकार एवं दायित्व</u>** :

ग्राम शिक्षा समिति निम्नलिखित कार्यो का सम्पादन करेगी -

1) पंचायत क्षेत्र में स्थित बेसिक स्कूलों के निष्पादन हेतु प्रशासन, नियन्त्रण और प्रबन्धन करना।

2) बेसिक स्कूलों के क्षमता विकास, शत प्रतिशत नामांकन, ठहराव सुनिश्चित करने तथा शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि के लिए योजनाएं तैयार करना।

3) पंचायत क्षेत्र में बेसिक शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा की अभिवृद्धि और विकास करना।

4) प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के भवनों और उपकरणों के सुधार के लिए जिला पंचायत को सुझाव देना।

5) बेसिक स्कूलों के अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों के समय पालन और उपस्थिति को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाना।

6) पंचायत क्षेत्र में अवस्थित किसी बेसिक स्कूल के किसी अध्यापक या कर्मचारी पर ऐसी रीति से जैसे निहित की जाय, लघु दण्ड देने की सिफारिश करना।

7) बेसिक शिक्षा से सम्बन्धित ऐसे सभी अन्य कृत्यों को करना, जिन्हे राज्य सरकार द्वारा सौपा जाय। उ0 प्र0 बेसिक शिक्षा योजना के अर्न्तगत यह समिति नीति निर्धारण के साथ-साथ मुख्य कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य करती रही है । जिसमें विद्यालयों भवनों का निर्माण, परिसर में सुधार एवं शैक्षिक उपकरणों की आपूर्ति आदि सम्मिलित है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत ग्रम शिक्षा समिति विद्यालय प्रबन्धन एवं शैक्षिक विकास में जन–जन समुदाय की सहभागिता हासिल करने में सफल हुई है। सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत भी ग्राम शिक्षा समिति के द्वारा विद्यालय प्रबन्धन एवं शैक्षिक नियोजन सम्बन्धी समस्त कार्यो का सम्पादन किया जायेगा। इसे अधिक प्रभावी बनाने एवं सक्रिय

सामुदायिक भागीदारी के साथ–साथ बस्ती/ग्राम स्तर पर शैक्षिक योजना तैयार करने और इसका समय बद्ध क्रियान्वयन करने हेतु इसके सदस्यों को माइक्रोप्लानिंग आदि विधाओं में सक्षम बनाया जायेगा ताकि बुनियादी स्तर प्रारम्भिक शिक्षा का लक्षित विकास हो सके।

औपचारिक विद्यालयों के अतिरिक्त शिक्षा गारण्टी योजना/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों की मांग तथा शिक्षा के लिए परिवेश का निर्माण एवं अन्य समाज समस्त संसाधनों का संकेन्द्रण इसी समिति का अधिकार एवं दायित्व है। शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों, आचार्यो आंगन बाड़ी केन्द्रो के स्टाफ के वेतन/मानदेय का भुगतान ग्राम शिक्षा समिति द्वारा किया जायेगा। छात्रवृत्तियों का वितरण, पोषाहार वितरण का नियंत्रण, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण ग्राम शिक्षा समिति के पर्यवेक्षण में किया जायेगा।

**<u>न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र (एन0 पी0 आर0 सी0 )</u> :-**

जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत सभी न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रो का निर्माण कराया जा चुका है। इसे सुसज्जित किये जाने के साथ - साथ सकुल प्रभारियों की नियुक्ति कर उन्हे प्रशिक्षित किया जा चुका है। इनको प्रशिक्षण के माध्यम से और अधिक सक्रिय बनाया जायेगा।

**<u>कार्य एवं दायित्व</u> :-**

1.- न्याय पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों का अकादमिक निरीक्षण करना।

2- अध्यापकों को साप्ताहिक बैठक करना। उनकी व्यक्तिगत कठिनाइयों पर विचार विमर्श एवं उनका निराकरण करना।

3- ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित कराना।

4-ग्राम शिक्षा समितियों के सहयोग से न्याय पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों में गुणवत्ता के सुधार, परिवेश निर्माण आदि की योजना तैयार करना ।

5- न्याय पंचायत स्तरीय शैक्षिक सूचनाओं का संकलन एवं सूक्ष्म नियोजन।

**क्षेत्र पंचायत स्तरीय समिति :-**

सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत क्षेत्र पंचायत स्तर पर एक ब्लाक शिक्षा सलाहकार समिति गठित होगी। जो विकास खण्ड स्तर पर कार्यक्रम निर्धारण अनुश्रवण आदि के लिए उत्तरदायी होगी।

क्षेत्र पंचायत स्तर पर गठित समिति में निम्नलिखित सदस्य है।

| | | |
|---|---|---|
| 1- | ब्लाक प्रमुख | अध्यक्ष |
| 2- | सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी / प्रति उप विघायल निरीक्षक | सदस्य - सचिव |
| 3- | विकास खण्ड का एक प्रधान | सदस्य |
| 4- | विकास खण्ड का एक वरिष्ठतम प्रधानाध्यापक | सदस्य |

**<u>अधिकार एवं दायित्व</u>** :- इस समिति का मुख्य कार्य ब्लाक संसाधन केन्द्र एवं न्यायपंचायत संसाधन केन्द्रो के कार्यो में समन्वय स्थापित करना है, जिला परियोजना समिति के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना तथा क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण करना इसका मुख्य दायित्व होगा। यह समिति ग्राम शिक्षा समितियों एवं जिला शिक्षा परियोजना समिति के बीच सम्पर्क सूत्र का कार्य करेगी तथा सुनिश्चित रोजगार योजना। जे0 जी0 एस0 वाई0 के लिए आबंटित धनराशि मे सें प्राथमिकता के आधार पर धन उपलब्ध कराने में यह विशेष सहायक होगी। इस समिति के प्रत्येक महीने में एक बैठक अनिवार्य होगी।

**<u>प्रशासनिक संगठन - ब्लाक स्तर</u>** :-

प्रत्येक क्षेत्र पंचायत स्तर पर एक सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रति उपविघालय निरीक्षक कार्यरत है। जो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नियंत्रण में परियोजना के कार्यक्रमों को क्रियान्वित करायेगे तथा नियमित रूप से पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करेंगे। सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/ प्रति उप विघालय निरीक्षक परियोजना क्रियान्वयन एवं प्रगति हेतु उत्तरदायी होगें। विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम शिक्षा समितियों, ब्लाक संसाधन केन्द्र एवं न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रो के मध्य समन्वय स्थापित करना उनका दायित्व होगा। विकास खण्ड के विघालय सांख्यिकी को समय से एकत्रित करना तथा जिला स्तर पर उपलब्ध कराना एवं सांख्यिकी की शुद्धता को बनाये रखने में विशेष भूमिका एवं उत्तरदायित्व होगा। सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी पदेन विकास खण्ड परियोजना अधिकारी होगे। संक्षेप में विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी होंगे।

संक्षेप में विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी के प्रमुख उत्तरदायित्व निम्नलिखित होंगे।

1- सर्व शिक्षा अभियान की नीतियों एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन।

2- विद्यालय भवनो के निर्माण का पर्यवेक्षण करना।

3- ग्राम शिक्षा समितियों को प्रभावी बनाना ।

4- ब्लाक परियोजना समिति की बैठक कराना एवं उसके निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित कराना।

5- ब्लाक स्तर पर शैक्षिक आकड़े एकत्रित कर संकलित करना।

6- सभी प्रकार की छात्रवृत्तियों का वितरण सुनिश्चित कराना तथा सूचना एकत्र करना।

7- खाद्यान्न वितरण तथा उससे सम्बन्धित सूचना संकलित करना।

8- विकास खण्ड के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बालिकाओं तथा अनु0 जाति/जनजाति के सभी बालक/ बालिकाओं को निः शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण समय से सुनिश्चित करना।

9- विद्यालयों का निरीक्षण करना तथा गुणवत्ता में सुधार लाना।

10- विद्यालयों में मानक के अनुसार अध्यापक - छात्र अनुपात बनाये रखना और आवश्यकतानुसार शिक्षा मित्रों की नियुक्तियां सुनिश्चित कराना।

11- ग्राम शिक्षा समितियों तथा ब्लाक शिक्षा समितियों के बीच समन्वय स्थापित करना।

12- अध्यापकों के वेतन बिल प्रस्तुत करना तथा वेतन भुगतान सुनिश्चित करना।

ई0जी0एस0 तथा ए0आई0ई0 के संचालन का अनुश्रवण सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी /प्रति उपविद्यालय निरीक्षक करेंगे। इन केन्द्रों पर अध्ययन रत छात्र/छात्राओं का विवरण एवं कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित ब्लाक संसाधन केन्द्र मे ही सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी का कार्यालय होगा।वे सर्व शिक्षा अभियान में विकास खण्ड परियोजना अधिकारी की भूमिका में समस्त दायित्वों का निर्वाह करेंगे।उनकी क्षमता में वृद्धि एवं गतिशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से रख रखाव हेतु नियत धनराशि 18000 रूपये प्रतिवर्ष

प्रति विकास खण्ड उपलब्ध करने का प्रस्ताव है। उन्हें ई0जी0 एस0/ए0आई0ई0 योजना के कार्य सम्पादन हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा उनके शासकीय दायित्वों के निष्पादन में सहायता हेतु एक बी0आर0सी0 सह-समन्वयक नियुक्त किया जायेगा।

**ब्लाक संसाधन केन्द्र (बी0आर0सी0 ) :-**

जनपद बहराइच में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परियोजना से संचालित जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत सभी विकास खण्डों में ब्लाक संसाधन केन्द्रों का निर्माण कराया जा चुका है। बी0 आर0सी0 समन्वयक की नियुक्ति की जा चुकी है और प्रशिक्षण भी प्राप्त कर चुके है। सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत कार्यक्रम की व्यापकता तथा उच्च प्राथमिक स्तर तक विस्तार को दृषिटगत रखते हुए एक बी0आर0 सी0 सह समन्वयक का पद प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर सृजित किया जायेगा,जो सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी के परियोजना के कार्यो का पर्यवेक्षण ,सूचना को एकत्रित करना,विद्यालय सांख्यिकी के संकलन एवं सभी प्रकार की बैठकों के आयोजन तथा कार्यक्रम के अनुश्रवण में सहायता करेंगे।

बी0आर0सी0 समन्वयक का अधिकाधिक समय सूचनाओं के एकत्रीकरण एवं विश्लेषण में व्यय होने के कारण शैक्षिक गुणवक्ता सवंर्धन एवं अकादमिक सहयोग हेतु पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है ।अतः प्रत्येक बी0आर0सी0 को एक कम्प्यूटर व एक कम्प्यूटर आपरेटर के साथ सुदृढ़ीकरण करने की योजना है। जिसके लिये प्रत्येक बी0आर0सी0 पर एक लाख रूपये का प्राविधान किया जा रहा है। किसी एक अध्यापक /समन्वयक को प्रशिक्षण देकर कम्प्यूटर संचालन कराया जायेगा।

**<u>कार्य एवं दायित्व</u> :-**

1-अध्यापकों को अभिनवीकरण प्रशिक्षण प्रदान करना।

2- विघालयों का अकादमिक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना कि विघालय में नवीन विधियों के अनुसार शिक्षण कार्य किया जा रहा है अथवा नहीं ।

3- विकास खण्ड की शैक्षिक आवश्यकताओं का अ ांकलन कर

संकलित करना तथा शैक्षिक आवश्यकताओं का सूक्ष्म नियोजन करना तथा तदनुसार सहयोग प्रदान करना।

4-विकास खण्ड स्तर पर अकादमिक संसाधन समूह का गठन करना।

5- न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के बीच सम्पर्क सूत्र के रूप में कार्य करना।

6- ब्लाक स्तर के अन्य विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करना एवं शिक्षा के हित में उसका नियोजन करना।

7-विकास खण्ड के अर्न्तगत स्कूल से बाहर बच्चों के सम्बंध में बस्तीवार तथा बच्चों का नामवार विस्तृत विवरण कम्प्यूटराईज्ड ) तैयार करना ।

8-विकास खण्ड में विघालयों सांख्यिकी प्रपत्रों का समय -समय पर संकलन एवं डाटा इन्ट्र ी के समय अनुश्रवण करना।

9-ई0सी0सी0ई0 तथा ई0जी0 एस0/ए0आई0ई0 केन्द्रों के संचालन का अनुश्रवण करना।

10-प्राथमिक शिक्षा में जन समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित कराना

**जनपद स्तरीय समिति: -**

सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत नीति निर्धारण एवं रणनीतियों के निर्धारण के लिए जिला स्तर पर जिला शिक्षा परियोजना समिति ,उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परियोजना के अर्न्तगत पूर्व से ही गोषठी समिति का गठन निम्नवत है: -

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी | अध्यक्ष |
| 2 | मुख्य विकास अधिकारी | उपाध्यक्ष |
| 3 | अध्यक्ष ,जिला परिषद का एक नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 4 | अनु0 जाति /अनु0जनजाति के दो ब्लॉक प्रमुख | सदस्य |
| 5 | दो महिला ब्लॉक प्रमुख | सदस्य |
| 6 | महापालिका अध्यक्ष का एक नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 7 | जिलाधिकारी द्वारा नामित दो शिक्षाविद् | सदस्य |
| 8 | शिक्षण संस्थाओं से एक सदस्य | सदस्य |
| 9 | एक शिक्षक प्रतिनिधि | सदस्य |
| 10 | -जिला विघालय निरीक्षक | सदस्य |

11. जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी — सदस्य

12. जिला कार्यक्रम अधिकारी (आई0सी0डी0एस0) — सदस्य

13. प्राचार्य ,जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान — सदस्य

14. लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अधिशासी अभियंता — सदस्य

15. समन्वयक महिला समाख्या — सदस्य

16. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी — सदस्य-सचिव

## जिला शिक्षा परियोजना समिति के अधिकार एवं दायित्वः -

जिला शिक्षा अभियान हेतु यह समिति जिले की सर्वोच्च नीति नियामक समिति है । उ0 प्र0 बेसिक शिक्षा परियोजना के द्वारा निर्धारित सीमाओं में जनपद स्तर पर इसे आवश्यक निर्णय का अधिकार है। रणनीतियों के परिवर्तन से लेकर निर्माण कार्य, गुणवक्ता में सुधार एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने में इसके निर्णय प्रभावी होगें। प्रवेश,धारण, गुणवक्ता संवर्धन ,निर्माण में तकनीकी पर्यवेक्षण के लिए संस्थाओं का निर्धारण एवं प्रचार प्रसार के लिए सभी कार्य इसी समिति द्वारा निर्धारित किये जायेंगे। सर्व शिक्षा अभियान के संरचना ,संचालन एवं निर्देश के लिए जनपद स्तर की सर्वोच्च समिति होगी। जनपद में ई0जी0एस0/ए0आई0ई0 से सम्बंधित प्रस्तावो का अनुमोदन तथा कार्यक्रम के पूर्ण संचालन का दायित्व भी इसी समिति का होगा।

**जिला बेसिक शिक्षा समितिः -** उ0 प्र0 बेसिक शिक्षा परियोजना परिषद अधिनियम 1972 के अर्न्तगत प्रत्येक जिले में ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला बेसिक शिक्षा समिति निम्नवत गठित है।

1. जिला पंचायत अध्यक्ष — अध्यक्ष
2. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी — सदस्य -सचिव
3. अपर जिला मजिस्ट्रेट (नियोजन) — पदेन -सदस्य
4. जिला समाज कल्याण अधिकारी — पदेन -सदस्य
5. जिला विद्यालय निरीक्षक — पदेन-सदस्य
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (महिला) — पदेन-सदस्य
   यदि काई हो और उनकी अनुपस्थिति में विद्यालय उपनिरीक्षक
7. तीन व्यक्ति ,जो जिला पंचायत के सदस्य में से राज्य सरकार द्वारा नामित होंगे। — सदस्य

1. विद्यालय उपनिरीक्षक (पदेन) — सदस्य
   जो समिति का सहायक सचिव होगा।

जिला बेसिक शिक्षा समिति ,परिषद अधीक्षण एवं निर्देशों के अधीन रहते हुए निम्नलिखित कार्यों का सम्पादन करेगी।

क) जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बेसिक विघालयों का प्रशासन करना।

ख) नये बेसिक स्कूल स्थापित करना।

ग) ऐसे बेसिक स्कूल के विकास ,प्रसार -सुधार के लिए योजनाये तैयार करना।

उपरोक्त समिति नये स्कूलों तथा असेवित क्षेत्रों में स्कूली शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु विघालय के लिये स्थल चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करेगी।

## प्रशासनिक तन्त्र -जिला परियोजना कार्यालयः -

जनपद स्तर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपदीय परियोजना अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। राज्य परियोजना समिति तथा जिला परियोजना समिति द्वारा निर्धारित नीति एवं कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन का दायित्व होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद स्तर पर जिला शिक्षा परियोजना समिति के निर्देशन एवं मार्ग दर्शन में कार्यक्रमों का क्रियान्चयन करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की सहायता हेतु जिला परियोजना कार्यालय की स्थापना की जायेगी। जिला परियोजना कार्यालय में निम्नलिखित अधिकारी व कर्मचारी होंगे।

1 जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पदेन जिला परियोजना अधिकारी

2 उप बेसिक शिक्षा अधिकारी - 1 प्रतिनियुक्ति पर

3- समन्वयक - 4 प्रतिनियुक्ति अथवा नियत वेतन पर

4 सलाहकार - 2 रू010000/-नियत वेतन पर प्रतिपद

5 ई0 एम0 आई0 एस0 अधिकारी - 1 रू0 10000/- नियत वेतन पर

6 कम्प्यूटर आपरेटर/सांख्यिकी सहायक-3 रू0 7000/-नियत वेतन पर

7 सहायक लेखाधिकारी - 1 प्रतिनियुक्ति पर

8 लिपिक - 1 नियत मानदेय के आधार पर

9 परिचारक - 1 नियत मानदेय के आधार पर

उ0 प्र0 के सभी के लिए परियोजना के सस्टे निबिलिटी प्लान के अन्तर्गत को भी पद उपरोक्त में से सृजित नहीं है। उपरोक्त सभी अधिकारी/कर्मचारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/ जिला परियोजना अधिकारी के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे। परियोजना कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के प्रति उत्तरदायी होगी। जनपद में कार्यरत सभी उप बेसिक शिक्षा अधिकारी पदेन उप जिला परियोजना अधिकारी होगें। अपने क्षेत्र से सम्बन्धित सभी प्रकार के परियोजना कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी होगें।

उपरोक्त स्टाफ के अतिरिक्त, अन्य उप बेसिक शिक्षा अधिकारी/सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी / प्रति उप विद्यालय निरीक्षक तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के सहायक स्टाफ का दायित्व होगा कि वे सर्व शिक्षा अभियान का कार्य अपने सरकारी कर्तव्य की तरह करेंगे। परियोजना के क्रियान्वयन हेतु पूर्ण लिपिकीय समर्थन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कर्मियों द्वारा प्रदान किया जायेगा।

**निर्माण कार्य के तकनीकी पर्यवेक्षण की व्यवस्था** :- सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत होने वाले निर्माण कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु तकनीकी पर्यवेक्षण की व्यवस्था ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा अथवा लघु सिंचाई विभाग के अभियन्ताओं से की जायेगी, जिसके लिए मानदेय सर्व शिक्षा अभियान से दिया जायेगा। मानदेय की दर जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अनुसार हो प्राथमिक विद्यालय भवन हेतु रू0 1000/- अतिरिक्त कक्ष रू0 500/- तथा प्रति शौचालय हेतु रू0 200 की दर अनुमन्य होगी । प्राथमिक विद्यालय भवन के साथ शौचालय के निर्माण के तकनीकि पर्यवेक्षण हेतु अलग से मानदेय नहीं दिया जायेगा। विद्यालय भवन में ही सम्मिलित माना जायेगा। तीन वर्ष बाद मानदेय की दर में संशोधन का प्राविधान रखा जायेगा। अभियन्ताओं के मानदेय की राशि का भुगतान कार्य संतोषजनक होने पर जिलाधिकारी महोदय की अनुमति के उपरान्त जिला परियोजना कार्यालय द्वारा किया जायेगा।

**शैक्षिक प्रबन्धन सूचना प्रणाली** :- बेसिक शिक्षा परियोजना जनपद में पूर्व से ही ई0 एम0आई0एस0 द्वारा कैप्चर प्रणाली व प्राथमिक स्तर का डायस साफ्टवेयर स्थापित है तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर भी उपलब्ध है। वर्ष 1999 - 2000 से वर्ष 2000 - 20001 तब के शैक्षिक आंकड़े उपलब्ध है। उच्च प्राथमिक स्तर के लिए साफ्टवेयर डाटा वेस तथा आवश्यकतानुसार कम्प्यूटर हार्डवेयर को उच्चीकृत कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके अतिरिक्त जनपद में अनौपचारिक शिक्षा के अर्न्तगत एक कम्प्यूटर उपलब्ध है उससे शिक्षा गारण्टी योजना, वैकल्पिक शिक्षा योजना तथा नवाचार शिक्षा योजना सम्बन्धी गतिविधयां का अनुश्रवण, आंकड़ो का संकलन एवं विश्लेषण किया जायेगा, इन दोनो कम्प्यूटर सिस्टम को संकलित कर एक अध्यावाधिक एवं उपयुक्त ई0 एम0 आई0 एस0 तथा प्रोजेक्ट मानिटरिंग यूनिट उपलब्ध हो सकेगा।

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर को औपचारिक शिक्षा एवं वैकल्पिक/नवाचार शिक्षा योजना की प्रति वर्ष शैक्षिक सांख्यिकी के व्यापक कार्य को सम्पादित करने के लिए स्थापित कम्प्यूटर गाईड ई0 एम0 आई0 एस0 के संचालनार्थ एक

ई0 एम0 आई0 एस0 अधिकारी एवं तीन कम्प्यूटर आपरेटर्स/सांख्यिकी सहायक रखे जायेंगे। जिससे इस प्रकार की व्यवस्था स्थापित हो सके और जिला परियोजना कार्यालय अपने स्तर पर ही ई0 एम0 आई0 एस0 के विभिन्न महत्वपूर्ण इण्डीकेटर्स पर रिर्पोट तैयार कर सके। वस्तुतः जिला परियोजना कार्यालय विभिन्न शैक्षिक आंकड़ो के एक संसाधन के रूप में विकसित हो सकेगा, जिसका उपयोग शैक्षिक नियोजन एवं अनुश्रवण में अधिक से अधिक किया जायेगा।

## ई0 एम0 आई0 एस0 अधिकारी के कार्य एवं दायित्व :-

1. विघालयों हेतु सांख्यिकी प्रपत्रों का मुद्रण एवं वितरण कराना।
2. समय से फील्ड स्टाफ का प्रशिक्षण आयोजित कराना।
3. माह अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में विघालय से भरे हुए प्रपत्रों का एकत्रीकरण कराना।
4. भरे हुए प्रपत्रों की सैम्पुल चेकिंग सम्पादित कराना तथा यदि कोई हो, अभिलिखित करना।
5. समय बद्ध रूप से दिसम्बर के अन्त तक डाटा एन्ट्री पूर्ण कराना तथा रिर्पोट तैयार कराकर राज्य परियोजना कार्यालय को भेजना।
6. न्याय पंचायत वार व विकास खण्डवार जनपद की ई0 एम0 आई0 एस0 रिपोर्ट का विश्लेषण तैयार करना तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य डायट, जिला समन्वयको तथा सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध कराना।
7. सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना कार्यालय में सभी प्रकार की शैक्षिक सांख्यिकी के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करना तथ राज्य स्तरीय बैठको/कार्यशालाओं में प्रतिभाग करना।
8. माइक्रोप्लानिंग डाटा का कम्प्यूटरीकरण, विश्लेषण तथा रिर्पोट तैयार कर सभी सम्बन्धित को प्रस्तुत / प्रेषित करना ।
9. **प्रशिक्षण** :-विघालय सांख्यिकी सम्बन्धी कार्य हेतु कम्प्यूटर आपरेटर, प्रधानाध्यापक, संकुल प्रभारी, बी0 आर0 सी0 समन्वयक, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। जिसमें उन्हे ई0 एम0 आई0 एस0 सम्बन्धी प्रपत्र भरने, संकलन, विश्लेषण आदि की जानकारी दी जायेगी। इसके अतिरिक्त विघालय सम्बन्धी आकड़ो के दो प्रतिशत सेम्पल चेकिंग के लिए फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे आकड़ो के शुद्धता की जांच हो सके।

**ई0 एम0 आई0 एस0 का प्रशिक्षण (जनपद स्तर पर)** :-यह प्रशिक्षण दो दिवसीय होगा और इसमें जिला परियोजना अधिकारी, सभी समन्वयक, कम्प्यूटर स्टाफ, लेखा स्टाफ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

**ई0 एम0 आई0 एस0 का प्रशिक्षण (ब्लाक स्तर पर)** :- यह प्रशिक्षण दो दिवसीय होगा और इसमें सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रति उप विद्यालय निरीक्षक तथा बी0 आर0 सी0 समन्वयक/ सह समन्वयक आदि प्रतिभाग करेंगे।

**ई0 एम0 आई0 एस0 का प्रशिक्षण (न्याय पंचायत स्तर)** :- यह प्रशिक्षण दो दिवसीय होगा। इसमे एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयक तथा सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक प्रतिभाग करेंगे।

**ई0 एम0 आई0 एस0 प्रशिक्षण (प्रोजेक्ट मैनेजमेण्ट स्तर)** :-एस0 पी0 ओ0 / सीमेट द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण एक सप्ताह का होगा। इसमें डी0 पी0 ओ0 तथा बी0 आर0 सी0 के कम्प्यूटर आपरेटर प्रतिभाग करेंगें।

**आंकड़ो का उपयोग** :- ई0 एम0 आई0 एस0 आकडों के विश्लेषण से महत्वपूर्ण इण्डीकेटर्स जैसे जी0 ई0 आर0, एन0 ई0 आर0, ड्रापआउट दर, रिप्टीशन दर, छात्र-अध्यापक अनुपात, कक्षा कक्ष अनुपात एकल अध्यापकीय विद्यालय आदि प्रति वर्ष प्राप्त होंगे। इन इण्डीकेटर्स का उपयोग डिसीजन सपोर्ट सिस्टम में किया जायेगा ताकि बार - बार सूचनाओं के एकत्रीकरण से समय की बचत हो सके। माइक्रोप्लानिंग से प्राप्त आकड़ो तथा ई0 एम0 आई0 एस0 से प्राप्त आकड़ो का मिलान व विश्लेषण किया जायेगा तथा तदनुसार कार्य योजना में वांछित कार्यक्रमों का समावेश संसोधन अभीष्ट होगा। ई0 एम0 आई0 एस0 एवं माइक्रोप्लानिंग से प्राप्त आकड़ो का उपयोग निम्न कार्यों हेतु किया जोयगा।

1- नवीन विद्यालयों हेतु असेवित बस्तियों की पहचान।

2- शिक्षा गारण्टी केन्द्र हेतु असेवित बस्तियों की पहचान तथा जनसंख्या के आधार पर बस्तियों की प्राथमिकता का निर्धारण करना।

3- छात्र संख्या की वृद्धि के फलस्वरूप अतिरिक्त कक्षा कक्ष की आवश्यकता की पहचान।

4- एकल अध्यापकीय विद्यालयों का चिन्हीकरण।

5- छात्र अध्यापक अनुपात के आधार पर शिक्षा मित्रों की नियुक्ति की आवश्यकता वाले विद्यालयों की पहचान।

6- बालिकाओं के कम नामांकन वाले विद्यालयों व न्याय पंचायत का चिन्हीकरण।

7- निः शुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण लाभार्थियों की संख्या का आकलन।

8- अवस्थापना सम्बन्धी मांग का आकलन व निर्धारण।

9- शिक्षको का विवरणं

10- विभिन्न स्तरो पर विद्यालय निरीक्षण का रोस्टर।

11- विकलांगता वार आंकड़ो के अनुसार उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना।

**<u>जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान</u>** :- जनपद में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एक शीर्षस्य अकादमिक संस्था है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा डी0पी0ई0 पी0 के अर्न्तगत शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने उनके विषय वस्तु ज्ञान में अभिवृद्धि शिक्षण कौशलों में अपेक्षित बदलाव लाने के लिए बहु आयामी रणनीति अपनाई गई है। सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत शिक्षा के सार्वजनीकरण लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से डायट द्वारा विस्तृत रणनीति बनाकर क्रियान्वयन किया जायेगा।

<u>जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के कार्य एवं दायित्व निम्नवत है</u> :

1- जनपद में सेवारत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक अध्यापकों का प्राशिक्षण आयोजित करना।

2- राज्य एंव राष्ट्र ीय स्तर के प्रमुख संस्थानो से सम्पर्क स्थापित करना तथा शिक्षा के अभिनव कार्यक्रमों और अनुसंधानो तथा अल्प कालिक शोध कार्यो के लिए डायट स्टाफ की क्षमता का विकास करना।

3- ब्लाक स्तर के सन्दर्भ व्यक्तियों को प्रशिक्षित करना तथा परियोजना द्वारा निर्धारित शैक्षिक कार्यक्रमों, शिक्षण विधियों और लक्ष्यों से अवगत कराना।

4- जिले स्तर की प्रारम्भिक शिक्षा की समस्याओं के निदान एवं उपचार के लिए शोध कार्य करना और उसके परिणामों / निष्कर्षो की जानकारी सर्व सम्बन्धित को उपलब्ध कराना ताकि आवश्यक उपाय किया जा सके।

5- जिले के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का अकादमिक निरीक्षण करना, परिणामों का विश्लेषण करना तथा आवश्यकतानुसार अध्यापकों का सहयोग प्रदान करना।

6- ब्लाक संसाधन केन्द्रो के समस्त शैक्षिक क्रिया कलापों का निर्देशन एवं नियन्त्रण करना।

7- जिले स्तर पर अन्य विभागों एवं अधिकारियों से समन्वय स्थापित करना तथा शैक्षिक कार्यों में नियोजन करना।

8- जनपद स्तर पर अकादमिक संसाधन समूह का गठन करना।

9- न्यूनतम अधिगम स्तर सुनिश्चित करना एवं इसके लिए बेस लाइन सर्वे करवाना।

10- बेसिक शिक्षा के लिए नवाचार कार्यक्रम विकसित करना।

11- शैक्षिक आकड़ों का विश्लेषण करना तथा नियोजन में उपयोग हेतु सम्बन्धित अभिकर्मियों को प्रशिक्षण देना।

12- शिक्षकों, समन्वयकों, ई0 सी0 सी0 ई0 कार्यकात्रियो तथा वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो के अनुदेशकों , शिक्षामित्रों, विघाकेन्द्रों के आचार्यो, ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों , निरीक्षण अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित कराना।

## <u>वित्तीय प्राविधान</u> :-

सर्व शिक्षा अभियान् हेतु जनपद का पर्सपेक्टिव प्लान (2001-2010) सीमेन्ट व राज्य परियोजना कार्यालय, उ0प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजंना, लखनऊ के दिशा निर्देश में तैयार करने के उपरान्त् भारत सरकार द्वारा इसका अनुमोदन राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा लिया जायेगा। अनुमोदन उपरान्त् जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम की तरह प्रत्येक वर्ष हर जनपद अपनी वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का निर्माण करेगा। सीमेट के अप्रेजल तथा राज्य परियोजना कार्यालय के अनुमोदन उपरान्त् राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्रति वर्ष प्रत्येक जनपद को बजट के अनुसार धन जिला परियोजना कार्यालय तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भी अलग-अलग कार्ययोजना एवं बजट के अनुसार करायी जायेगी। निर्माण कार्यो, सामुदायिक गतिशीलता, वैकल्पिक शिक्षा तथा अन्य कार्यक्रमों के लिए धनराशि जिला परियोजना कार्यालय द्वारा सम्बन्धित कार्यदायिक संस्था को जैसे वी0आर0 सी0, एन0 पी0 आर0 सी0, ग्राम शिक्षा समिति, स्वंय सेवी संस्थाओं, विघालयों व अध्यापकों की हस्तारित की जायेगी।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम की तरह सर्वशिक्षा अभियान में भी उ0 प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा निर्गत वित्तीय संदर्शिका में निहित नियमों व निर्देशों के अनुरूप ही प्रत्येक स्तर पर व्यय किया जायेगा। पूर्व की तरह ही जिलाधिकारी महोदय अध्यक्ष तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदय उपाध्यक्ष के रूप में जिला शिक्षा एवं परियोजना समिति के सदस्य होगें। 5000रू0 से अधिक का व्यय जिलाधिकारी महोदय की अनुमति से किया जायेगा। जनपद स्तर पर सर्व शिक्षा

अभियान का अलग बैंक खाता होगा। जिसका संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा लेखाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। डायर का खाता भी प्राचार्य तथा डायर में लेखा सम्बधी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। इसी वी0 आर0 सी0, एन0 पी0 आर0 सी0 तथा ग्राम शिक्षा समिति का खाता भी सयुक्त रूप से राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्धारित नियमों एवं शासनादेश के अनुरूप किया जायेगा। सर्व शिक्षा अभियान की रूप रेखा में संसाधन की आवश्कता पड़ने पर राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा किया जायेगा। लेखा जेखा तथा वित्तीय प्रबन्धन व नियमों की जानकारी हेतु पहले वर्ष सम्बन्धित को प्रशिक्षण दिया जायेगा प्रतिमाह डायर तथा जिला परियोजना कार्यालय द्वारा मासिक व्यय विवरण राज्य परियोजना की मासिक बैठक में उपलब्ध कराया जायेगा।

<u>आडिट व्यवस्था</u> :-

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत जनपदो के लेखे जोखे की आडिट उ0 प्र0 परियोजना परियोजना परिषद द्वारा नियुक्त चार्टर्ड एवं एकाउन्टेण्ट द्वारा किया जा रहा है। इसी प्रकार सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत भी परियोजना परिषद द्वारा नियुक्त चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट द्वारा प्रतिवर्ष किया जायेगा। उ0 प्र0 महालेखाकार इलाहाबाद द्वारा राज्य/भारत सरकार के नियमों के अर्न्तगत किये गये व्यय का आडिट भी प्रति वर्ष किया जायेगा।

पूर्व की भॉति प्रति माह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उप बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों , जिला समन्वयकों, प्रति उप विद्यालय निरीक्षणों तथा वी0 आर0 सी0 समन्वयकों एवं प्राचार्य डायट द्वारा वी0 आर0 सी0 समन्वयकों की बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें योजना कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लक्ष्य एवं उद्देश्यों के अनुरूप सफलतम बनाने हेतु फीड बैंक प्राप्त किया जायेगा। राज्य स्तरीय निर्देश की आवश्यकता पड़ने पर बैठक में चर्चा की जायेगी। प्रत्येक माह जनपद की पी0एम0आई0एस0 रिपोर्ट कम्प्यूटर द्वारा तैयार करयी जायेगी। निष्कर्षों के आधार पर कार्यक्रमों के क्रियान्वयन व अनुश्रवण में संशोधन राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा किया जायेगा। विगत् वर्ष की अनुभूत कठिनाइयों, ई0 एम0 आई0 एस0 से प्राप्त सूचको के आधार पर अग्रिम वर्ष हेतु कार्यक्रमों का प्रस्ताव किया जायेगा। कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु समय-समय पर पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।

# नेशनल प्रोग्राम फार द एजूकेशन आफ गर्ल्स ऐट द एलीमेण्ट्री लेवल (एन0पी0ई0जी0ई0एल0) कार्यक्रम

